Page 11



खेल

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 09



देश


**चहल ने तोड़ा जडेजा का आईपीएल रिकॉर्ड, प्रियांश ने सिक्स से खाता खोला**

**बंगाल चुनाव : बड़े चेहरे के भरोसे खाता खोलने की कोशिश में कांग्रेस, उत्तर मालदा-दिनाजपुर...**


कृष्ण पक्ष, हस्त, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • गुरूवार • 02 अप्रैल 2026 • वर्ष 28 • अंक 120 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 1,38,850 | ₹ 2,55,000 |

## आज का इतिहास

**2011 : भारतीय क्रिकेट टीम ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में आयोजित फाइनल मुकाबले में श्रीलंका को हराकर आईसीसी विश्व कप 2011 का खिताब जीता।**

**1984 : जहाज सोयूज टी -11, राकेश शर्मा अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय बने।**

## न्यूज बाइट्स

### नालंदा भगदड़ मामला: 20 लोगों पर एफआईआर, 4 पुजारी गिरफ्तार, 5 पुलिसकर्मी सस्पेंड

**नालंदा (नि.सं.)।** बिहारशरीफ स्थित शीतला माता मंदिर में हुई दर्दनाक भगदड़ के बाद प्रशासन ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। इस घटना में 9 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें 8 महिलाएं शामिल हैं। हादसे के बाद पुलिस ने अब तक 20 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की है, जबकि मंदिर से जुड़े 4 पुजारियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की जांच अभी भी जारी है और हर पहलू को ध्यान में रखते हुए कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार किए गए पुजारियों की पहचान अनुज कुमार पांडे, अवधेश कुमार मिश्रा, विवेकानंद पांडे और निरंजन कुमार पांडे के रूप में हुई है।

### 94 हजार टन एलपीजी लेकर दो जहाज पहुंचे भारत

**नई दिल्ली (ए.)।** मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच भारत के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। संयुक्त अरब अमीरात से रसोई गैस (एलपीजी) लेकर आए दो बड़े टैंकर सुरक्षित रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर भारत पहुंच गए हैं। पहला जहाज बीडब्ल्यू टीवाईआर 31 मार्च को मुंबई पहुंचा, जबकि दूसरा टैंकर बीडब्ल्यू ईएलएम एक अप्रैल को न्यू मैंगलोर के पास पहुंच गया। इन दोनों जहाजों में कुल मिलाकर करीब 94,000 टन एलपीजी और 50 से अधिक भारतीय नाविक सवार थे। सरकारी सूत्रों के अनुसार, अब तक कुल 8 भारतीय जहाज सुरक्षित रूप से होर्मुज स्ट्रेट पार कर चुके हैं।

नीतीश कुमार ने वाल्मी परिसर, पटना स्थित बिपार्ड स्किल पार्क के दक्षता भवन का किया निरीक्षण

# बिपार्ड-आईआरएफसी देगा युवाओं को कौशल प्रशिक्षण : मुख्यमंत्री

- सीएम ने दिए दिशा-निर्देश, युवाओं को प्रशिक्षण पर दिया जोर

राज्य के युवाओं को बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (बिपार्ड) और भारतीय रेल वित्त निगम (आईआरएफसी) रोजगार संबंधी कौशल प्रशिक्षण देंगे। इसके लिए आईआरएफसी सीएसआर फंड से 10 करोड़ रुपये का सहयोग देगा। आईआरएफसी रेल मंत्रालय के तहत एक नवरत्न सार्वजनिक उपक्रम है। सोमवार को दोनों संस्थानों ने इस दिशा में एक महत्वपूर्ण साझेदारी की शुरुआत की। पुराना सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में दोनों संस्थानों के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ। इस सहयोग का उद्देश्य बिहार के वंचित वर्ग के युवाओं को रोजगार-उन्मुख एवं वैश्विक मानकों के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है। सामान्य प्रशासन विभाग ने बताया कि इस पहल के तहत युवाओं को एसएपी ईआरपी, सीसीएनए नेटवर्किंग जैसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त कोर्सों के साथ विदेशी भाषा एवं संचार कौशल का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

जिससे उन्हें भारत ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी रोजगार के अवसर प्राप्त हो सके। बिपार्ड स्किल पार्क ने अपनी स्थापना छह उद्योग-आधारित कोर्सों के साथ की थी। एसएपी सर्टिफिकेशन, सीसीएनए नेटवर्किंग, जेरियाट्रिक केयरगिवर, फैशन डिजाइन, कमीस (शेफ) और बेकिंग टेक्नीशियन इनमें शामिल हैं। 14 अप्रैल 2025 को इन कार्यक्रमों की शुरुआत के बाद से ही स्किल पार्क ने काफी प्रगति की है। इसमें अब तक 585 उम्मीदवार नामांकित हुए हैं, जिनमें 515 ने प्रशिक्षण पूरा कर लिया है और 98 युवाओं को रोजगार मिल चुका है। आईआरएफसी के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि यह साझेदारी बिहार में भविष्य की आवश्यकता के अनुरूप कुशल कार्यबल तैयार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है, जो राज्य की 2047 तक वैश्विक प्रतिस्पर्धी टैलेंट पुल बनाने की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। बिपार्ड के महानिदेशक डॉ. बी. राजेन्दर ने आईआरएफसी के सहयोग के प्रति आभार जताया और कहा कि इस समर्थन से प्रशिक्षण सुविधाएं और सुदृढ़ होंगी। प्लेसमेंट में वृद्धि होगी तथा अधिक से अधिक युवाओं को स्किल पार्क से जोड़ना संभव होगा।



**प्रशिक्षुओं से सीएम ने की बातचीत**

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कक्षाओं में पढ़ रहे प्रशिक्षुओं से बातचीत की और उन्हें मन लगाकर प्रशिक्षण लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने के लिए लगातार प्रयासरत है और कौशल विकास के जरिए उन्हें आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया जा रहा है।

### अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को दी जानकारी

अधिकारियों के अनुसार, अब तक 667 युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है, जिनमें से 204 को देश-विदेश में रोजगार के अवसर मिले हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रशिक्षण की गुणवत्ता और सुविधाओं में लगातार सुधार सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक युवाओं को लाभ मिल सके।

बिहार में खनन सेक्टर में नए निवेश के अवसर

# 3592 करोड़ रूपए का राजस्व हुआ प्राप्त रोहतास-बांका में ब्लॉक नीलामी की तैयारी

- 78 घाट संचालकों ने सरेंडर किए, करीब 600 करोड़ का नुकसान
- सरेंडर करने वालों को भविष्य में टेंडर से बाहर किया जाएगा
- बिहारी योद्धा पुरस्कार" के तहत 96 लोगों को सम्मान
- अवैध खनन रोकने में जनभागीदारी बढ़ी

### खनन में पारदर्शिता के लिए डिजिटल सिस्टम लागू



खनन व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए सरकार ने डिजिटल सिस्टम को लागू किया है। अब खनिज परिवहन के लिए ई-चालान सॉफ्टवेयर अनिवार्य कर दिया गया है, लाइसेंस प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन कर दी गई है और बालू से जुड़ी सभी प्रक्रियाएं डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाई गई हैं। इसके साथ ही "बिहारी योद्धा पुरस्कार" के तहत अवैध खनन की सूचना देने वाले 96 लोगों को सम्मानित भी किया गया है, जिससे जनभागीदारी को बढ़ावा मिला है।

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार में खनन क्षेत्र को लेकर सरकार ने बड़ा दावा करते हुए इसे "भय आधारित व्यवस्था" से "राजस्व आधारित प्रणाली" में बदलने की बात कही है। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने प्रेसवार्ता में बताया कि राज्य में खनन व्यवस्था में पारदर्शिता और सख्ती लाने के कारण राजस्व में ऐतिहासिक बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

उन्होंने जानकारी दी कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के समाप्त होने पर राज्य को कुल 3592 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जिसे अब तक का रिकॉर्ड बताया जा रहा है। इस उपलब्धि में राज्य के 21 जिलों ने 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सरकार का दावा है कि पहले खनन विभाग पर बाहुबलियों का प्रभाव रहता था, लेकिन अब व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण और पारदर्शिता में है। अवैध खनन पर कार्रवाई को लेकर भी सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। राज्य में फिलहाल 473 बालू घाट संचालित हैं, जबकि 78 घाटों को संचालकों ने सरेंडर कर दिया है। अधिकारियों के अनुसार, इन घाटों को अधिक बोली लगाकर अवैध खनन के उद्देश्य से लिया गया था, लेकिन सख्ती बढ़ने के बाद संचालकों को इन्हें छोड़ना पड़ा। इससे लगभग 600 करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ, हालांकि सरकार ने स्पष्ट किया है कि ऐसे संचालकों को भविष्य में किसी भी टेंडर प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

सरकार ने खनन क्षेत्र में निवेश बढ़ाने के लिए नई नीलामी प्रक्रिया की भी घोषणा की है। रोहतास जिले में तीन खनिज ब्लॉकों की नीलामी की जाएगी, जिसके लिए 25 मई तक टेंडर जमा करने की अंतिम तिथि तय की गई है। वहीं बांका जिले में कॉपर, लेड और जिंक के खनिज ब्लॉकों की नीलामी की तैयारी की जा रही है, जिससे राज्य में औद्योगिक गतिविधियों को गति मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा सरकार ने बाहरी राज्यों से खनिज लाने पर भी सख्त नियम लागू किए हैं। अब ऐसे वाहनों के लिए ट्रांजिट पास अनिवार्य कर दिया गया है और नियमों के उल्लंघन पर 25 गुना तक जुर्माना लगाने का प्रावधान किया गया है।

पत्थर खनन को व्यवस्थित करने के लिए भी सरकार ने 30 स्थानों का चयन किया है, जहां नई नीति के तहत खनन प्रक्रिया को नियंत्रित और सुव्यवस्थित किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इन सभी कदमों से न केवल राज्य के राजस्व में वृद्धि होगी, बल्कि अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित कर पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित की जा सकेगी।

## बियाडा एमनेस्टी पॉलिसी की अवधि बढ़ाने के फैसले का बीआईए ने किया स्वागत

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (बीआईए) ने बियाडा एमनेस्टी पॉलिसी 2025 की अवधि को 30 जून 2026 तक बढ़ाए जाने के निर्णय का स्वागत किया है। एसोसिएशन का मानना है कि इस फैसले से राज्य में औद्योगिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी और निवेश का माहौल और बेहतर होगा। बीआईए के अध्यक्ष रामलाल खेतान ने इस निर्णय को सराहनीय बताते हुए कहा कि इससे उद्योगों को राहत मिलेगी और रोजगार सृजन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने राज्य के उद्योग मंत्री, उद्योग विभाग के सचिव तथा बियाडा के प्रबंध निदेशक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कदम उद्यमियों के हित में है और इससे औद्योगिक विकास को मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि एमनेस्टी पॉलिसी की अवधि बढ़ने से उन उद्यमियों को एक और मौका मिलेगा, जो किसी कारणवश पहले निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन नहीं कर सके थे और योजना के लाभ से वंचित रह गए थे। अब वे विस्तारित अवधि के दौरान आवेदन कर इस नीति का लाभ उठा सकते हैं।

बीआईए ने सभी पात्र आवंटियों और इच्छुक उद्यमियों से अपील की है कि वे इस अवसर का अधिकतम उपयोग करें और समय रहते सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी करें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। एसोसिएशन का मानना है कि ऐसे सकारात्मक निर्णय न केवल निवेश को प्रोत्साहित करेंगे, बल्कि राज्य में उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार कर बिहार को औद्योगिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### 10 अप्रैल तक साफ हो सकती है नए मुख्यमंत्री की तस्वीर

**पटना (नि.सं.)।** बिहार की राजनीति इन दिनों एक बड़े सवाल के इर्द-गिर्द घूम रही है नीतीश कुमार के बाद राज्य की कमान किसके हाथ में होगी। इसी बीच भाजपा सांसद और भोजपुरी अभिनेता मनोज तिवारी के एक बयान ने सियासी हलचल को और तेज कर दिया है। उन्होंने संकेत दिया है कि 10 अप्रैल तक स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकती है, जिसके बाद बिहार में नेतृत्व परिवर्तन की तस्वीर सामने आ सकती है। दिल्ली से बिहार दौरे पर पहुंचे मनोज तिवारी ने कहा कि फिलहाल नए मुख्यमंत्री के नाम पर कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी, लेकिन 10 तारीख तक सब कुछ साफ हो जाएगा।

## 218 तक महंगा हुआ कॉमर्शियल सिलेंडर

**नई दिल्ली(ए.)।** नए वित्त वर्ष की शुरुआत आम लोगों के लिए महंगाई के झटके के साथ हुई है। एक अप्रैल से कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में 218 रुपये तक की बढ़ोतरी कर दी गई है। सरकारी तेल कंपनियों के इस फैसले का सीधा असर होटल, रेस्टोरेंट और छोटे कारोबारियों पर पड़ेगा, जिससे खाने-पीने की चीजों के दाम बढ़ने की संभावना है। कॉमर्शियल सिलेंडर महंगा होने से रेस्टोरेंट मालिकों की लागत बढ़ जाएगी, जिसका असर ग्राहकों पर भी पड़ेगा। आने वाले दिनों में चाय, नाश्ता और थाली महंगी हो सकती है, वहीं शादी-ब्याह में कैटरिंग का खर्च भी बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। इसके साथ ही रेलवे यात्रियों के लिए भी बड़ा बदलाव लागू हुआ है। अब यात्री ट्रेन छूटने से केवल 8 घंटे पहले तक ही टिकट कैंसिल कर सकेंगे। इस नए नियम से अंतिम समय में यात्रा योजना बदलने वाले लोगों को परेशानी हो सकती है। टोल टैक्स और फास्टैग से जुड़े नियम भी सख्त किए गए हैं। अब बिना वैध फास्टैग या गलत फास्टैग के इस्तेमाल पर वाहन चालकों को दोगुना टोल देना पड़ सकता है।


बिहार में स्मार्ट मीटर से बिजली उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं के लिए अब नई व्यवस्था

# बिहार में स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए नई बिजली दरें लागू

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार में स्मार्ट मीटर से बिजली उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं के लिए अब नई व्यवस्था लागू कर दी गई है, जिसके तहत बिजली की दरें समय के अनुसार तय होंगी। इस प्रणाली को "टाइम ऑफ डे टैरिफ" कहा जा रहा है, जिसमें दिन के अलग-अलग समय पर बिजली की कीमत अलग-अलग होगी। इसका उद्देश्य उपभोक्ताओं को कम भीड़ वाले समय में बिजली उपयोग के लिए प्रोत्साहित करना और उन्हें बिल में राहत देना है। इस नई व्यवस्था के तहत सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली सबसे सस्ती होगी। इस अवधि में बिजली की मूल दर 5 रुपये 56 पैसे प्रति यूनिट निर्धारित की गई है, जिस पर सरकार की ओर से 3 रुपये 30 पैसे प्रति यूनिट का अनुदान दिया जाएगा। इससे उपभोक्ताओं को वास्तविक रूप से केवल 2 रुपये 88 पैसे प्रति यूनिट भुगतान करना होगा, जो दिन का सबसे कम दर है। ऐसे में यदि उपभोक्ता अपने अधिकतर बिजली उपकरण इसी समय उपयोग करते हैं, तो उन्हें अधिकतम बचत का लाभ मिल सकता है। वहीं, शाम 5 बजे से रात 11 बजे तक के समय को पीक आवर माना गया है, जब बिजली की मांग सबसे अधिक रहती है। इस दौरान 125 यूनिट से अधिक खपत करने वाले उपभोक्ताओं के लिए दर 7 रुपये 91 पैसे प्रति यूनिट तय की गई है। हालांकि, इसमें भी 3 रुपये 30 पैसे का अनुदान मिलने के बाद उपभोक्ताओं को 4 रुपये 61 पैसे प्रति यूनिट भुगतान करना होगा। इसके बावजूद यह समय अपेक्षाकृत महंगा माना जाएगा, इसलिए इस दौरान कम से कम बिजली उपयोग करने की सलाह दी गई है।

रात 11 बजे से सुबह 9 बजे तक की अवधि को ऑफ-पीक आवर माना गया है। इस समय बिजली की दर 7 रुपये 12 पैसे प्रति यूनिट है, जिसमें अनुदान के बाद उपभोक्ताओं को 3 रुपये 87 पैसे प्रति यूनिट भुगतान करना होगा। इस अवधि में भी अच्छी बचत संभव है, खासकर उन उपभोक्ताओं के लिए जो रात के समय बिजली का उपयोग अधिक करते हैं।




**नई व्यवस्था का उद्देश्य**

नई व्यवस्था का उद्देश्य बिजली खपत को संतुलित करना और पीक आवर के दौरान लोड कम करना है। साथ ही उपभोक्ताओं को दिन के समय अधिक बिजली उपयोग के लिए प्रोत्साहित करना भी है, ताकि बिजली व्यवस्था पर दबाव कम हो सके। बिजली विभाग के अनुसार, यह नियम फिलहाल केवल स्मार्ट मीटर वाले घरेलू उपभोक्ताओं पर लागू किया गया है और नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत से प्रभावी हो गया है। इससे पहले, उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट आठ रुपये 70 पैसे की दर से बिल मिलता था, जिसमें तीन रुपये 43 पैसे का अनुदान मिलने के बाद उन्हें पांच रुपये 27 पैसे प्रति यूनिट भुगतान करना पड़ता था। अब नई व्यवस्था के तहत उपभोक्ताओं को समय के अनुसार बिजली उपयोग करने पर अधिक बचत का लाभ मिल सकेगा। विभाग का कहना है कि यदि लोग समझदारी से बिजली का उपयोग करें, तो उनके मासिक बिल में स्पष्ट रूप से कमी लाई जा सकती है।




बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

भगवान परशुराम के नाम से कोई भी संस्थान खुलना देश के लिए ही नहीं विश्व के लिए शुभ है : रजनी कान्त पाण्डेय

काराकाट /रोहतास।भगवान परशुराम के नाम से कोई भी संस्थान खुलना देश के लिए ही नहीं विश्व के लिए शुभ है। भगवान परशुराम उन सात चिरंजीवियों राजा बली, वेद व्यास, भगवान परशुराम, हनुमान, अश्वत्थामा, विभीषण और कृपाचार्य में शामिल हैं जिन्हें सृष्टि के कल्पांत तक चिरंजीवी रहने का वरदान या श्राप है। (अगर हम महर्षि मार्कण्डेय का नाम जोड़ लें तो ये आठ हो जाते हैं और गोपीचंद भर्तृहरि का नाम भी जोड़ लें तो ये दस हो जाते हैं।) पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान परशुराम ने त्रेता युग में भगवान राम को दिव्य धनुष देकर बल बढ़ाया था जिससे रावण का वध संभव हुआ । द्वापर में कृष्ण भगवान को सुदर्शन चक्र दे अधर्म का नाश करने के लिए उन्हें आगे बढ़ाया । भगवान परशुराम भीष्म पितामह, करण और द्रोणाचार्य अर्थात गुरुओं के भी गुरु थे। पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान परशुराम उड़ीसा के महेंद्र गिरी पर्वत पर कलियुग के भगवान कल्कि भगवान की अवतरण की प्रतिक्षा में तपस्यारत हैं जिन्होंने कल्कि भगवान को धर्म की स्थापना के लिए शस्त्र और शास्त्र में प्रशिक्षित करना है। ऐसे भगवान परशुराम के नाम पर दिल्ली के हरेवली गांव में "भगवान परशुराम गुरुकुलम" स्थापना होना शुभ ही कहा जाएगा। आचार्य गंगाराम शास्त्री को इसकी बधाई दी जानी चाहिए। वे बधाई के पात्र हैं।

विश्वस्त सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि उतरी पश्चिमी दिल्ली माननीय सांसद योगेंद्र चंदोलिया और माननीय समाज कल्याण मंत्री रविन्द्राज सिंह जी भी दिल्ली के बवाना क्षेत्र में भगवान परशुराम स्पोर्ट्स कॉम्लेक्स भी बनवाना चाहते हैं। अगर ऐसा हुआ तो ये देश के लिए बहुत बड़ी शुभ शुरुआत होगी। युवाओं में भगवान परशुराम की तरह पराक्रम दिखाने का जज्बा पैदा होगी। बरसों से लोग अन्य महापुरुषों और भगवानों के जन्मदिन की तरह भगवान परशुराम के जन्म दिन जो कि हिंदू सनातन धर्म के सबसे महान दिनों में (बैशाख शुक्ल पक्षीय तृतीया, अक्षयतृतीया अर्थात आखा तीज अर्थात कोई भी शुभ कार्य करने के लिए अबूझ दिन/ अणसौध साहया अर्थात ऐसा दिन जिसे किसी विद्वान पंडित से भी पूछने की जरूरत नहीं) से एक है राजपत्रित अवकाश घोषित होना चाहिए। अबकी बार यह दिन 19 अप्रैल को पड़ रहा है तो मेरी इसी ग्रुप के माध्यम से निवेदन है की इस शुभ दिन पर दिल्ली सरकार को राजपत्रित अवकाश घोषित करना चाहिए।

### गया-बोधगया रोड पर चलती स्कॉर्पियो में आग लगी, गाड़ी जल कर राख, स्थानीय लोगों ने बचाई ड्राइवर की जान



**गया।** गया-बोधगया मुख्य मार्ग पर आज एक चलती महिंद्रा स्कॉर्पियो में आग लग गई। यह घटना मगध मेडिकल थाना क्षेत्र में एम्स हॉस्पिटल गया के पास हुई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में पूरा गाड़ी जलकर राख हो गया। हालांकि, गाड़ी में सवार तीनों लोगों ने किसी तरह बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। स्कॉर्पियो गया शहर से कुछ मेहमानों को लेकर बोधगया स्थित एक होटल की ओर जा रही थी। एम्स के पास पहुंचने पर ड्राइवर को गाड़ी से धुआं निकलते और कुछ गड़बड़ी महसूस हुई। उसने तुरंत वाहन को सड़क किनारे रोका। ड्राइवर ने गाड़ी का दरवाजा खोलने का प्रयास किया, लेकिन शुरुआत में वह नहीं खुला। इसी दौरान गाड़ी में अचानक आग लग गई और तेजी से फैलने लगी, जिससे अंदर बैठे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। काफी मशक्कत के बाद दरवाजा खोला गया और सभी लोग सुरक्षित बाहर निकलने में सफल रहे। जब तक वे पूरी तरह बाहर आते, आग ने पूरे गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया था। घटना के लगभग 10 मिनट बाद दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का काम शुरू किया। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक वाहन पूरी तरह जल चुका था। स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। इस घटना के कारण सड़क पर कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि आसपास के लोग भी दहशत में आ गए थे। राहत की बात यह रही कि कोई जनहानि नहीं हुई और सभी सवार सुरक्षित बच निकले। आग लगने के स्पष्ट कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

### गया में नाबालिग लड़की-युवक लापता, पुलिस ने किया बरामद, परिजनों ने लगाया अपहरण का आरोप

**गया।** गया शहर के चंदौती थाना क्षेत्र के नियाज़ीपुर गांव में आज एक नाबालिग लड़की और युवक लापता हो गया। परिजनों ने इसे अपहरण बताया, लेकिन पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह प्रेम प्रसंग का मामला निकला है। नियाज़ीपुर गांव निवासी किरण मांझी और 15 साल की लड़की के बीच कई साल से प्रेम संबंध था। दोनों एक ही गांव के रहने वाले हैं। दोनों अचानक अपने घरों से लापता हो गए। लड़की के परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और युवक पर अपहरण का आरोप लगाया। लड़की के माता-पिता ने दावा किया कि उनकी बेटी अपनी मर्जी से नहीं गई है। उन्होंने किरण मांझी पर बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया। लड़की की मां के अनुसार, उनकी बेटी सुबह खेत में टॉयलेट के लिए गई थी, तभी युवक ने उसका अपहरण कर लिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने जांच शुरू की और कुछ ही समय में दोनों को बेलागंज थाना क्षेत्र से बरामद कर लिया। बरामदगी के बाद उन्हें आगे की कार्रवाई के लिए चंदौती थाना पुलिस को सौंप दिया गया। चंदौती थाना अध्यक्ष अनिल चौधरी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह प्रेम प्रसंग का मामला प्रतीत होता है। युवक-युवती आपसी सहमति से घर से गए थे। हालांकि, लड़की के नाबालिग होने के कारण मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है। थाने में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। नाबालिग लड़की का बयान कोर्ट में दर्ज कराया जाएगा, जिससे स्पष्ट होगा कि यह प्रेम प्रसंग का मामला है या अपहरण का मामला है।

### नालंदा भगदड़- मंदिर अध्यक्ष, सचिव-कोषाध्यक्ष समेत 20 पर प्राथमिकी दर्ज, पुलिस बोली- हमें सूचना नहीं दी

**नालंदा।** नालंदा में मंगलवार को शीतला माता मंदिर में भगदड़ के बाद 9 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 8 महिलाएं हैं। इनमें ज्यादातर नालंदा की ही रहने वाले हैं। इस हादसे में एक व्यक्ति की भी जान गई है। उसकी पहचान नहीं हो पाई है। इस मामले में पहला बड़ा एक्शन हुआ है। पुलिस ने मंदिर के 4 पुजारियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही दीपनगर थानाध्यक्ष को भी सस्पेंड किया गया है। मंदिर के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष समेत 20 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। गिरफ्तारी पुजारियों की पहचान अनुज कुमार पांडे, अवधेश कुमार मिश्रा, विवेकानंद पांडे, निरंजन कुमार पांडे के रूप में हुई है। बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष प्रोफेसर रणवीर नंदन ने बुधवार को मंदिर का दौरा किया। उन्होंने कहा, ये कहीं न कहीं प्रबंधन के स्तर पर चूक हुई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए मंदिर का पंजीकरण और बेहतर प्रबंधन अनिवार्य है। इधर, इस भगदड़ में 8 महिलाओं की मौत का वीडियो भी सामने आया है। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं जमीन पर पड़ीं दिख रही हैं। लोग उन्हें उठाने की कोशिश कर रहे हैं। इस दौरान कुछ लोग लोगों को आगे धक्का देते दिखाई दे रहे हैं। कुछ महिलाएं बांस की बैरिकेडिंग को पकड़कर बचने की कोशिश कर रही हैं। लोगों के चिल्लाने की आवाज आ रही हैं। लोग कह रहे हैं डरो मत, आओ, हाथ दो। घबराओ मत। अरे उसे पहले बचाओ। घटना दीपनगर थाना क्षेत्र के मघड़ा गांव की है। चैत्र महीने के आखिरी मंगलवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस मंदिर में पहुंचे थे, लेकिन भीड़ को संभालने के लिए पुलिस और प्रशासन का कोई भी नुमाइंदा मौजूद नहीं था। मौके पर मौजूद लोगों के मुताबिक, मंदिर परिसर छोटा था। इसी बीच लोगों में पहले दर्शन करने की होड़ लग गई। लोग कतार में लगने की बजाए धक्का-मुक्की करके आगे बढ़ने लगे। अफरा-तफरी के बीच भीड़ बढ़ती चली गई। इसके बाद भगदड़ की स्थिति बन गई। कई लोग भीड़ के नीचे दब गए। चश्मदीदों के मुताबिक, 6-7 मिनट में जमीन पर लाशें बिछ गईं। किसी की बेटी के सामने मां ने दम तोड़ दिया तो किसी की सहेली को भीड़ कुचलते हुए निकल गई।

# एलपीजी आपूर्ति सामान्य, कालाबाजारी पर सख्ती प्रभारी सचिव बोले- गलत काम को नहीं करेंगे बर्दाश्त

## पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश





सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गया।** गयाजी में आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता, एलपीजी गैस आपूर्ति और आने वाले जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर आज कलेक्ट्रेट में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक हुई। प्रभारी सचिव सह प्रधान सचिव (राजस्व और भूमि सुधार विभाग) श्री सी.के. अनिल ने बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने अधिकारियों को उपभोक्ताओं की सुविधा सुनिश्चित करने और किसी भी अनियमितता पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिला प्रशासन की रिपोर्ट के अनुसार, जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति पूरी तरह से सामान्य है। गया में 72 गैस एजेंसियों के माध्यम से लगभग 7.9 लाख उपभोक्ताओं को नियमित रूप से गैस मिल रही है। रोजाना 13 हजार से अधिक सिलेंडरों का वितरण किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि गैस बुकिंग और डिलीवरी में कोई समस्या नहीं है।

**आपूर्ति पारदर्शी और सुचारू रहनी चाहिए:** प्रभारी सचिव ने व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि एलपीजी की आपूर्ति पारदर्शी और सुचारू रहनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कालाबाजारी, जमाखोरी, ओवरप्राइसिंग या किसी भी अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसी शिकायत मिलने पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर सख्त कार्रवाई करने को कहा गया है। इन गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन लगातार निरीक्षण और छापेमारी कर रहा है। प्रखंड स्तर पर 24 से अधिक धावा दल सक्रिय हैं, जो शिकायत मिलने पर कार्रवाई करते हैं। दोषियों पर आवश्यक सेवा अनुरक्षण अधिनियम (ESMA) और आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत भी कार्रवाई की जा रही है। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए जिला स्तर पर 24x7 नियंत्रण कक्ष (हेल्पलाइन नंबर 0631-2222253) भी संचालित है। सोशल मीडिया पर आने वाली शिकायतों की भी निगरानी कर संबंधित एजेंसियों को भेजा जा रहा है।

**पैनिक बुकिंग से बचने की अपील:** प्रभारी सचिव ने आम जनता से अपील की कि वे पैनिक बुकिंग से बचें और गैस एजेंसियों पर अनावश्यक भीड़ न लगाएं। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता घर बैठे ही गैस बुक कर सकते हैं और सिलेंडर की होम डिलीवरी की व्यवस्था पूरी तरह सुचारू है। बैठक में जनगणना 2027 की तैयारियों और गर्मी को देखते हुए पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश भी दिए गए।

**कालाबाजारी रोकने के लिए सख्त निर्देश दिए:** साथ ही लोगों से अपील की गई कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करें। प्रभारी सचिव ने उर्वरक की कालाबाजारी रोकने के लिए सख्त निर्देश दिए। बॉर्डर क्षेत्रों में विशेष रूप से छापेमारी अभियान चलाने और स्टॉक रजिस्टर की नियमित जांच करने को कहा गया है, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

**गर्मी को देखते हुए पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश:** गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। नल-जल योजनाओं को शीघ्र चालू करने और खराब चापाकलों की मरम्मत 25 अप्रैल तक पूरी करने का लक्ष्य तय किया गया है। प्रशासन की ओर से नियमित रूप से इसकी समीक्षा भी की जाएगी। ऊर्जा संरक्षण के उद्देश्य से सभी सरकारी भवनों में सोलर पैनल लगाने और पूर्व से स्थापित पैनलों को चालू रखने के निर्देश भी दिए गए। अधिकारियों ने बताया कि इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से कराई जाएगी।

## वारसलीगंज में प्रस्तावित चीनी मिल को लेकर गन्ना उद्योग विभाग के एसीएस ने किया भूमि का निरीक्षण

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**नवादा।** के० सेंथिल कुमार, भा.प्र.से., अपर मुख्य सचिव, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना-सह-जिला प्रभारी सचिव, नवादा द्वारा वारसलीगंज प्रखंड अंतर्गत मौजा मकनपुर में प्रस्तावित चीनी मिल स्थापना हेतु चिन्हित भूमि का निरीक्षण किया गया।इस अवसर पर जिला पदाधिकारी, श्री रवि प्रकाश द्वारा संबंधित भूमि के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई।

विदित हो कि प्रशासन द्वारा वारिसलीगंज के मकनपुर में चीनी मिल की स्थापना हेतु 102 एकड़ सरकारी एवं 12 एकड़ निजी भूमि का प्रस्ताव गन्ना उद्योग विभाग को भेजा गया था, जिसके आलोक में अपर मुख्य सचिव द्वारा आज स्थल निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अपर मुख्य सचिव ने कहा कि प्रस्तावित चीनी मिल की स्थापना से क्षेत्र में औद्योगिक विकास को गति मिलेगी तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। साथ ही, किसानों को गन्ना उत्पादन एवं विपणन के लिए बेहतर एवं सुलभ व्यवस्था उपलब्ध होगी, जिससे उनकी आय में वृद्धि सुनिश्चित होगी। उन्होंने शीघ्र ही निवेशकों को स्थल पर भेजने का आश्वासन दिया। साथ ही गन्ना उत्पादन एवं सिंचाई की योजना पर कार्य करने का भी निर्देश दिया गया।

इस अवसर पर अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर, गोपनीय शाखा प्रभारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता नवादा सदर, जिला कृषि पदाधिकारी सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## वाहन चेकिंग में थार से देशी कट्टा बरामद, चालक समेत पांच हिरासत में

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**करगहर (रोहतास)।** गुप्त सूचना के आधार पर करगहर थाना पुलिस द्वारा चलाए गए वाहन जांच अभियान के दौरान एक थार वाहन से देशी कट्टा बरामद किया गया। इस कार्रवाई में पुलिस ने चालक समेत पांच लोगों को हिरासत में लिया, जिनमें चार विधि-विरुद्ध बालक शामिल हैं।

पुलिस के अनुसार, वाहन चेकिंग के दौरान काले एवं उजले रंग की थार गाड़ी (रजिस्ट्रेशन संख्या UP65FQ-8088) की तलाशी ली गई। जांच के क्रम में गाड़ी के बाईं ओर आगे की सीट के नीचे रखा एक लोहे का बना देशी कट्टा बरामद हुआ। बरामद हथियार की बट की लंबाई लगभग 4 अंगुल, बॉडी की लंबाई 5 अंगुल तथा बैरल की लंबाई 8 अंगुल मापी गई। इस प्रकार कट्टे की कुल लंबाई लगभग 17 अंगुल बताई गई है। पुलिस ने उक्त वाहन को भी जब्त कर लिया।

इस संबंध में करगहर थाना कांड संख्या 136/26,के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

पुलिस ने इस मामले में इब्राहिमपुर, थाना कछवां, जिला रोहतास निवासी चालक सेराजुद्दीन इद्रिसी पिता तजमुलहक इद्रिसी को गिरफ्तार किया है। वहीं, उसके साथ मौजूद चार विधि-विरुद्ध बालकों को भी निरुद्ध किया गया है।

निरुद्ध किए गए बालकों में रोहित गोस्वामी पिता संजय गोस्वामी, ग्राम कन्हाची, जिला चतरा (झारखंड), वर्तमान पता नोखा वार्ड संख्या-21, पवन वर्मा पिता सुरेश वर्मा, ग्राम मुजराढ़, थाना नोखा, तमस सिंह पिता बिरेन्द्र सिंह, ग्राम प्रस्टमपुर, थाना नोखा, तथा अमिर फैजल पिता जहाँगीर हुसैन, निवासी नोखा वार्ड संख्या-21 शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि सभी के विरुद्ध अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## चार मृतक श्रमिकों के परिजनों को मिला सहारा

### मुखिया संघ अध्यक्ष की पहल पर कंपनी ने दी आर्थिक सहायता, मासिक मदद का भी भरोसा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**करगहर (रोहतास)।** सूरत के पंडेसरा में हुए दर्दनाक हादसे में जान गंवाने वाले रोहतास जिले के चार श्रमिकों के परिवारों को आखिरकार राहत मिली है। करगहर मुखिया संघ अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह की पहल पर मृतकों के आश्रितों को आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराई गई। साथ ही उनके जीवन-यापन के लिए मासिक सहायता देने की भी व्यवस्था की गई है।

बताया जाता है कि 5 मार्च को सूरत के पंडेसरा स्थित पारस डाइंग पेंटिंग कंपनी में केमिकल युक्त कचरे में डूबने से चार श्रमिकों की मौत हो गई थी। इस हादसे में शिवसागर के सोनू पासवान, घोरडिहा के अंकित कुमार, तथा कपसिया के महेंद्र पासवान और संदीप पासवान की असमय मौत हो गई थी। इस घटना के बाद परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा था।

घटना के बाद मुखिया संघ अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह ने पीड़ित परिवारों की मदद के लिए पहल की और कंपनी प्रबंधन से बातचीत की। इस दौरान मुखिया जग नारायण पासवान और पूर्व मुखिया अनिल कुमार राय भी मौजूद रहे। लगातार प्रयास के बाद कंपनी ने मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता देने का निर्णय लिया।

कंपनी की ओर से सोनू पासवान की पत्नी तेतरा देवी, अंकित कुमार के पिता रविंद्र पासवान, संदीप पासवान की पत्नी दिव्यानी देवी तथा महेंद्र पासवान की पत्नी उषा देवी को 3 लाख 90 हजार रुपये का चेक और 10 हजार रुपये नगद सहायता स्वरूप प्रदान किया गया। इसके अलावा कंपनी प्रबंधन ने मृतकों के आश्रित परिवारों के भरण-पोषण के लिए हर माह 12 हजार रुपये देने की भी घोषणा की है। इस निर्णय से पीड़ित परिवारों को कुछ हद तक राहत मिलने की उम्मीद जगी है। मौके पर मनोज पासवान, मनु पासवान, कंपनी के डायरेक्टर, कर्मी एवं परिजन उपस्थित रहे।

## नालंदा में महिला से बर्बरता मामले में 8 बदमाश गिरफ्तार



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालंदा।** नालंदा के नूरसराय थाना अंतर्गत एक महिला की अस्मिता को ठेस पहुंचाने और उसे निर्वस्त्र करने के प्रयास के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। इस मामले में अब तक दो मुख्य आरोपी सहित कुल 8 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने साफ किया है कि इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने वालों को भी बख्शा नहीं जाएगा।

**एसआईटी गठित, मुख्य आरोपी गिरफ्तार:** प्रेस वार्ता के दौरान एसपी भारत सोनी ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए एसडीपीओ सदर-2 के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम (SIT) का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि 26 तारीख की घटना के बाद 27 को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। वीडियो में दिख रहे दो मुख्य आरोपी, अशोक यादव और मतलू महतो को तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया था। इसके बाद मंगलवार की रात छापेमारी कर छह अन्य आरोपियों- रंजन, सचिन, दशरथ, शैलेश, डोमन और सोनू को भी गिरफ्तार किया गया है।

**कड़ी धाराओं के साथ स्पीडी ट्रायल की तैयारी:** एसपी ने बताया कि मामले में भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 74 (मर्यादा भंग करना), 75 (यौन उत्पीड़न) और 76 (निर्वस्त्र करने का प्रयास) के तहत मामला दर्ज है। अब इसमें आईटी एक्ट की धाराएं और

**◆ सोशल मीडिया पर वीडियो डालने वालों पर होगा एक्शन**

बीएनएस की धारा 70 को भी जोड़ा जा रहा है। पुलिस 30 दिनों के भीतर जांच पूरी कर न्यायालय से स्पीडी ट्रायल का अनुरोध करेगी ताकि दोषियों को आजीवन कारावास जैसी कड़ी सजा दिलाई जा सके।

**वीडियो वायरल करने वालों की खैर नहीं:** एसपी ने चेतावनी दी है कि जो लोग सोशल मीडिया (एक्स, फेसबुक, व्हाट्सएप) पर घटना का वीडियो साझा कर रहे हैं, उन पर साइबर सेल के जरिए नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि महिला की निजता का उल्लंघन कानूनी अपराध है। हमने कई मोबाइल जब्त किए हैं और सिम कार्ड के मालिक को भी आरोपी बनाया जाएगा। मीडिया से भी अनुरोध है कि वीडियो को ब्लर करके न दिखाएं, क्योंकि इससे भी पीड़िता की पहचान उजागर होती है।

**महिलाओं की भूमिका की भी जांच:** जांच में यह बात सामने आई है कि भीड़ में कुछ महिलाएं भी शामिल थीं, जो बदमाशों को उकसा (Instigate) रही थीं। पुलिस ने एक ऐसी महिला की पहचान कर ली है और उसकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और पीड़िता की सुरक्षा सुनिश्चित की गई है।

## कौआकोल में गाजे-बाजे के साथ धूमधाम से निकली रामनवमी की भव्य शोभायात्रा

### भव्य रथ पर श्रीराम दरबार के साथ विनिन्न प्रकार के झांकी बनीं रही आकर्षण का केंद्र

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**कौआकोल।** रामनवमी के पावन अवसर पर बुधवार को कौआकोल प्रखंड क्षेत्र में बजरंग दल,विश्व हिंदू परिषद सहित विभिन्न हिंदू संगठनों व सनातन परिवार के संयुक्त तत्वाधान में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान पूरा प्रखंड "जय श्री राम" के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा। गाजे-बाजे और धार्मिक उत्साह के बीच निकली इस शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में रामभक्त शामिल हुए। गर्मी और धूप के बावजूद श्रद्धालु पूरे जोश के साथ जय श्री राम,भारत माता की जय और वंदे मातरम् आदि नारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे।

प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था एवं निगरानी के बीच कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। भव्य रथ पर भगवान श्रीराम,माता सीता,लक्ष्मण और हनुमान की आकर्षक झांकी श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। वहीं कई अन्य आकर्षक झांकियां लोगों को अपनी ओर खींच रही थी। शोभा यात्रा की शुरुआत थाना क्षेत्र के जोरावरडीह गांव स्थित प्रोजेक्ट गायत्री बालिका इंटर विद्यालय के मैदान से हुई,जहां श्रद्धालुओं ने भगवान की आरती उतारकर और चंदन लगाकर यात्रा का शुभारंभ किया। इसके बाद शोभायात्रा जोगाचक,कौआकोल बाजार, दुर्गा मंडप से होते हुए रानीबाजार सूर्य मंदिर के पास पहुंची तथा पुनः बीझो मार्ग से होते हुए जेपी चौक से गायत्री मंदिर के समीप जाकर समापन हुआ। समापन स्थल पर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का भी वितरण किया गया। यात्रा के दौरान युवा श्रद्धालु भगवा पताका और तिरंगा झंडा लहराते नजर आए। शोभा यात्रा को लेकर कौआकोल बाजार की सभी दुकानें बंद रहीं और पूरा बाजार भगवा पताकाओं से सजा हुआ दिखा।

संवेदनशील क्षेत्रों में दंडाधिकारी की निगरानी में एसटीएफ एवं पुलिस बल के जवान मुस्तैद रहे। रास्ते में विभिन्न समाजसेवियों,संस्थाओं एवं ग्रामीणों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए शीतल पेय जल,नींबू पानी,फल,हलवा,लस्सी,कोल्ड ड्रिंक्स आदि की व्यवस्था की गई। पूरे क्षेत्र में शोभायात्रा के दौरान भक्ति और उत्साह का वातावरण बना रहा। शोभायात्रा को सफल बनाने में शोभा यात्रा समिति के अध्यक्ष देवराज कुमार,विहिप के प्रखण्ड अध्यक्ष राजीव कुमार, बजरंग दल के मुकेश कुमार, विक्की कुमार, राहुल शुक्ला, दीपक विद्यार्थी, सूरज साव, पंकज कुमार, आयुष कुमार, संतोष कुमार, ज्योतिष कुमार, सुभाष लाल आदि जोर शोर से लगे रहे।

जबकि शोभा यात्रा में बजरंग दल के जितेंद्र प्रताप जीतू, कैलाश विश्वकर्मा,जिला पार्षद अजित यादव आदि शामिल रहें। वहीं विधि व्यवस्था को लेकर कौआकोल बीडीओ डॉ० अखिलेश कुमार,बीसीओ कुन्दन बर्णवाल,पकरीबरावां अंचल पुलिस निरीक्षक प्रशांत कुमार,कौआकोल थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी दल बल के साथ मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### ऊर्जा विभाग की विशेष पहलः विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण अब 72 घंटे में

**बिक्रमगंज /रोहतास।** उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से विद्युत विभाग द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। शीर्ष प्रबंधन के निर्देशानुसार अब प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को सभी संबंधित कार्यालयों में उपभोक्ता शिकायत निवारण हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। विद्युत कार्यपालक अभियंता, सासाराम ई. ब्रवीम ने बताया कि यह शिविर प्रत्येक निर्धारित दिवस को प्रातः 11 बजे से अपराह्न 02 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में बिजली बिल से संबंधित त्रुटियों एवं समस्याओं का समाधान, विद्युत आपूर्ति से जुड़ी समस्याएं जैसे झुका हुआ पोल, ढीले तार, कम वोल्टेज एवं खराब ट्रांसफार्मर की शिकायतों का त्वरित निवारण, नए विद्युत कनेक्शन एवं नाम परिवर्तन के लिए आवेदन की सुविधा, स्मार्ट प्रीपेड मीटर से संबंधित शिकायतों का समाधान, कृषि कनेक्शन के लिए आवेदन एवं आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी तथा पीएम सूर्य घर योजना अंतर्गत आवेदन एवं मार्गदर्शन सहित अन्य बिजली संबंधी शिकायतों का त्वरित निष्पादन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्राप्त शिकायतों के समाधान हेतु 72 घंटे की समय-सीमा निर्धारित की गई है। शिविर की सूचना का व्यापक प्रचार-प्रसार स्थानीय स्तर पर विभिन्न माध्यमों से किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक उपभोक्ता इसमें भाग लेकर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकें। शिविर के दौरान सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी कार्यालय में उपस्थित रहेंगे और आवेदकों को उनके आवेदन की स्थिति तथा निष्पादन की समय-सीमा के बारे में स्पष्ट जानकारी प्रदान करेंगे। विद्युत विभाग का उद्देश्य है कि आगामी दो महीनों के भीतर लंबित सभी प्रकार की शिकायतों का समुचित एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए, जिससे उपभोक्ताओं के बीच विभाग के प्रति विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो सके। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे निर्धारित दिवस पर अपने नजदीकी विद्युत कार्यालय में आयोजित शिविर में पहुंचकर इस सुविधा का अधिकतम लाभ उठाएं।

### श्रम कानूनों के विरोध में सड़कों पर उतरे मजदूर
### करगहर में प्रदर्शन कर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जताया रोष



**करगहर (रोहतास)।** चारों नई श्रम संहिताओं एवं वीबी-जी राम जी कानून के विरोध में बुधवार को ग्रामीण मज़दूर यूनियन, बिहार तथा मजदूर अधिकार संघर्ष अभियान (मासा) के बैनर तले करगहर में विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्रखंड मुख्यालय से करगहर बाजार तक जुलूस निकालकर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की गई। बाद में थाना मोड़ पर सभा आयोजित कर श्रमिक अधिकारों पर हो रहे हमलों के खिलाफ आवाज बुलंद की गई। सभा की अध्यक्षता कॉमरेड सुनील कुमार ने की। वक्ताओं ने कहा कि नई श्रम संहिताओं के जरिए मजदूरों के लंबे संघर्ष से हासिल अधिकारों को कमजोर किया जा रहा है। 8 घंटे कार्य दिवस, न्यूनतम मजदूरी, सामाजिक सुरक्षा, बोनस, ग्रेच्युटी, पेंशन और स्थायी रोजगार जैसे अधिकारों पर खतरा मंडरा रहा है। सभा को संबोधित करते हुए कॉमरेड अशोक कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार मनरेगा को खत्म कर वीबी-जी राम जी कानून लागू करने की तैयारी में है, जिससे ग्रामीण गरीबों और मजदूरों की आजीविका पर गहरा असर पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले कुछ महीनों से मनरेगा के तहत नए कार्य शुरू नहीं किए जा रहे हैं, जिससे मजदूरों के सामने रोज़गार का संकट पैदा हो गया है। वक्ताओं ने कहा कि ठेका और असंगठित क्षेत्र के मजदूरों का शोषण बढ़ता जा रहा है। कई जगहों पर मजदूरों से 12-12 घंटे काम लेकर केवल 8 घंटे की मजदूरी दी जा रही है। बढ़ती महंगाई के बीच मजदूरों की हालत और बदतर होती जा रही है। सभा के अंत में राष्ट्रपति के नाम मांगपत्र भेजकर चारों श्रम संहिताओं को रद्द करने, मनरेगा को बहाल करने, ठेका मजदूरों के नियमितीकरण, 8 घंटे कार्य दिवस लागू करने और मजदूरों को उचित दर पर रसोई गैस उपलब्ध कराने की मांग की गई। इस मौके पर कॉमरेड मंटू, कॉमरेड घूरा, कॉमरेड मनीष, कॉमरेड विशुन, कॉमरेड रेखा, कॉमरेड फूलवंती सहित कई लोगों ने अपने विचार रखे।

### समाजसेवी सरोज देवी की मनाई गई पुण्यतिथि



**राजपुर।** माता गायत्री परिवार के तत्वावधान में समाजसेवी सह जन प्रतिनिधि सरोज देवी का पांचवी पुण्यतिथि सोमवार को प्रखण्ड मुख्यालय राजपुर पुरानी बजार स्थित उनके पैतृक आवास उनके समाजसेवी पति नथुनी साह के नेतृत्व में मनाया गया.इस अवसर पर गायत्री परिवार के सदस्यों ने पंडित राकेश शर्मा के नेतृत्व में माता गायुत्री की प्रसन्नता के लिए यज्ञ का आयोजन किया.जहा मौजूद गायत्री परिवार से जुडे लोगों ने उनके चित्र पर पुष्पांजली अर्पित कर माल्यार्पण करते हुए उनके जीवन वृतांत पर प्रकाश डाला. मौके पर मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए राजू कुमार वैश्य ने कहा कि उनकी माता सरोज देवी आजीवन समाज सेवा के कार्यो में लगी रहीं.गायत्री माता की भक्त थी.क्षेत्र अंतर्गत माता गायत्री से लोगो को जोड़ने का काम घर-घर घुमकर करती थी.काफी लम्बे समय तक वार्ड सदस्य रही.विकास कार्यो के लिए संघर्ष करती रहती थी.समाज की सेवा में हर समय तत्पर रहती थी. मौके पर गायत्री परिवार की सेवार्थ कार्यरत ललन सिंह,प्रमिला देवी,दौलातो देवी,अक्षयलाल साह समेत कई अन्य मौजूद रहे.

### टॉपर प्रियांशु कुमार बिहार प्रदेश में नौवें व रोहतास जिला में दूसरे स्थान पर
#### रामरूप गोडारी विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित



**काराकाट / रोहतास** : बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना( बिहार बोर्ड) की दसवीं परीक्षा 2026 बिहार प्रदेश में नौवां स्थान हासिल करने वाले रोहतास जिले के काराकाट प्रखंड मुख्यालय गोडारी निवासी प्रियांशु कुमार को रामरूप +2 उच्च माध्यमिक विद्यालय गोडारी में भव्य समारोह में सम्मानित किया गया । इस उपलब्धि पर जिले भर में खुशी की लहर दौड़ गई है । विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अमरेश कुमार ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सही दिशा में किया गया कठिन परिश्रम कभी व्यर्थ नहीं जाता । उन्होंने छात्र- छात्राओं से प्रियांशु की मेहनत का अनुसरण करने का आह्वान किया । प्रियांशु ने रोहतास जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया है,जबकि उसी विद्यालय के चंदन कुमार ने जिला स्तर पर सातवां स्थान हासिल किया । प्रियांशु को कुल 482 अंक मिले, चंदन को 476 अंक,प्रतिभा तिवारी को 458 अंक तथा अनुपम कुमार को 454 अंक प्राप्त हुए । ये परिणाम विद्यालय के उत्कृष्ट पढ़ाई और छात्रों की लगन का प्रमाण हैं । प्राचार्य अमरेश कुमार ने बताया कि प्रियांशु की सफलता से अन्य छात्र प्रेरित होंगे । समारोह में विद्यालय के वरीय शिक्षक अशोक मिश्रा,नागेंद्र तिवारी, सुधीर कुमार,मशीहुल हक,मनीष कुमार, डॉ अभिषेक कुमार पांडेय, सुरुचि,ज्योति,जेबा,राम कृष्ण,ओम भारती सहित कई गणमान्य लोग व बच्चे उपस्थित रहे ।

# मामा की हत्या कर भांजों ने तोड़ा खून का रिश्ता
## जमीनी विवाद में गोली मारकर किया खात्मा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता





**नासरीगंज / रोहतास।** थानाक्षेत्र के पड़ुरी गांव में खून के रिश्ते को कलंकित करने वाली सनसनीखेज घटना सामने आई है। दो भांजों ने अपने सगे मामा बैजनाथ सिंह (55) की गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी। बुधवार सुबह करीब नौ बजे नासरीगंज-डेहरी मुख्य सड़क पर यह वारदात हुई। मृतक बैजनाथ सिंह अपने पुत्र सतीश सिंह उर्फ सोनू कुमार के साथ चाय-पान के लिए गांव के बाहर सड़क पर थे। तभी काले रंग की महिंद्रा एक्सयूवी 300 से उतरकर उनके भांजे गोपाल राय और रंजीत मउआर ने नजदीक से गोलियां चला दीं। गंभीर रूप से जख्मी बैजनाथ को नजदीकी पीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना पर एसडीपीओ बिक्रमगंज सिन्धु शेखर सिंह के नेतृत्व में काराकाट, कच्छवां, आयरकोठा व नासरीगंज थाने की पुलिस फोर्स घटनास्थल पहुंची। एसडीपीओ ने परिजनों को हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार करने और न्याय का भरोसा दिलाया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया गया। मृतक के पुत्र सोनू ने थाने में तहरीर देकर भांजों गोपाल राय व रंजीत मउआर समेत आधा दर्जन नामजद कराया। दोनों आरोपी सगे मौसेरे भाई हैं। एसडीपीओ ने बताया कि बैजनाथ की बहनें मायके में बस गई थीं। मृतक व भांजों के बीच जमीन-जायदाद को लेकर पुराना विवाद चल रहा था, जो पुलिस को सूचित नहीं किया गया।

घटना वाले दिन भी दोनों पक्षों के बीच झड़प हुई थी। परिजनों में कोहराम मच गया है, पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया। एसडीपीओ ने कहा, मामले की गहन जांच चल रही है। हत्यारे जल्द जेल की हवा खाएंगे।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत मंडल प्रशिक्षण का किया गया आयोजन



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**संझौली/रोहतास।** आज दिनांक 1 अप्रैल 2026 दिन बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत मंडल प्रशिक्षण का आयोजन भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में संझौली मंडल के उदयपुर ग्राम में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र पाठक एवं संचालन जिला प्रवक्ता एवं कार्यक्रम प्रभारी नवीन चंद्र साह ने की। सर्वप्रथम सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित एवं पुष्पांजलि अर्पण एवं वंदे मातरम गीत से के साथ हुआ। प्रशिक्षण सत्र का उद्घाटन करते हुए जिला अध्यक्ष संतोष पटेल ने कहा कि प्रशिक्षण से कार्यकर्ता सक्षम एवं संगठन सशक्त होता है। पार्टी का मूल दर्शन एकात्म मानववाद है। अपेक्षित प्रतिभागियों को निम्न विषयों का प्रशिक्षण दिया। वैचारिक अधिष्ठान पार्टी का इतिहास एवं विकास कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि हमारे कार्य पड़ती अपनी सरकारों की उपलब्धियां एवं बुध प्रबंधन प्रशिक्षण देने वाले वक्ताओं में जिला उपाध्यक्ष अरुण पांडेय ,प्रदेश कार्य समिति सदस्य बलिराम मिश्रा ,मदन प्रसाद वैश्य ,प्रमोद कुशवाहा, अखिलेश पांडेय,अजीत सिंह, जितेंद्र सिंह, सुजीत गौड़ एवं वर्ग प्रमुख के रूप में उपस्थित रहे राकेश शर्मा, विजय सिंह ,पुष्पा पटेल, भागवत पासवान, अंबुज तिवारी, उमेश सिंह इत्यादि। पूर्व जिला अध्यक्ष मदन प्रसाद वैश्य ने समापन सत्र संपन्न कराया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ।

## आगजनी मे 50 बीघे गेहूं जल कर हुई राख, दमकल टीम ने आग पर पाया काबू
### बड़ा अनहोनी टला,पीड़ित किसानो ने की मुआवजे की मांग

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**कोचस (रोहतास)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कपसिया पंचायत के हटना गांव के बधार मे बुधवार के दोपहर असमाजिक तत्वों ने आग लगा दी जिसमें लगभग 50 बीघे की खड़ी फसल गेहूं जलकर राख हो गई है। वहीं घटना की सूचना पर पहुंची 112 नंबर डायल पुलिस की गाड़ी और दमकल टीम व गांव के लोगो के सहायता से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है। और बड़ी अनहोनी होते होते बच गया।खेत जलने वाले में किसान हटना गांव निवासी बलिराम सिंह, सन्टू सिंह, बैजनाथ शाह, राहुल सिंह,अशोक शाह शामिल है, जबकि ग्राम पटना निवासी अजय त्रिगुण, दीनबंधु शर्मा, बसावन चौधरी शामिल है।

इसकी जानकारी देते हुए हटना गांव निवासी दीपक सिंह ने बताया कि गांव की कुछ महिलाएं देखी की एक व्यक्ति गेहूं के डंठल में आग लगा मौके से फरार हो गया, जब तक महिला चिल्लाती तब तक संदिग्ध व्यक्ति मौके से फरार हो गया था। शोर गुल मचाने के बाद काफी संख्या में लोग इकट्ठा हुए और आग बुझाने में जुट गए।वहीं उन्होंने कहा कि यह आग जानबूझकर लगाई गई है क्योंकि गेहूं की कटाई समाप्ति तक विद्युत विभाग के द्वारा गाइडलाइन जारी कर सुबह 10 बजे से शाम के 6 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित किया गया है तो इस स्थिति में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की कोई संभावना ही नहीं बनती है।

वहीं गेहूं जलने के बाद पीड़ित किसानो का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है और गहरे सदमे में पड़े हुए हैं। पीड़ित किसानो ने आगजनी बिहार सरकार द्वारा मिलने वाली मुआवजे की मांग की है।

## एसआई गंगा सागर चौधरी के सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**करगहर (रोहतास)।** स्थानीय थाना परिसर स्थित सभागार में बुधवार को करगहर थाना के एसआई गंगा सागर चौधरी के सेवानिवृत्त होने पर एक भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता थानाध्यक्ष कमल नयन पांडेय ने की, जबकि संचालन दैनिक जागरण के पत्रकार सुरेंद्र तिवारी ने किया।

समारोह के दौरान थाना क्षेत्र के बुद्धिजीवियों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों ने एसआई गंगा सागर चौधरी को फूल-माला, अंगवस्त्र एवं सम्मान स्वरूप उपहार भेंट कर उनके लंबे एवं सराहनीय सेवा-काल को याद किया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष कमल नयन पांडेय ने कहा कि गंगा सागर चौधरी ने करगहर थाना में एसआई के पद पर रहते हुए बिना किसी भेदभाव के ईमानदारी और निष्ठा के साथ सेवा दी है। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में ग्रामीण जनता और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हुआ, जो उनके व्यवहार और कार्यशैली की मिसाल है।

अपने संबोधन में सेवानिवृत्त एसआई गंगा सागर चौधरी ने कहा कि उन्होंने अपने पूरे कार्यकाल में कभी जाति, धर्म या मजहब के आधार पर भेदभाव नहीं किया, बल्कि हमेशा अन्याय के खिलाफ कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि लोगों से मिला यह स्नेह और सम्मान उनके लिए जीवन की बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

वहीं, भाकपा प्रत्याशी महेंद्र प्रसाद गुप्ता एवं पैक्स अध्यक्ष भोखरी नारद सिंह ने कहा कि गंगा सागर चौधरी ने अपने कार्यकाल में थाना क्षेत्र में जिस निष्ठा, कर्तव्यपरायणता और निष्पक्षता के साथ कार्य किया, वह आने वाले पुलिसकर्मियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। उन्होंने कहा कि भले ही वे आज सेवा से सेवानिवृत्त हो गए हों, लेकिन उनके कार्य और व्यक्तित्व को क्षेत्र के लोग हमेशा याद रखेंगे।

समारोह में एसआई संजीव कुमार, एएसआई अरविंद कुमार, एएसआई धनंजय सिंह, मुखिया प्रतिनिधि रंजन सिंह, गुप्तनाथ सिंह, विकास कुमार, जय प्रकाश सिंह, अरविंद सिंह, धनजी चौधरी, विरेंद्र लाल, जयहिंद सिंह सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

### सुन्दरराज जी करायेंगे राम लक्ष्मण जानकी एवं हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा
## प्राण प्रतिष्ठा हेतु श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के लिए 26 अप्रैल को निकाली जायेगी शोभा यात्रा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**राजपुर।** राजपुर पुरानी बजार कचहरी मोड़ स्थित शिवालय प्रांगण स्थित नव निर्मित मंदिर में भगवान श्री राम लक्ष्मण जानकी एवं हनुमान जी का प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ श्री श्री 1008 श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के पाद सेवक यतिराज तपो मूर्ति संत श्री सुन्दरराज सवामी जी महाराज करायेंगें.जिसके जल संचय के लिए शोभा यात्रा 26 अप्रैल को निकाली जायेगी. जानकारी देते हुए महायज्ञ कमिटी के सदस्य पैक्स अध्यक्ष शोभनाथ गुप्ता समेत अन्य ने बताया कि भगवान श्री राम,लक्ष्मण माता जानकी एवं हनुमान जी के नव निर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के लिए 26 अप्रैल को जल यात्रा सह शोभा यात्रा निकलेगा.27 को पंचांग पूजन,अरणी मंथन उपरांत महायज्ञ अग्नि प्रवेश तथा प्रतिमूर्ति का जलाधिवास अन्नाधिवास समेत सभी संस्कार का कार्य होगा.28 को भगवान के सभी स्वरूप को नगर भ्रमण कराया जायेगा.29 अप्रैल को प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होगा. एक मई 2026 को पूर्णाहुती उपरांत भण्डारा के साथ महायज्ञ सम्पन्न हो जायेगा. उन्होंने बताया कि महायज्ञ के सफल संचालन के लिए विगत सोमवार की रात में गांव समाज एवं सुन्दरराज जी के सहयोगी संतों व भक्तो के साथ बैठक किया गया. जहां महायज्ञ पूर्णता के लिए सभी तरह के सहयोग पर चर्चा किया गया. मौके पर नन्दकुमार सिंह, मदनमोहन तिवारी, अमरेश चौधरी, सुमेश्वर सिंह यादव, ननहकू सिंह यादव, डा रामाकांत दुबे, सतीश कुमार गुप्ता समेत सैकड़ो अन्य मौजूद रहे.

### स्थानीय संगम होटल पर SDM की छापेमारी, 4 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त; 5 लोग संदिग्ध हालत में मिले



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**संझौली / रोहतास** । स्थानीय संगम होटल पर SDM की छापेमारी, 4 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त; 5 लोग संदिग्ध हालत में मिले

रोहतास जिले के संझौली प्रखंड में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए संगम होटल एंड रेस्टोरेंट में छापेमारी की। यह कार्रवाई एसडीएम के नेतृत्व में की गई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया।

छापेमारी के दौरान होटल से चार घरेलू गैस सिलेंडर बरामद किए गए, जिनका व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा था। यह नियमों का स्पष्ट उल्लंघन माना जा रहा है। प्रशासन ने सभी सिलेंडरों को जब्त कर लिया है और आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

वहीं, होटल परिसर में संदिग्ध परिस्थितियों में तीन पुरुष और दो महिलाएं भी पाई गईं। उनकी गतिविधियों को देखते हुए मामले को गंभीर मानते हुए एसडीएम ने संझौली थाना प्रभारी को निर्देश दिया है कि सभी के खिलाफ जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए।

## वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले किए गए सम्मानित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बिक्रमगंज / रोहतास** : मॉडर्न किड्स प्ले स्कूल ए. एस. कॉलेज रोड बिक्रमगंज में वार्षिक परीक्षा परिणाम अत्यंत गरिमामय,उत्साहपूर्ण एवं प्रेरणादायक वातावरण में घोषित किया गया । परिणाम घोषणा समारोह विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा प्रतीत हो रहा था । विद्यार्थियों के चेहरों पर आत्मविश्वास, अभिभावकों के मन में गर्व और शिक्षकों की आंखों में संतोष स्पष्ट झलक रहा था । पूरे विद्यालय में सकारात्मक ऊर्जा और उपलब्धि का उल्लास देखने को मिला । कार्यक्रम का शुभारंभ औपचारिक रूप से किया गया,जिसके पश्चात उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मंच पर आमंत्रित कर सम्मानित किया गया । विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजली सिन्हा एवं निदेशक सीएम चौधरी ने मेधावी छात्रों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए । इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सफलता केवल अंकों तक सीमित नहीं होती,बल्कि यह निरंतर मेहनत,अनुशासन,दृढ़ संकल्प और सकारात्मक सोच का परिणाम होती है । उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयासरत रहने,चुनौतियों का सामना साहसपूर्वक करने तथा नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी । समारोह की विशेष आकर्षण वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान रहा । विद्यालय द्वारा ऐसे विद्यार्थियों को विशेष पुरस्कार प्रदान कर उनके प्रदर्शन की सराहना की गई । इस अवसर पर वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया । विद्यालय प्रबंधन ने उनकी उपलब्धि को समर्पण,अनुशासन और आत्मविश्वास का परिणाम बताते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं । कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों की मेहनत की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की । मौके पर शिक्षिका सुरभी तिवारी,डिम्पल गुप्ता,निभा मौर्या,आकांक्षा श्रीवास्तव,राजलक्ष्मी,शिवानी पटेल सहित सभी शिक्षक-शिक्षिका, छात्र-छात्रा और काफी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे ।

## बोर्ड परीक्षा में 93% अंक प्राप्त कर बनी प्रखंड टॉपर

- मंगलवलिया हाई स्कूल छात्रा ने 459 अंक प्राप्त करके बढाया मान
- चिकित्सक बनकर समाज की सेवा करने का व्यक्त किया सपना



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**राजपुर।** मामा के घर रहकर शौणिडक हाई स्कूल राजपुर में पढाई करके वैष्णवी कुमारी ने हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में 465 अंक प्राप्त कर प्रखंड में टॉप स्थान प्राप्त किया है. वैष्णवी की पढ़ाई के प्रति लगन एवं मेहनत ने स्कूल समेत गांव समाज एवं माता पिता का मान बढाने का कार्य किया है.बेटी के इस उपलब्धि से प्रसन्न गोडारी थाना क्षेत्र के चांदी गांव निवासी माता सुमन देवी,पिता प्रिये रंजन सिन्हा एवं मामा पेशा से शिक्षक सोनू कुमार सिन्हा ने उसे मिठाई खिलाकर अपनी प्रसन्नता जताई. छात्रा के इस उपलब्धि की खुशी क्षेत्र में छा गई है.परिवार एवं अभिभावकों के चेहरों पर गर्व की मुस्कान देखने को मिल रही है.

शौणडिक हाई स्कूल प्रधानाध्यापक रजनीश कुमार तिवारी ने बताया कि छात्रा की सफलता से बहुत खुश हैं.वैष्णवी ने 465 अंक लाकर अपनी मेहनत और लगन से स्कूल का नाम रौशन किया है. उधर बगल के सबेया गांव निवासी जितेन्द्र साह की बेटी उत्क्रमित हाई स्कूल मंगरवलिया की छात्रा प्रिया कुमारी ने 459 अंक प्राप्त करके माता पिता गांव समाज एवं स्कूल का मान बढ़या है. शौणडिक हाई स्कूल छात्रा राजपुर निवासी सोनू कुमार सिन्हा की बेटी अनुप्रिया कुमारी ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त करके परिवार को गौरवान्वित किया है. सभी छात्राओं ने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं शिक्षकों को दिया.आगे की पढ़ाई करके चिकित्सक बनकर देश एवं समाज की सेवा करने का सपना ब्यक्त किया.

## संक्षिप्त समाचार

### साइंटिस्ट की हरिद्वार में मौत

**बेगूसराय।** बेगूसराय के रहने वाले युवा वैज्ञानिक की लाश उत्तराखंड के हरिद्वार में मिली। लाश कमरे में फंदे से लटकी थी। अभयु कुमार सिंह के बेटे रितेश कुमार (28) वैज्ञानिक पतंजलि में रिसर्च करते थे। आर्कियोलॉजिकल विभाग में जूनियर रिसर्चर के पद पर थे। रिसर्च सेंटर के बगल में ही किराए के कमरे में रहते थे। विवार को छुट्टी के दिन रितेश अपने कमरे में ही थे। शाम में जब काफी देर तक उनकी कोई हलचल नहीं हुई, तो उनके सहकर्मियों को चिंता हुई। जब उन्होंने खिड़की से अंदर झांका, तो शव कमरे में फंदे से लटका हुआ था। मंगलवार शाम में लाश बेगूसराय में कोरैया गांव लाई गई। सिमरिया गंगा घाट पर अंतिम संस्कार हुआ। बड़े भाई नितेश ने मुखाग्नि दी।

**डेढ़ महीने पहले ही शुरू किया था करियर:** रितेश कुमार बचपन से ही मेधावी थे और विज्ञान के क्षेत्र में अपना भविष्य बनाना चाहते थे। लगभग डेढ़ महीने पहले ही उनका चयन पतंजलि रिसर्च इंस्टीट्यूट में हुआ था। रितेश की लाश मिलने के बाद संस्थान के मेडिकल विभाग और स्थानीय बहादराबाद थाना की पुलिस को सूचना दी गई।

**कमरे से नहीं मिला कोई सुसाइड नोट:** पुलिस जब मौके पर पहुंची तो कमरा अंदर से बंद था। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा और पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। कमरे की तलाशी के दौरान कोई भी सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है, जिससे मामला और भी ज्यादा पेचीदा हो गया है। बिना किसी सुसाइड नोट के यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि रितेश ने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया या फिर यह मामला कुछ और है।

**सुसाइड का कारण पता कर रही पुलिस:** सूचना मिलते ही परिजन हरिद्वार पहुंचे और मंगलवार को रितेश का शव उनके पैतृक गांव लाया गया। ग्रामीण और परिजन इस बात को स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं कि जिस बेटे ने अभी करियर की शुरुआत ही की थी, वह इतनी जल्दी उन्हें छोड़कर चला जाएगा। हरिद्वार पुलिस मामले की जांच कर रही है कि क्या नई नौकरी में रितेश पर किसी तरह का मानसिक या काम का दबाव था या किसी निजी कारण से परेशान था। पुलिस रितेश के कॉल रिकॉर्ड्स और सहकर्मियों के बयानों की जांच कर रही है। जिससे मौत से ठीक पहले की परिस्थितियों का पता लगाया जा सके, लेकिन अभी कुछ खुलासा नहीं हुआ है।

**बड़ा भाई बैंक मैनेजर है:** ग्रामीण बताते हैं कि रितेश बचपन से ही काफी शांत स्वभाव के हैं। बड़ा भाई नीतेश कुमार यूको बैंक में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं और रितेश की शुरू से ही वैज्ञानिक बनने की इच्छा थी। अपना मुकाम अभी हासिल ही किया था। पिता पंचायत समिति सदस्य रह चुके हैं और सामाजिक सरकार में यह परिवार शुरू से ही शामिल रहा है।

### अभद्र टिप्पणी के खिलाफ साइबर थाने में महिला जिलाध्यक्ष ने शिकायत की

**भागलपुर|** भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सुनीता गोस्वामी ने साइबर थाने में अमित आर्यन नामक व्यक्ति पर केस किया है। आरोप है कि अमित ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं के खिलाफ अपमानजनक, अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणियां की हैं। सुनीता गोस्वामी ने अपने आवेदन में इस तरह की अपमानजनक सामग्री का हवाला दिया है।

### 20 लाख की जमीन धोखाधड़ी

**भागलपुर|** पटना की रहने वाली एक एनआरआई महिला, सीमा कुमार उर्फ सीमा कुमारी ने भागलपुर के जोगसर थाने में जमीन रजिस्ट्री के नाम पर 20 लाख की धोखाधड़ी की प्राथमिकी 71/26 दर्ज कराई है। पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, आरोपी रुद्र नारायण झा ने महिला को पटना से भागलपुर बुलाया और 4 लाख बयाना देकर 24 लाख में जमीन का सौदा तय किया। आरोप है कि बयाना पेपर के बहाने आरोपी ने धोखे से रजिस्ट्री पेपर पर हस्ताक्षर करवा लिए और उसे एग्रीमेंट पेपर बताया। महिला का दावा है कि आरोपी ने उसे रजिस्ट्री कार्यालय के बाहर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया और अन्य आरोपियों की मदद से इस पूरी धोखाधड़ी को अंजाम दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अनाथालय के बच्चों के बीच मनाया वैभव का जन्मदिन

**भागलपुर|** वी केयर संस्था द्वारा रामानंदी देवी हिंदू अनाथालय में एक विशेष आयोजन किया गया। यहां सीटीएस भागलपुर में पदस्थापित एएसआई (बांका निवासी) राज कुमार के पुत्र वैभव का जन्मदिन अनाथालय के बच्चों के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों के बीच केक काटकर की गई। इसके पश्चात सभी बच्चों को अल्पाहार, मैंगो जूस और केक वितरित किया गया। आयोजन के दौरान बच्चों के चेहरे पर उत्साह और खुशी साफ झलक रही थी। संस्था के सदस्यों ने बच्चों के साथ समय बिताया और उनसे आत्मीय बातचीत की। इस पहल के माध्यम से जन्मदिन के उत्सव को सेवा का स्वरूप दिया गया। इस अवसर पर नितेश, कुश, जितेंद्र, अभिषेक, रिशांत और अनाथालय के प्रबंधक विश्वदीप उपस्थित रहे।

### चेक बाउंस के 10 साल पुराने मामले में सुमृत मंडल कांप्लेक्स के मालिक बरी

**भागलपुर।** चेक बाउंस और धोखाधड़ी के 10 साल पुराने मामले में सुमृत मंडल कांप्लेक्स के मालिक विमल कुमार मंडल बरी हो गए। जेएम फर्स्ट क्लास के कोर्ट ने उन्हें बरी किया। विमल कुमार मंडल के पुत्र और अधिवक्ता राज आनंद ने बताया कि विमल कुमार मंडल के पूर्व मुंशी किशोर कुमार घोष ने अलग-अलग धाराओं में केस करते हुए आरोप लगाया था कि विमल कुमार मंडल ने उनसे तीन बार में 13 लाख रुपए कर्ज लिए थे जिसके नहीं लौटाने पर वे उन्हें तीन कट्ठा जमीन केवाला कर देंगे। कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोप साबित करने में असफल रहा और प्रस्तुत साक्ष्य पर्याप्त नहीं हैं। राज आनंद ने कहा कि किशोर कुमार घोष उनके दादा (स्व.) सुमृत मंडल के समय से उनके यहां पार्ट टाइम काम करते थे। उन्हें कुछ कारणों से हटा दिया गया था। इसलिए बदले की भावना से उन्होंने विमल कुमार मंडल पर झूठा केस किया था।

### 2 से 7 अप्रैल तक मनाएगा हेल्थ वीक

**भागलपुर|** आईएमए 2 अप्रैल को राजकीय इंटर बालिका विद्यालय में अर्बन हेल्थ अवेयरनेस प्रोग्राम होगा। 4 को स्वास्थ्य जांच शिविर और हेल्दी बेबी शो, 5 को झंडापुर में ग्रामीणों के लिए और 6 अप्रैल को आईएमए हॉल में कैंसर जांच शिविर लगेगा। सचिव डॉ. आरपी जायसवाल ने बताया कि समापन 7 अप्रैल को होगा।

### घोघा लूट कांड का मुख्य आरोपी पटना से गिरफ्तार

**भागलपुर|** एएसपी के निर्देशन में अपराध नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे पुलिस ने मिर्जा चौकी-मुंगेर फोरलेन पर हुई लूट की घटना में संलिप्त शातिर अपराधी भादो उर्फ सुनील मंडल को पटना रेलवे स्टेशन के समीप स्थित महावीर मंदिर के पास से गिरफ्तार कर लिया है। घटना का विवरण बीती 31 जनवरी को कोदवार के पास हथियार के बल पर राहुल कुमार से मोबाइल एवं अन्य सामानों की लूट की गई थी। मामले के उद्भेदन को लेकर एसटीएफ, डीआईयू व पुलिस की एक विशेष टीम गठित की गई थी। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त सुनील मंडल, छोटी मोहनपुर (एकचारी) का निवासी है, जिस पर हत्या के प्रयास और लूट जैसे आधा दर्जन से अधिक मामले पहले से दर्ज हैं। अन्य आरोपियों को पकड़े के लिए पुलिस जुटी हुई है।

### डॉ. संदीप ने लिया प्राचार्य का पदभार, निवर्तमान को विदाई

**भागलपुर|** जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में प्राचार्य पद का औपचारिक हस्तांतरण संपन्न हुआ । जहां डॉ. संदीप लाल ने नए प्राचार्य के रूप में विधिवत पदभार ग्रहण किया। संस्थान के ऑडिटोरियम में आयोजित एक समारोह में निवर्तमान प्राचार्य डॉ. अविलेश कुमार को विदाई दी गई। इस दौरान उपस्थित शिक्षकों एवं कर्मियों ने उनके सफल कार्यकाल और संस्थान के प्रति उनके योगदान की मुक्तकंठ से सराहना की। समारोह में मुख्य रूप से पूर्व प्राचार्य डॉ. हेमशंकर शर्मा और डॉ. उमा शंकर सिंह सहित कई गणमान्य चिकित्सक एवं शिक्षाविद उपस्थित रहे।

# स्कूल में मिड-डे मील खाने के बाद 15 बच्चे अचानक बीमार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर में आज मिड-डे मील खाने के बाद 15 बच्चे अचानक बीमार हो गए। स्कूल में निर्धारित समय पर चौथी और पांचवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को मिड डे मील परोसा गया। मेन्यू में चावल और छोला शामिल था। खाना खाने के कुछ ही देर बाद बच्चों ने सीने में दर्द, पेट दर्द, चक्कर आना और अत्यधिक कमजोरी की शिकायत शुरू कर दी। देखते ही देखते कई बच्चों की हालत बिगड़ने लगी। घटना हबीबपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत शाहजंगी स्थित प्राथमिक विद्यालय गंगोता मैदान की है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए स्कूल प्रशासन ने तत्काल स्थानीय ग्रामीणों की मदद ली और सभी बीमार बच्चों को सदर अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों की निगरानी में सभी बच्चों का इलाज शुरू किया गया। फिलहाल सभी बच्चों की स्थिति स्थिर बताई जा रही है, हालांकि डॉक्टर लगातार उनकी निगरानी कर रहे हैं।

**छोले से आ रही थी बदबू:** घटना को लेकर बच्चों और अभिभावकों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। पांचवीं कक्षा की छात्रा आरुषि कुमारी ने बताया कि मिड डे मील में दिए गए छोले से अजीब प्रकार की बदबू आ रही थी, जबकि चावल सामान्य था। खाना खाते ही उन्हें उल्टी और चक्कर आने लगा, साथ ही पेट में तेज दर्द होने लगा। इसके बाद उन्होंने तुरंत इसकी सूचना शिक्षकों को दी। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में अभिभावक और ग्रामीण सदर अस्पताल पहुंच गए। सभी अपने-अपने बच्चों की स्थिति जानने और उनके इलाज की व्यवस्था में जुटे रहे। अस्पताल परिसर में देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। बीमार बच्ची के मां शबाना खातून ने बताया कि स्कूल में खाना खाने के बाद सभी बच्चे गिरने लगे। इसके बाद शिक्षकों ने अस्पताल में जानकारी दी। अस्पताल से एंबुलेंस है। सभी बच्चों को एंबुलेंस से अस्पताल लाया गया है, जहां पर उनका इलाज चल रहा है। बच्चों ने बताया कि सब्जी महक रही थी। सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ राजू ने बताया कि बच्चे पेट में दर्द कमजोरी की शिकायत लेकर पहुंचे हैं। सभी का इलाज हो रहा है। सभी की स्थिति सामान्य है। हालांकि फिलहाल उसे अस्पताल में रखा जाएगा। पूरी तरह ठीक से ठीक जाने के बाद परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

## जिले में एलपीजी-पेट्रोल की किल्लत नहीं




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**भागलपुर।** भागलपुर में लघु जल संसाधन विभाग के सचिव सह जिला प्रभारी सचिव बी कार्तिकेय धनजी ने बुधवार को समीक्षा भवन में बैठक की। बैठक में पश्चिम एशिया में जारी अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों के संभावित प्रभाव को देखते हुए खाद्य सामग्री, रसोई गैस और पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति पर विशेष जोर दिया गया। प्रभारी सचिव ने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी स्थिति में आम लोगों को आवश्यक वस्तुओं की कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन पूरी तरह सजग है और गैस-पेट्रोल की सप्लाई पूरी तरह सुचारू (स्ट्रीमलाइन) है।

**अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील:** कहा कि लोगों को घबराने या अफवाहों पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है। स्थिति सामान्य है और आमजन अपनी दिनचर्या पूर्व की तरह जारी रखें। बैठक में प्रवासी श्रमिकों की सुरक्षा और उनके हितों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे आपसी समन्वय बनाकर किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहें। प्रभारी सचिव ने कहा कि राज्य सरकार का स्पष्ट निर्देश है कि इस समय आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए जिला के सभी पदाधिकारी एकजुट होकर लगातार आपूर्ति व्यवस्था की निगरानी कर रहे हैं। बैठक में जिलाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी DDC प्रदीप कुमार के अलावा कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में नॉमिनेशन के लिए आवेदन शुरू

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**बांका।** बांका के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 14 अप्रैल तक बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद (बीसीईसीई बोर्ड) की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आईटीआई कैट 2026 के विकल्प के माध्यम से अपना पंजीयन करा सकते हैं। नामांकन से पहले बोर्ड द्वारा एक प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में सफल होने वाले अभ्यर्थियों को मेरिट के आधार पर विभिन्न ट्रेडों और जिलों के आईटीआई संस्थानों में प्रवेश का अवसर मिलेगा। नोडल प्राचार्य शाश्वत ने बताया कि बांका में तीन सरकारी आईटीआई संस्थान संचालित हैं, जिनमें एक महिला आईटीआई भी शामिल है। इन संस्थानों में युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा प्रदान करने के लिए कई प्रकार के तकनीकी और व्यावसायिक ट्रेडों में प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध है। प्रशिक्षण के साथ-साथ विद्यार्थियों को टाटा टेक के सहयोग से संचालित विशेष कौशल आधारित कार्यक्रमों का भी लाभ दिया जाता है।

**छात्रावास की सुविधा भी उपलब्ध:** इन आईटीआई संस्थानों में कुशल युवा कार्यक्रम (केवाईपी) भी चलाया जा रहा है, जो युवाओं को कंप्यूटर और संचार कौशल में प्रशिक्षित करता है। तेलिया स्थित राजकीय रुक्मिणी देवी हनुमान दास राजगढ़िया आईटीआई में प्रशिक्षणार्थियों के लिए छात्रावास की सुविधा भी उपलब्ध है।

# ससुराल में 3 बच्चों की मां प्रेमी के साथ पकड़ाई

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



♦ अवैध संबंध पर घर में हुआ था झगड़ा, सास-ससुर घर छोड़ चले गए थे, पति रहता बाहर

**बेगूसराय।** बेगूसराय में 3 बच्चों की मां ससुराल में प्रेमी के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा गई। घर में सास-ससुर नहीं थे, बच्चों को सुलाने के बाद महिला ने प्रेमी को रात में घर बुलाया था। दोनों के अफेयर के बारे में सास-ससुर को पहले से पता था। इसके लिए उन्होंने अपनी बहू को फटकार भी लगाई थी। जिसके बाद महिला अपने बच्चों के साथ बूढ़ी गंडक नदी में आत्महत्या करने चली गई थी। नदी किनारे गश्ती पुलिस थी, जिसने महिला को ऐसा करने रोका और समझाकर घर भेजा। सास-ससुर को डर था कि फिर से बहू ने आत्महत्या की सोची तो हम फंस जाएंगे। इसी डर से वे लोग घर से भाग गए थे। महिला घर में अकेली थी, उसने अपने प्रेमी को बुला लिया था, पर पड़ोसियों ने सास-ससुर को खबर कर दी। जिसके बाद सास-ससुर घर लौटे और दोनों को आपत्तिजनक में पकड़ लिया। मामला 25 मार्च का है, आज एक वीडियो सामने आया है, जिसमें महिला और उसका प्रेमी बंधक बने दिख रहे हैं। मामला खोदावंदपुर थाना क्षेत्र का है।


**महिला का पति बाहर काम करता है:** महिला का पति बाहर मजदूरी का काम करता है। घर बहुत कम ही आना होता है। महिला की शादी 11 साल पहले हुई थी। 9 साल तक महिला का गांव के किसी पुरुष से संबंध नहीं रहा। पर पिछले दो साल से गांव के एक शख्स के साथ उसका अवैध संबंध शुरू हो गया। दोनों गांव में चोरी-छिपे मिलते थे। इस बात की जानकारी सास-ससुर को भी हो गई थी। उनलोगों ने अपनी बहू को काफी समझाया, पर वो उनकी बात नहीं मान रही थी। इस कारण परिवार में काफी विवाद भी होने लगा।

**लोगों ने वीडियो बनाकर किया वायरल:** पड़ोसियों की सूचना पर जब सास-ससुर घर पहुंचे तो कमरे में अपनी बहू को गैर मर्द के साथ देखा। महिला अपने सास-ससुर को देखकर चौंक गई और उसका प्रेमी हड़बड़ा गया। जल्दी से कपड़े पहनने लगा। इतने देर में आसपास के लोग भी घर में आ गए। सभी ने मिलाकर महिला और उसके प्रेमी को घर के बाहर पीलर में बांधकर बंधक बना लिया। इसी बीच किसी ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर आई और दोनों को हिरासत में लेकर थाने ले गई।

**पुलिस ने पूछताछ के बाद दोनों को छोड़ा:** पुलिस दोनों को थाने ले गई। जहां दोनों से पूछताछ की गई। जिसके बाद महिला को उसके ससुराल भेज दिया गया और प्रेमी को भी छोड़ दिया गया। इधर, गांव में इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। लोगों का कहना है कि एक तरफ महिला आत्महत्या का नाटक कर रही थी, दूसरी ओर परिवार के जाते ही प्रेमी को घर बुला लिया। खोदावंदपुर थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत और शक के आधार पर दोनों को पकड़ा गया था। पुलिस ने मामले की जांच की और पूछताछ के बाद दोनों को छोड़ दिया गया।

# 8 महीने की प्रेग्नेंट पत्नी की हत्या

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




लक्ष्मी मृतका

♦ पति ने 1 हजार रुपए जुए में उड़ा दिए, पत्नी ने सिलेंडर भरवाने के लिए कहा तो मार डाला

**बेगूसराय।** बेगूसराय में 8 महीने की प्रेग्नेंट पत्नी की हत्या कर दी। पति ने ईंट से सिर कुच दिया। घर में 10 दिन पहले गैस खत्म हो गई थी। घर में खाना लकड़ी के चूल्हे पर बन रहा था, इस वजह से काफी परेशानी हो रही थी। पत्नी ने पति को परेशानी बताई और कहा कि गैस सिलेंडर भरवा दीजिए। गैस के लिए मृतका के पिता ने दामाद को 1 हजार रुपए भी दिए थे। जिसे आरोपी पति ने जुए में उड़ा दिया। पत्नी ने फिर से गैस के लिए बोला तो उसकी हत्या कर दी। मृतका मुजफरा गारा गांव की रहने वाली लक्ष्मी कुमारी 21 है। मामला मंगलवार रात करीब साढ़े 9 बजे की है। घटना वीरपुर थाना क्षेत्र की है।

**ढाई साल के मासूम के सिर से उठा मां का साया:** लक्ष्मी की शादी 2021 में राज चौधरी (25) के साथ हुई थी। दोनों का ढाई साल का बेटा ऋषि भी है। पति अपनी पत्नी को अक्सर प्रताड़िता करता था। लक्ष्मी के पिता ने उसे दूसरी शादी करने की सलाह भी दी थी, लेकिन लक्ष्मी अपने बच्चे के फ्यूचर और सामाजिक लोकलाज के कारण राज से अलग नहीं हो रही थी।

**बहन का आरोप, अस्पताल लेट से ले जाया गया:** ईंट से हमला करने के बाद आरोपी पति राज पत्नी को अस्पताल ले गया था, हालांकि लक्ष्मी की बहन का आरोप है कि पति उसे अस्पताल ले जाने की जगह रास्ते में घुमाता रहा। जिससे उसकी मौत हो जाए और वो हत्या को दुर्घटना का रूप दे सके। जब लक्ष्मी अस्पताल में पहुंची तो डॉक्टरों ने लक्ष्मी को मृत घोषित कर दिया है। आरोपी राज चौधरी का कहना है कि रात में बिजली नहीं थी। मैं बेटे को घूमाने घर से बाहर गया था, उधर से लौटा तो पत्नी सीढ़ी के नजदीक गिरी हुई थी। मैंने मारपीट नहीं की है, पोस्टमॉर्टम में खुलासा हो जाएगा।

**पति को पुलिस में हिरासत में लिया:** घटना की सूचना मिलते ही वीरपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया कि पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है, आवेदन के आधार पर कार्रवाई होगी। मृतका के शरीब पर चोट के निशान मिले है। पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है

## फारबिसगंज में महिला शिक्षिकाओं से चेन स्नेचिंग

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**अररिया।** अररिया जिले के फारबिसगंज में दो महिला शिक्षिकाओं से हुई चेन स्नेचिंग की घटनाओं को पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने इस मामले में एक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि दूसरे की तलाश जारी है। फारबिसगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुकेश साह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। पहली घटना 19 मार्च की शाम दिनदयाल चौक, पटुआ गोला के पास हुई थी। पैदल जा रही एक महिला शिक्षिका से दो बाइक सवार अज्ञात अपराधियों ने सोने का मंगलसूत्र झपट लिया था। इस संबंध में फारबिसगंज थाना में कांड संख्या-168/26 दर्ज किया गया था।

**ऑयल पंप के पास महिला शिक्षिका से स्नेचिंग:** इसके ठीक एक सप्ताह बाद, 26 मार्च को पुराना इंडियन ऑयल पंप के पास दूसरी महिला शिक्षिका से भी सोने की चेन छीन ली गई। इस मामले में थाना कांड संख्या-174/26 दर्ज की गई। ये दोनों घटनाएं फारबिसगंज शहर में लगातार हुई थीं, जिससे क्षेत्र में चिंता बढ़ गई थी। घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए, अररिया एसपी जितेंद्र कुमार के निर्देश पर फारबिसगंज थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया। टीम ने शहर के सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और अपराधियों की पहचान की।

## लूट के आरोपी के घर कुर्की-जब्ती

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बांका।** बांका जिले के रजौन थाना क्षेत्र के भूसिया गांव में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर एक लूट कांड के फरार आरोपी के घर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था और पुलिस की पकड़ से बाहर था। जिसको लेकर लगातार पुलिस टीम का गठन कर छापेमारी की जा रही थी। लेकिन आरोपी पुलिस को चकमा देकर लगातार फरार चल रहा था। पुलिस के अनुसार, भूसिया गांव निवासी दीप नारायण पासवान लूट के एक मामले में वांछित अभियुक्त है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी और मोबाइल लोकेशन भी ट्रेस किए जा रहे थे, लेकिन वह बार-बार बच निकलता था।

**इश्तिहार चिपकाकर आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी गई थी:** थानाध्यक्ष राजरतन ने बताया कि आरोपी के घर पहले इश्तिहार चिपकाकर आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी गई थी। इसके बावजूद जब उसने आत्मसमर्पण नहीं किया, तो न्यायालय ने कुर्की-जब्ती का आदेश दिया। इसी आदेश के तहत यह कार्रवाई की गई।

**ढोल बजाकर कुर्की-जब्ती की प्रक्रिया पूरी की:** एसआई संजय कुमार सिंह, श्रीराम कुमार रमन, पंकज कुमार और प्रशिक्षु दरोगा विनय कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम गांव पहुंची। ग्रामीणों की मौजूदगी में ढोल बजाकर कुर्की-जब्ती की प्रक्रिया पूरी की गई। इस दौरान घर में रखे गैस सिलेंडर, कुर्सी सहित अन्य सामान जब्त कर थाने लाया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

## संपत्ति कर जमा करने के लिए शिविर का आयोजन

**अररिया।** अररिया नगर परिषद में वित्तीय वर्ष की समाप्ति को देखते हुए 31 मार्च को संपत्ति कर (होल्डिंग टैक्स) संग्रहण के लिए एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कर जमा करने के लिए शहर के विभिन्न वार्डों से बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे, जिससे भारी भीड़ देखी गई। सुबह 10 बजे से देर शाम 7 बजे तक चले इस शिविर में लोगों की लंबी कतारें लगी रहीं। नगर परिषद परिसर सुबह से ही नागरिकों से भरा रहा, जो अपने संपत्ति कर का भुगतान करने के लिए इंतजार कर रहे थे।

**संपत्ति कर जमा करने वालों की भीड़:** नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी चंद्र प्रकाश राज ने बताया कि इस विशेष शिविर में संपत्ति कर जमा करने वालों की भारी भीड़ उमड़ी है। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन होने के कारण शहरवासियों में जागरूकता दिखी। इस वर्ष कुल कितना संपत्ति कर संग्रहित हुआ, इसके सही आंकड़े बुधवार को सामने आएंगे। नागरिकों में उत्साह का मुख्य कारण बिहार सरकार की 'नगरपालिका संपत्ति कर प्रोत्साहन योजना-2025' थी। इस योजना के तहत 31 मार्च 2026 तक के बकाया संपत्ति कर को एकमुश्त जमा करने पर पूरा ब्याज माफ किया जा रहा है।


बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
**उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, नवीनगर**
Email ID-nkcd1975 @gmail.com

भाड़े पर वाहन रखने हेतु अति–अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं०–03 / 2025–26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण वाहन मालिक को सूचित किया जाता हैं कि कार्यपालक अभियंता, उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, नवीनगर अंतर्गत विभिन्न कार्यो के सम्पादन, योजनाओं एवं नहरों का निरीक्षण एवं उच्चधिकारियों के बैठक में भाग लेने इत्यादि कार्यो के निमित निम्नलिखित पदाधिकारियों हेतु उनके पदनाम के सम्मुख अंकित व्यवसायिक वाहन दिनांक–01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक के लिए अग्रलिखित शर्तो के अधीन इच्छुक वाहन मालिक / फर्म से मुहर बंद दर कोटेशन आमंत्रित किया जाता है।

| क०स० | पदाधिकारी का पदनाम | वाहन का प्रकार | वाहन की संख्या | वाहन का दर | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | कार्यपालक अभियंता, उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, नवीनगर हेतु। | स्कॉर्पियो (व्यवसायिक वाहन ) | 01.अदद | 27500 / – (सताईस हजार पाँच सौ रूपये) मात्र प्रति माह। | |
| 02 | अवर प्रमण्डल पदाधिकारी उत्तर कोयल नहर अवर प्रमण्डल, रोड–01 एव रोड–02 हेतु। | बोलेरो (व्यवसायिक वाहन) | 01.अदद | 17400 / – (सत्रह हजार चार सौ रूपये) मात्र।प्रति माह | |

1. कोटेशन आमंत्रित सूचना निर्गत करने की तिथि :– दिनांक 25.03.2026
2. कोटेशन जमा करने की तिथि :– दिनांक– 07.04.2026 3:00 बजे अपराह्न तक।
3. कोटेशन जमा करने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल,नवीनगर।
4. कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक–07.04.2026 3:30 बजे अपराह्न में।
5. विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, नवीनगर मो0–7004682964

(ई० रवि कांत दास)
कार्यपालक अभियन्ता,
उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, नवीनगर

PR- 027498 (WRD) 2025-26

विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

## संक्षिप्त समाचार

### पेट्रोल पंपों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों व गैस एजेंसियों का अफसरों ने किया निरीक्षण

**आरा**। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया के निर्देशानुसार क्राइसिस मैनेजमेंट की बैठक के बाद भोजपुर जिले में आवश्यक वस्तुओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित कराने की दिशा में कार्य तेज है। जिलाधिकारी द्वारा गठित विभिन्न पदाधिकारियों की टीमों के माध्यम से पूरे जिले में व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया गया। ताकि आमजन को आवश्यक वस्तुएं सुचारू तरीके से उपलब्ध हो सकें और किसी भी प्रकार की अनियमितता पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके। इसी क्रम में मंगलवार को सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, आपूर्ति पदाधिकारी व अन्य संबंधित क्षेत्रीय पदाधिकारियों ने संबंधित थानाध्यक्षों के साथ संयुक्त तरीके से विभिन्न पेट्रोल पंपों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों व गैस एजेंसियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पेट्रोल, डीजल, एलपीजी गैस सिलेंडर सहित अन्य आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता व आपूर्ति की स्थिति का जायजा लिया गया। साथ ही जमाखोरी (होर्डिंग) व आवश्यक वस्तुओं के अवैध उपयोग व वितरण पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए।

### श्रीहनुमत् जयंती पर सकड्डी में मूर्ति अनावरण, भव्य आयोजन की तैयारी

**आरा**। सकड्डी स्थित श्री महावीर मंदिर में 2 अप्रैल को श्रीहनुमत् जयंती के अवसर पर भव्य जन्मोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर सुबह पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है और आयोजन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। कार्यक्रम के दौरान बाबा रामरतन दास तपस्वी जी, स्वामी गदाधराचार्य माचा स्वामी जी, आचार्य किशोर कुणाल जी एवं दानी बाबा गणेश सिंह जी की मूर्तियों का विधिवत अनावरण किया जाएगा। यह अनावरण समारोह आयोजन का प्रमुख आकर्षण होगा, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। मंदिर के व्यवस्थापक रंग जी सिंह ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रसिद्ध भागवत-रामायण वक्ता आचार्य भारतभूषण जी महाराज करेंगे। वहीं, मुख्य अतिथि के रूप में अनीता कुणाल और विशिष्ट अतिथि के रूप में सायन कुणाल उपस्थित रहेंगे। स्थानीय लोकसभा सांसद शांभवी के भी कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना है।

### संभावना पब्लिक स्कूल और संभावना आवासीय उच्च विद्यालय का वार्षिक परीक्षाफल घोषित

**आरा**। स्थानीय "शान्ति स्मृति" सम्भावना आवासीय उच्च विद्यालय मझौंवा तथा "शारदा स्मृति" सम्भावना पब्लिक स्कूल मौलाबाग आरा में मंगलवार को वार्षिक परीक्षाफल जारी हुआ। परीक्षाफल सह-पुरस्कार वितरण-2026 का उद्घाटन विद्यालय के निदेशक डॉ. कुमार द्विजेंद्र तथा प्राचार्या डॉ. अर्चना सिंह ने संयुक्त रूप से किया। समारोह में प्ले ग्रुप से ग्यारहवी कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 75 छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार दिया गया। वही कक्षा नर्सरी से कक्षा ग्यारहवीं तक अपनी कक्षा में सभी सेक्शन मिलाकर टॉपर रहे छात्र-छात्राओं को विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया। प्राचार्या डॉ. अर्चना सिंह ने कहा कि आज विद्यालय के बच्चों के लिए तथा उनके अभिभावकों के लिए विशेष दिन है। विद्यालय के लगभग 200 बच्चे अपनी कक्षा के विभिन्न खण्डों में 90 से 100 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त किये है। उन्होंने कहा की जो बच्चे आज इस मंच से पुरस्कृत नहीं हुए है, वे और मेहनत करे, ताकि अगले वर्ष की वार्षिक परीक्षा में पुरस्कृत हो सके। उन्होंने सभी अभिभावकों से अनुरोध करते हुए कहा कि अपने बच्चे को मोबाईल और इंटरनेट से दूर रखें। अपने बच्चे के साथ-साथ उनके दोस्तों पर भी नजर रखें। निदेशक डॉ. कुमार द्विजेन्द्र ने कहा कि संभावना विद्यालय में लगभग 27 सौ छात्र-छात्राएँ अध्यनरत है। हमारे बच्चे आतंरिक परीक्षा में जितना बेहतर रिजल्ट देते है, उससे ज्यादा बेहतर सीबीएसई द्वारा आयोजित कक्षा-10/12 के बोर्ड परीक्षाओं में रिजल्ट देते है। प्रति वर्ष हमारे विद्यालय के 40 से 50 बच्चे 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करते हैं, उन्होंने कहा की आज वार्षिक परीक्षा-2026 का परीक्षाफल घोषित होने के बाद अगले एक सप्ताह तक सभी अभिभावकों को अनके बच्चों की उत्तर पुस्तिकाओं को दिखाया जाएगा। साथ ही, शिक्षक अभिभावक संवाद (पीटीएम) का आयोजन भी किया जाएगा, ताकि अभिभावक अपने बच्चों के शिक्षकों से रूबरू हो सके और अपनी समस्याओं को शिक्षकों के साथ साझा कर सके। अगामी 1 से 7 अप्रैल तक विद्यालय में सभी अभिभावकों को आमंत्रित किया गया है, ताकि वे अपने बच्चों की प्रगति के बारे में शिक्षकों से जानकारी हासिल कर सकें और उत्तर पुस्तिकाओं का स्वावलोकन कर सके। साथ ही, अभिभावक अपने बच्चों का वर्ग उत्तीर्णता प्रपत्र (सीपीएफ) भी जमा करेंगे।

**70 प्रतिशत से ज्यादा छात्रों ने 90 प्रतिशत या उससे ऊपर अंक प्राप्त किए**: विद्यालय के परीक्षा प्रभारी राजेश रमण ने बताया कि विद्यालय के कुल-2783 बच्चों में से 70 प्रतिशत से ज्यादा बच्चों ने 90 प्रतिशत या उससे ऊपर अंक प्राप्त किया है। शेष बच्चों का औसत अंक 60 प्रतिशत के आस-पास रहा है। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के उप-प्राचार्य ऋषिकेश ओझा ने किया। उन्होंने कहा कि संभावना विद्यालय अनुशासन के साथ बेहतर शिक्षा के लिए जाना जाता है। हमारे शिक्षक बच्चों को पढ़ाने के साथ-साथ उन पर पैनी नजर भी रखते है। हमारा विद्यालय वैसे बच्चे जो पढ़ने में कमजोर है, उन पर विशेष ध्यान देता है। हम बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कृत सकल्पीत है। संचालन विद्यालय के एकेडमिक इंचार्ज अरविन्द ओझा ने किया।

### तीन संतान होने पर पार्षद की सदस्यता खत्म

**आरा**। बिहार राज्य निर्वाचन आयोग, पटना ने नगर निगम आरा के वार्ड संख्या 31 से जुड़े एक महत्वपूर्ण मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए निर्वाचित वार्ड पार्षद प्रयाग यादव की सदस्यता समाप्त कर दी है। यह कार्रवाई वर्ष 2023 के चर्चित मामले चर्चित वाद संख्या 20/2023 कृष्णा जी बनाम प्रयाग यादव के मुकदमा में की गई है। जिसमें बिहार नगर पालिका अधिनियम, 2007 की धारा 18 (1) (एम) के तहत उन्हें अयोग्य ठहराया गया। अधिवक्ता अजीत रंजन कुमार ने बताया कि निर्वाचन आयोग के समक्ष प्रस्तुत साक्ष्यों और तथ्यों की विस्तृत जांच के बाद यह निष्कर्ष निकाला गया कि प्रयाग यादव (पिता स्वर्गीय रामेश्वर यादव) निवासी भलुहीपुर वार्ड संख्या-31के तीन संतान हैं। जबकि नामांकन के समय उन्होंने शपथ-पत्र में इस तथ्य को छुपाते हुए गलत जानकारी दी थी। अधिनियम के अनुसार कट ऑफ डेट 4-4-2008 के अनुसार दो से अधिक संतान होने की स्थिति में उम्मीदवार चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य होता है। इस आधार पर आयोग ने उन्हें पद से अयोग्य घोषित करते हुए तत्काल प्रभाव से वार्ड पार्षद पद से मुक्त कर दिया है। आयोग ने पूरे प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी को निर्देश दिया सुनवाई के दौरान आवेदक पक्ष से अधिवक्ता अजीत रंजन कुमार (सिविल कोर्ट आरा),विपक्षी पक्ष से अधिवक्ता रंजीत चौबे (पटना उच्च न्यायालय) और जिला प्रशासन से उप निर्वाचन पदाधिकारी दिवाकर दास आयोग के समक्ष उपस्थित हुए। आयोग द्वारा जारी पत्रांक 2286/ 24-3-2026 के माध्यम से सभी संबंधित पक्षों को आदेश की सूचना भेज दी गई है।

**निर्वाचन आयोग ने मेरे साथ अन्याय किया: प्रयाग**: प्रयाग यादव ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने मेरे साथ अन्याय किया है। सारे नियम को ताख पर रखकर फैसला दिया गया है। जिला से जितने भी रिपोर्ट गए, हमारे पक्ष में हैं। मेरे सिर्फ दो संतान हैं। एक पक्ष के द्वारा षड्यंत्र कर मुझे हटाने का काम किया गया है। अधिवक्ता अजीत रंजन ने बताया, निर्वाचन आयोग के अनुसार कि प्रयाग यादव के भाई ने प्रयाग यादव की एक पुत्री को अपनी संतान दर्शाते हुए फर्जी शपथ-पत्र, जन्म प्रमाणपत्र, आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज तैयार कराए। इसके अलावा भलुहीपुर के अरुणोदय चिल्ड्रेन एकेडमी के नामांकन रजिस्टर में भी कथित रूप से हेरफेर किया गया। प्रयाग यादव और उनकी पत्नी के नाम में ओवरराइटिंग की गई। इस मामले में स्कूल के प्रधानाध्यापक के विरुद्ध प्राथमिकी की जा चुकी है। जो फिलहाल न्यायालय में विचाराधीन है। पारिवारिक सर्वेक्षण के दौरान महिला पर्यवेक्षिका द्वारा की गई जांच में प्रयाग यादव की माता मुस्मात मगरसनी देवी ने बयान दिया कि प्रयाग यादव के तीन बच्चे अनुष्का यादव, पुतुल कुमारी और सम्राट यादव हैं।

# भाकपा माले (लिबरेशन) का 11वां जिला सम्मेलन संपन्न

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**बक्सर**। बक्सर में भाकपा माले (लिबरेशन) का 11वां जिला सम्मेलन संपन्न हो गया है। इस दौरान नवीन कुमार को एक बार फिर जिला सचिव चुना गया। सम्मेलन के दूसरे दिन की शुरुआत शहीद कॉमरेड चंद्रशेखर (चंदू) की शहादत दिवस पर उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर पार्टी के बिहार राज्य सचिव कॉमरेड कुणाल, पोलित ब्यूरो सदस्य कॉमरेड अमर, वरिष्ठ नेता कॉमरेड मनोहर, जिला सचिव कॉमरेड नवीन कुमार, पूर्व विधायक डॉ. अजीत कुमार सिंह तथा कॉमरेड अलख नारायण चौधरी सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि दी। सम्मेलन के पहले दिन निवर्तमान जिला सचिव नवीन कुमार ने संगठन की कार्य रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस रिपोर्ट पर कुल 21 प्रतिनिधियों ने विस्तार से चर्चा की और अपने विचार रखे।

**केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों पर हमला बोला**: दूसरे दिन भी बहस का सिलसिला जारी रहा, जिसमें सात प्रतिनिधियों ने संगठन को मजबूत करने के लिए विभिन्न सुझाव दिए। दूसरे दिन के सत्र को संबोधित करते हुए राज्य सचिव कॉमरेड कुणाल, पोलित ब्यूरो सदस्य कॉमरेड अमर, वरिष्ठ नेता कॉमरेड मनोहर और पर्यवेक्षक कॉमरेड राजू यादव ने केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों पर हमला बोला। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार लगातार जन अधिकारों को कमजोर कर रही है। उन्होंने गरीबों, किसानों, मजदूरों और युवाओं के हितों के खिलाफ नीतियां लागू करने का दावा किया। श्रम कानूनों में बदलाव, सरकारी नौकरियों में कटौती और मनरेगा को कमजोर करना आम जनता के लिए गंभीर संकट पैदा कर रहा है।

**''गरीबों और दलितों के घरों पर बुलडोजर चलाया''**: वक्ताओं ने देश में नफरत की राजनीति को बढ़ावा दिए जाने पर भी चिंता व्यक्त की और इसका मुकाबला जन एकता के माध्यम से करने का आह्वान किया। बिहार सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि बिना नोटिस के गरीबों और दलितों के घरों पर बुलडोजर चलाया जा रहा है। इसे "बुलडोजर राज" करार देते हुए, नेताओं ने इसके खिलाफ व्यापक आंदोलन खड़ा करने का आह्वान किया। सम्मेलन को सफल बनाने के लिए चार सदस्यीय टेक्निकल टीम का गठन किया गया था। इस टीम में बीरबहादुर पासवान, संध्या पाल, सर्वेश कुमार पांडेय और शिवजी राम शामिल थे, जिन्होंने आयोजन को सुचारु रूप से संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## सड़क हादसा, युवक की मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा**। भोजपुर में ट्रक ने बाइक सवार युवक को रौंद दिया। हादसे में उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की बाइक भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद ग्रामीण गुस्सा हो गए। ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग की। कारीसाथ फोरलेन पर शव को रख सड़क जाम कर दिया। इस दौरान फोरलेन पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लग गई और आवागमन पूरी तरह ठप रहा। सूचना पाकर गजराजगंज ओपी इंचार्ज चंचल महथा पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। लोगों को समझाने-बुझाने लगे। जिसके बाद लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। घटना आरा-बक्सर नेशनल हाईवे पर गजराजगंज ओपी क्षेत्र के कारीसाथ गांव के पास की है।

**घटनास्थल पर ही मौत हो गई**: जानकारी के अनुसार मृतक गीधा थाना क्षेत्र के बीरमपुर गांव निवासी कमलेश सिंह का 20 वर्षीय पुत्र आकाश सिंह है। वह स्नातक का छात्र था। इधर मृतक के चचेरे चाचा ने बताया कि सोमवार को वह बाइक से गजराजगंज ओपी क्षेत्र के कारीसाथ गांव अपने फुआ के घर घूमने गया था। जब वह बाइक से वापस गांव लौट रहा था। इसी दौरान कारीसाथ फोरलेन पर बेलगाम ट्रक ने रौंद दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना राहगीरों ने परिजनों को दी। बताया जाता है कि मृतक अपने 2 भाई और 4 बहन में दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां अनीता देवी, 4 बहन नेहा, निधु और एकता है। मृतक के छोटे भाई विकास सिंह की मौत भी ट्रेन की चपेट में आने से कुछ साल पहले हुई थी।

# मोबाइल-बाइक चोरी करने वाले गिरोह के 6 बदमाश गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा**। भोजपुर जिले में मोबाइल झपट्टामारी और बाइक चोरी की घटना बढ़ी है। भोजपुर पुलिस ने गिरोह के 6 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों के पास से पुलिस ने चोरी की 3 बाइक और 3 मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। मंगलवार को सदर एएसपी राजकुमार साह ने पीसी में जानकारी दी है। एएसपी ने बताया कि 29 मार्च को नवादा थाना क्षेत्र के श्रीटोला निवासी सुनील कुमार की पत्नी खुशबू कुमारी धनुपरा स्थित डीएवी स्कूल मोड़ की ओर जा रही थीं। इसी दौरान बिना नंबर प्लेट की बाइक पर सवार दो बदमाशों ने उनका मोबाइल झपट लिया। गश्ती पदाधिकारी राजेश्वर प्रसाद और क्रॉस मोबाइल टीम के जवानों ने दोनों आरोपितों को रंगे हाथ पकड़ लिया। थानाध्यक्ष देवराज राय की ओर से सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपितों ने अपने गिरोह के अन्य सदस्यों के नाम उजागर किए और कई वारदातों में संलिप्तता स्वीकार की।

**चोरी की बाइक 3 हजार में बेच देते थे**: गिरफ्तार आरोपितों की पहचान अहिरपुरवा निवासी सुमित कुमार सोनी, पंकज कुमार, गुड्डू कुमार, निखिल कुमार, विकास कुमार और करण कुमार के रूप में हुई है। वहीं, गिरोह का एक अन्य सदस्य अनुराग कुमार उर्फ अंशु अभी फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। निशानदेही पर चोरी की 2 अन्य बाइक और 3 मोबाइल फोन बरामद किए गए। बरामद बाइकों में एक नवादा थाना, एक टाउन थाना और एक कोइलवर थाना क्षेत्र से चोरी की गई थी। गिरोह के सदस्य चोरी की बाइक को मात्र तीन से चार हजार रुपए में बेच दिया करते थे। हाल के दिनों में करीब 20 चोरी की बाइक बरामद की जा चुकी हैं।

## दरभंगा में हेरोइन के साथ 2 सगे भाई गिरफ्तार

- घर के पास चला रहे थे नशे का धंधा, छापेमारी में 70 ग्राम से अधिक खेप बरामद

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा**। भोजपुर में हेरोइन की खेप के साथ 2 सगे भाइयों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से करीब 70.08 ग्राम हेरोइन जैसा मादक पदार्थ बरामद हुआ है। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार तस्करों की पहचान टाउन थाना क्षेत्र के गौसगंज मोहल्ला निवासी श्याम नंदन पासवान और धनंजय पासवान के रूप में की गई है। दोनों आपस में सगे भाई हैं और लंबे समय से इलाके में मादक पदार्थों की बिक्री में संलिप्त बताए जा रहे हैं। एसडीपीओ ने बताया कि टाउन थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि गौसगंज मोहल्ले में 2 व्यक्ति अपने घर के पास हेरोइन जैसे मादक पदार्थ की बिक्री कर रहे हैं। सूचना के सत्यापन के लिए थानाध्यक्ष देवराज राय के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई।

**नेटवर्क के बारे में पता लगा रही पुलिस**: टीम ने बताए गए स्थान पर छापेमारी की, जहां से दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से 70.08 ग्राम हेरोइन जैसा पदार्थ बरामद हुआ, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। पुलिस अब दोनों आरोपितों से पूछताछ कर उनके नेटवर्क, सप्लाई चेन और इस धंधे से जुड़े अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटा रही है। साथ ही उनके आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है। इस कार्रवाई में दारोगा नुमान अली समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी और जवान शामिल थे। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, जिले में नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

# जिला कांग्रेस कमेटी के नए अध्यक्ष डॉ. श्रीधर तिवारी का स्वागत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा**। भोजपुर जिला कांग्रेस कमेटी के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष डॉ. श्रीधर तिवारी के मनोनयन पर जिले के कार्यकर्ताओं में खुशी है। इस अवसर पर यूथ कांग्रेस, एनएसयूआई एवं शहर के कई समाजसेवियों ने उन्हें अंगवस्त्र देकर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व के प्रति आभार जताया। इस दौरान मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, केसी. वेणुगोपाल, कृष्णा अलावरू एवं राजेश राम के प्रति धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया गया। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. श्रीधर तिवारी के जिला अध्यक्ष बनने से भोजपुर में कांग्रेस संगठन को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन मजबूत होगा और आम जनता की आवाज को मजबूती से उठाया जाएगा। युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ. भानु प्रताप सिंह, आरा सदर विधानसभा अध्यक्ष साकेत तिवारी, अधिवक्ता अंजनी तिवारी, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष गोलू तिवारी, पूर्व राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर एनएसयूआई प्रशांत ओझा, मनु सिंह, टुन्नू सिंह, कन्हैया कुमार, विकास मिश्रा, मुखिया विजय शंकर चौबे, अमित कुमार मिश्रा, प्रकाश तिवारी, समीर तिवारी, मनोरंजन यादव सहित कई लोगों ने डॉ. तिवारी को बधाई और शुभकामनाएं दीं। राजनीतिक पार्टी में जिला अध्यक्ष बदलने से संगठन मजबूत होता है, निष्क्रियता खत्म होती है और कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा आती है। इससे गुटबाजी कम होती है, रणनीति में बदलाव आता है और स्थानीय मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने में मदद मिलती है।

## भगवान महावीर जयंती पर वीकेएसयू के प्राकृत एवं जैन शास्त्र विभाग में संगोष्ठी



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा**। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के प्राकृत एवं जैन शास्त्र विभाग में मंगलवार को भगवान महावीर की जयंती के उपलक्ष्य में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भगवान महावीर के जीवन, उनके उपदेशों एवं वर्तमान समय में उनकी प्रासंगिकता पर विस्तार से चर्चा की गई। अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. दूधनाथ चौधरी ने किया। ऐसे समय में भगवान महावीर के उपदेश अत्यंत प्रासंगिक हो गए हैं। उन्होंने जीव मात्र पर दया और सभी के साथ समानता का व्यवहार करने का संदेश दिया, जो आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। सहायक अध्यापक डॉ. अमित कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा कि भगवान महावीर द्वारा प्रतिपादित पंच महाव्रत अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह आज के संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इन मूल्यों से दूर होने के कारण ही समाज में अशांति बढ़ रही है। वहीं सहायक प्रोफेसर डॉ. रामधनी राम ने 'जिन' शब्द की व्याख्या करते हुए बताया कि इंद्रियों पर विजय प्राप्त करने के कारण भगवान महावीर को यह उपाधि मिली। उन्होंने कहा कि संयमित जीवन ही सुख और शांति का आधार है।

## शिक्षक संघ शिष्टमंडल ने किया टॉपर छात्रा को सम्मानित



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गड़हनी**। बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ भोजपुर इकाई के तरफ से मैट्रिक परीक्षा में बिहार में 5 वा रैंक लाने वाली गड़हनी नगर पंचायत वार्ड 2 शांतिनगर के छात्रा नसरीन प्रवीण को अंगवस्त्र, डायरी और कलम देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व संघ के जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह मंटु ने किया। जिलाध्यक्ष मंटु ने बताया कि नसरीन प्रवीण मैट्रिक की परीक्षा में 500 में 486 अंक लाकर अपने प्रदेश और जिला का नाम रौशन किया है।

**शिक्षा से बढ़ कर कोई अमूल्य धन्य नहीं है - जिलाध्यक्ष**: साथ ही कहा कि शिक्षा से बढ़ कर कोई अमूल्य धन्य नहीं है। नसरीन से सभी छात्र - छात्राओं को सबक लेना चाहिए और अपने लक्ष्य को टारगेट बनाकर उसको पूरा करना चाहिए। उपस्थित सभी शिक्षक नेताओं ने उनके उज्जवल भविष्य और डॉक्टर बनने के लिये शुभकामनाएं दी।इस मौके पर बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह मंटु, प्रधान सचिव परमेश्वर पासवान, गड़हनी प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ गड़हनी के अध्यक्ष नागेन्द्र कुमार सिंह सहित दर्जनों शिक्षक प्रतिनिधि मौजूद थे।

# वीर कुंवर सिंह विवि के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग में विदाई समारोह

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा**। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग की हेड प्रो. लतिका वर्मा के सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विश्वविद्यालय एवं अंगीभूत महाविद्यालयों के मनोविज्ञान विभाग के आचार्यगण, शोधछात्र एवं स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर उन्हें भावभीनी विदाई दी। मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अध्यक्ष डॉ ओपी राय थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पटना विश्वविद्यालय के प्रो. इफ्तिखार उपस्थित रहे। मंच पर प्रो. लतिका वर्मा एवं डॉ. मधुकर प्रकाश भी मौजूद थे। समारोह के दौरान शोध छात्रों एवं विद्यार्थियों ने प्रो. वर्मा के चार दशकों के शैक्षणिक जीवन, उनके समर्पण, त्याग और विद्यार्थियों के प्रति उनके स्नेह को याद करते हुए भावपूर्ण शब्दों में सम्मान व्यक्त किया। वक्ताओं ने कहा कि प्रो. वर्मा ने अपने पूरे कार्यकाल में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कभी किसी को निराश नहीं किया और सदैव सहयोगी व प्रेरणास्रोत बनी रहीं। संचालन डॉ. वाचस्पति दूबे ने किया, जबकि प्रियंका जी ने स्वागत भाषण दिया। प्रो. यशवंत जी ने प्रशस्ति पत्र पढ़कर उन्हें सम्मानित किया और अंत में डॉ. प्रीतिका जी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर डॉ. विकास एवं डॉ. प्रीतिका द्वारा प्रो. वर्मा के जीवन पर आधारित एक वीडियो प्रस्तुति भी दिखाई गई, जिसे उपस्थित लोगों ने काफी सराहा। समारोह को सफल बनाने में छात्र नेता एवं शोध छात्र अभिषेक तिवारी, डॉ निर्मल कुमार सहित डॉ. विकास अभिनव, अरविंद, गुड़िया, पिंकी, अनुराधा, आजाद और प्रिंस ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में प्रो. लतिका वर्मा के पति डॉ. मधुकर प्रकाश, उनके पुत्र मयंक और मृणाल तथा पुत्रवधू डॉ. रूबी भी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### हाजीपुर में ऑटो और पिकअप की टक्कर, 8 लोग घायल

**हाजीपुर।** हाजीपुर-पटना मुख्य मार्ग पर महात्मा गांधी सेतु पर एक भीषण सड़क हादसे में टेंपू और पिकअप सवार 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना एक ट्रक की टक्कर से हुई। सूचना मिलते ही गंगा ब्रिज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत हाजीपुर सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के बाद ट्रक चालक फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। घायलों की पहचान कर ली गई है, जिनमें विभिन्न जिलों के निवासी शामिल हैं। घायलों में बेलसर थाना क्षेत्र के चक तैयत गांव निवासी राधिका महतो के 35 वर्षीय पुत्र सुनील महतो शामिल हैं, जो लुधियाना से घर लौट रहे थे। काजीपुर थाथन थाना क्षेत्र के हरौली गांव के मनोज सिंह के 31 वर्षीय पुत्र राजकुमार सिंह दानापुर से अपने घर जा रहे थे। सारण जिले के नगरा थाना क्षेत्र के नागरा बाजार के राजा राम के 31 वर्षीय पुत्र नितेश कुमार भी घायलों में शामिल हैं। मुंगेर जिले के हापुर थाना क्षेत्र के तारपुर गनेली गांव के बटेश्वर सिंह के 34 वर्षीय पुत्र प्रभु कुमार अपनी बहन के यहां दिघवारा जा रहे थे। संबलपुर, ओडिशा के मोहम्मद बशीर के 30 वर्षीय पुत्र मोहम्मद परवेज, जो पिकअप चालक थे, अपने 6 वर्षीय पुत्र मोहम्मद रैयाजुद्दीन के साथ गोपालगंज में ससुराल जा रहे थे। सदर थाना क्षेत्र के मनुआ गांव के स्वर्गीय रामचंद्र सिंह के 28 वर्षीय पुत्र संजीव कुमार सूरत से आ रहे थे, और सीतामढ़ी के उमाशंकर दास के 17 वर्षीय पुत्र रहीश कुमार भी घायल हुए हैं। इसी बीच, सदर थाना क्षेत्र के दिग्घी के पास एक और सड़क हादसा हुआ। यहां एक ट्रक की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल को हाजीपुर सदर अस्पताल पहुंचाया। इस हादसे में घायल व्यक्ति की पहचान महुआ थाना क्षेत्र के कन्हौली निवासी लालमोहन साह के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह रौशन टेबल्स के चालक हैं।

### कमरे से संदिग्ध हालत में मिला नवविवाहिता का शव

**हाजीपुर।** हाजीपुर सदर थाना क्षेत्र के रामाशीष चौक के पास एक नवविवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में किराए के कमरे से बरामद किया गया है। सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल भेज दिया गया है। मृतका की पहचान कटहरा ओपी क्षेत्र के मुस्तफापुर गांव निवासी स्वर्गीय राम बालक दास की 18 वर्षीय बेटी बबली कुमारी के रूप में हुई है।



नवविवाहिता के मामा राजेश कुमार दास ने बताया कि बबली की शादी 6 महीने पहले भगवानपुर थाना क्षेत्र निवासी स्वर्गीय सुरेश दास के पुत्र संतोष कुमार दास से हुई थी। शादी के कुछ दिनों बाद से ही बबली के ससुराल वाले अपाचे मोटरसाइकिल की मांग को लेकर उसे लगातार प्रताड़ित कर रहे थे और मारपीट भी करते थे। बबली ने फोन पर अपने मायके वालों को इस बारे में जानकारी दी थी। राजेश कुमार दास के अनुसार, बबली के ससुराल वाले सदर थाना क्षेत्र के रामाशीष चौक के पास किराए के मकान में रहते थे और सब्जी का कारोबार करते थे। मंगलवार शाम करीब 4 बजे स्थानीय लोगों से बबली की मौत की सूचना मिली। परिजन जब घटनास्थल पर पहुंचे, तो ससुराल के अन्य सदस्य फरार हो चुके थे। केवल सास घर पर मौजूद थी, जो परिजनों को देखकर भागने का प्रयास करने लगी। उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। बबली कुमारी दो बहनों और एक भाई में सबसे बड़ी थी।

### बस ने रोड पर चल रहे व्यक्ति को रौंदा, घायल

**हाजीपुर।** वैशाली के हाजीपुर-छपरा मुख्य मार्ग पर मंगलवार दोपहर एक यात्री बस ने पैदल चल रहे एक राहगीर को कुचल दिया। यह घटना अनजानपीर चौक के पास हुई, जिसमें राहगीर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने बस चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। यह हादसा उस समय हुआ जब आरा से पटना जा रही एक यात्री बस ने सड़क पर चल रहे राहगीर को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि राहगीर बुरी तरह घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।



स्थानीय लोगों ने भागने की कोशिश कर रही बस का पीछा किया और चालक को पकड़ लिया। उन्होंने तुरंत डायल 112 और नगर थाने की पुलिस को सूचना दी। घायल को आनन-फानन में सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया। सूचना मिलने पर नगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से बस और उसके चालक को हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार बस चालक की पहचान मोतिहारी जिले के गोविंदगंज थाना अंतर्गत अरेराज गांव निवासी पंका ठाकुर के पुत्र छोटू ठाकुर के रूप में हुई है। पुलिस चालक से घटना के संबंध में पूछताछ कर रही है।

### युवक के हाथ को छूते हुए सीने में फंसी गोली

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के करताहा थाना क्षेत्र के घटारो गांव में बदमाशों ने एक युवक को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। गोली की आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए, जिसके बाद बदमाश फरार हो गए। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। घायल युवक की पहचान घटारो गांव निवासी स्वर्गीय विनय सिंह के 20 वर्षीय पुत्र विवेक कुमार के रूप में हुई है। उसे पहले सदर अस्पताल हाजीपुर में भर्ती कराया गया, लेकिन गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हाजीपुर के एक निजी नर्सिंग होम में रेफर कर दिया गया, जहां उसका इलाज जारी है। स्थानीय लोगों के अनुसार, विवेक का गांव के ही एक अन्य लड़के से लड़की को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद के चलते युवक को गोली मारी गई है। गोली विवेक के दाहिने हाथ को छूते हुए सीने में जा फंसी है। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है। सदर एसडीपीओ-2 गोपाल मंडल ने बताया कि आपसी विवाद के कारण युवक को गोली मारी गई है। उन्होंने पुष्टि की कि गोली हाथ को छूते हुए सीने में फंसी है और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

### 120 मीटर ऊंचे टावर पर चढ़ा युवक, कहा-मेरी गर्लफ्रेंड को बुलाओ, पुलिस बोली- नीचे आओ, 6 घंटे बाद उतरा

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में गर्लफ्रेंड से शादी करने की जिद में एक लड़का 120 मीटर ऊंचे मोबाइल टावर पर चढ़ गया। उसका कहना था कि वह अपनी गर्लफ्रेंड से शादी करना चाहता है, लेकिन लड़की की शादी कहीं और तय की जा रही है। वहां मौजूद लोगों ने जब लड़के से उतरने के लिए कहा, लेकिन वो नहीं माना। उसका कहना था कि पहले उसकी गर्लफ्रेंड को बुलाया जाए, तभी वहां उतरेगा। मोबाइल टावर पर चढ़ने के बाद उसने डायल 112 को फोन भी किया। उसने पुलिस से कहा, 'मेरी गर्लफ्रेंड की शादी कहीं और तय हो रही है। आपलोग मेरी गर्लफ्रेंड को लेकर आइए और उससे मेरी शादी तय करवाइए, तभी मैं नीचे उतरूंगा, नहीं तो कूदकर जान दे दूंगा। मामला मुजफ्फरपुर जंक्शन इलाके का है।' मौके पर पहुंची पुलिस ने लड़के से कहा, तुम नीचे आ जाओ, तुमको सीधा ससुराल ले चलेंगे। हम लिखकर देते है, पूरा प्रशासन तुमको लेकर चलेगा। लड़की के परिवार से हमलोग बात करेंगे। चंदा मिलाकर थाने में तुम्हारी शादी होगी।' टावर पर चढ़े युवक का नाम अनीश है। वह पारू धरफरी वार्ड नंबर 9 का रहने वाला है। वो एक महीने पहले ही मुंबई से अपने घर लौटा था। मंगलवार की देर शाम वह फिर से मुंबई जाने के लिए घर से निकला था, लेकिन बुधवार सुबह करीब 8 बजे वह जंक्शन के पास मोबाइल टावर पर चढ़ गया। बताया जा रहा है कि अनीश का प्रेम संबंध मुजफ्फरपुर के देवरिया की एक युवती से है। उसने कहा, "मेरी गर्लफ्रेंड को बुला दो। हम 6 महीने से एक दूसरे से प्यार करते हैं। मैं छठ पर अपने गांव गया था, वहां मेरी उससे मुलाकात हुई। इसके बाद हमारी बातचीत होने लगी। उसने मुझसे शादी का वादा किया था। वो शादी का वादा कर के मुकर रही है। उसने मुझसे झूठा वादा किया, अब उसकी बहन बोल रही है कि वो दूसरी जगह शादी कर रही है। सुबह हमारी बात हुई थी। वो नहीं मान रही थी। उसे बुलाने के लिए मैं टावर पर चढ़ा हूं। वो जब तक नहीं आएगी, मैं नहीं उतरूंगा। मेरी सभी जगह बदनामी हो चुकी है।"

# पटना में बदमाशों ने छड़-गिट्टी के कारोबारी को मारी गोली

## अपार्टमेंट की सीढ़ियों पर छिपे थे, पीछे से आवाज दी, मुड़ते ही 5 राउंड फायरिंग की

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** पटना में जेडीयू विधायक श्याम रजक के करीबी को अपार्टमेंट में घुसकर बदमाशों ने गोली मार दी। घायल की पहचान दिलीप कुमार(40) के रूप में हुई है। दिलीप छड़-गिट्टी का कारोबार करते हैं। बदमाशों ने पांच राउंड फायरिंग की। दिलीप को एक गोली पेट में लगी है। दूसरी गोली हाथ को छूती हुई निकल गई। घटना शास्त्रीनगर थाना इलाके के जीएस इंक्लेव की है। इस वारदात का 2 मिनट 5 सेकेंड का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि कैसे 2 बदमाश हेलमेट लगाए अपार्टमेंट की सीढ़ियों के पास छिपकर बैठे हैं। जैसे ही दिलीप सीढ़िओं पर चढ़ते हैं। बदमाश पीछे से आवाज देते हैं और गोली चला देते हैं। एक गोली दिलीप के पेट में लगी है। वो अंदर की तरफ भागते हैं। बदमाश भी उनके पीछे दौड़ते हैं और 4 गोली और दिलीप को निशाना बनाकर चलाते हैं, लेकिन बदमाशों का निशाना चूक जाता है।

कारोबारी दिलीप कुमार मंगलवार की रात करीब 9.30 बजे अपने दफ्तर से अपार्टमेंट



पहुंचते हैं। वो बताते हैं कि, जैसे ही मैं सीढ़ी चढ़कर फ्लैट की ओर बढ़ रहे थे, पहले से घात लगाए दो युवक आए और उसमें से एक ने मुझे पीछे हाथ से नॉक करता है। मैं देखने के लिए पीछे मुड़ा तब तक उसने गोली मार दी। मैं ऊपर की ओर जान बचाने के लिए भागा, लेकिन एक बदमाश पिस्टल लेकर पीछा करता रहा। एक मेरे पीछे-पीछे पिस्टल लेकर बढ़ा। कुछ सीढ़ी चढ़ने के बाद फिर वह वापस लौटकर फायरिंग करते भाग गया। घटना के बाद उन्हें तुरंत रुबान हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

दिलीप कुमार 'एमपी इंजिकॉन' कंपनी चलाते हैं, जिसका दफ्तर बोरिंग रोड स्थित कुमार टावर में है। उनकी कंपनी बड़ी निर्माण कंपनियों को मैटेरियल सप्लाई करती है। एमपी ईनजीकौन एसपी सिंगला जैसी बड़ी-बड़ी कंपनियों में छड़ गिट्टी की सप्लाई देती है। दिलीप, जदयू विधायक श्याम रजक के अच्छे मित्र हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद श्याम रजक भी उन्हें देखने आए हैं।

**कंस्ट्रक्शन मैटेरियल सप्लाई करते हैं कारोबारः** अस्पताल पहुंचे दिलीप के पार्टनर रवि कुमार ने बताया कि, 'दफ्तर से दिलीप सीपी ठाकुर रोड नंबर 2 शिवपुरी स्थित G.S इंक्लेव अपार्टमेंट में आ रहे थे। तभी बदमाशों ने उनके ऊपर फायरिंग कर दी। हमारी कंपनी एसपी सिंगला जैसी बड़ी-बड़ी कंपनियों को मैटेरियल सप्लाई करती है। मुख्य काम भवन, पुल, पुलिया, आदि कंस्ट्रक्शन में मैटेरियल सप्लाई करने का है।' पुलिस सूत्रों का कहना है कि कुछ बिल्डर से हिसाब किताब में रुपए लेनदेन को लेकर देरी चल रही थी, जिसको लेकर विवाद चल रहा था। फिलहाल, इस एंगल से भी पुलिस छानबीन कर रही है। आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। जल्द से जल्द अपराधियों को पकड़ लिया जाएगा।

# 'भगवान सीएम बन जाएं तो भी मर्डर नहीं रुकेगा'

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** मोकामा से बाहुबली विधायक अनंत सिंह ने दैनिक भास्कर से बिहार के अपराध, राजनीति और अपने भविष्य को लेकर खुलकर बात की। अपने बेबाक बयान के लिए पहचान रखने वाले अनंत सिंह ने इस बार भी बिना लाग-लपेट के हर सवाल का जवाब दिया। बिहार में बढ़ते अपराध पर सवाल पूछा गया तो अनंत सिंह सीधे बोले- 'मर्डर बिहार में रुकने वाला नहीं है। यहां भगवान भी मुख्यमंत्री बन जाएंगे तो मर्डर नहीं रुकेगा।'

उन्होंने कहा कि, 'ये सब आपसी दुश्मनी का मामला होता है, हमरा-तोरा में लड़ाई है तो पुलिस क्या करेगी, सरकार क्या करेगी? सरकार घर-घर पुलिस थोड़ी ना बैठाएगी।' हालांकि उन्होंने ये भी कहा कि, 'हालात पहले जैसे नहीं हैं। अब अगर कोई किडनैप भी करता है तो इतना डर है कि 2 घंटे में छोड़ देता है।'

**नदमा में महादंगल, 10 लाख लोग पहुंचेंगेः** अपने गांव नदमा में होने वाले महा दंगल को लेकर भी अनंत सिंह काफी उत्साहित नजर आए। उन्होंने बताया कि, '3 अप्रैल तक बड़ा आयोजन हो रहा



❐ हत्याकांड में बेल पर बाहर आए अनंत सिंह बोले-सरकार हर घर में पुलिस थोड़े ना बैठाएगी

है। देश-विदेश से 100 से ज्यादा पहलवान आ रहे हैं। 10 लाख से ज्यादा लोग दंगल देखने पहुंचेंगे। उन्होंने आगे बताया कि, 'जो बाहर से आएंगे, उनके खाने-पीने का पूरा इंतजाम है। ऐसा दंगल बिहार में पहले कभी नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि, 'वे खुद भी 4 अप्रैल तक गांव में ही रहेंगे। अनंत सिंह अपने प्यारे घोड़े लाडला के साथ नदवां की सड़कों पर दिखे। घोड़े को जो संभाल रहा था उसे देखकर अनंत सिंह ने कहा कि इस घोड़े को संभालने के लिए ताकतवर आदमी चाहिए।

# पटना के फेमस डॉक्टर से मांगी 10 लाख की रंगदारी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** पटना में चर्चित चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉक्टर से रंगदारी मांगी गई है। जक्कनपुर थाना क्षेत्र के मीठापुर स्थित जन चिकित्सा हॉस्पिटल के डॉक्टर अभिषेक कुमार सिंह से फोन कर 10 लाख रुपये की डिमांड हुई है। वहीं, रकम नहीं देने पर उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई है। इस घटना के बाद डॉक्टर और उनके परिजनों में खौफ का माहौल है। इस मामले में पीड़ित डॉक्टर अभिषेक सिंह ने जक्कनपुर थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है।

**फोन कर दी धमकी, गाली-गलौज भीः** पीड़ित डॉक्टर अभिषेक सिंह के अनुसार, 30 मार्च 2026 की रात करीब 8:52 बजे एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन किया था। कॉल करने



❐ रकम नहीं देने पर जान लेने की धमकी दी, कॉल पर गाली-गलौज किया, 2 अस्पताल के हैं डायरेक्टर

वाले ने खुद को दबंग बताते हुए 10 लाख रुपये की मांग की। विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज की और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। डॉक्टर ने बताया कि कॉल काटने के बाद भी उसी नंबर से लगातार कॉल आने लगे, लेकिन उन्होंने दोबारा फोन रिसीव नहीं किया।

# बिहार राज्य आईटीआई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष, महासचिव सहित अनेकों लोगों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर मेजर विनय कुमार को एवं राष्ट्रीय महासचिव बनने पर विनोद शेखावत को बधाई दी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** बिहार राज्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कर्मचारी संघ के अध्यक्ष -शशि भूषण आर्य एवं महासचिव - मनोज कुमार यादव ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर ऑल इंडिया यूनाइटेड फेडरेशन ऑफ गवर्नमेंट आईटीआई एम्प्लाइज एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर मेजर विनय कुमार को एवं राष्ट्रीय महासचिव बनने पर विनोद शेखावत को बधाई दिया है I

सभी नेताओं ने कहा कि ऑल इंडिया यूनाइटेड फेडरेशन ऑफ गवर्नमेंट आईटीआई एम्प्लाइज एसोसिएशन का गठन वर्ष 2015 में नई दिल्ली में हुआ था और स्थापना काल से ही बिहार का आईटीआई कर्मचारी संघ संस्थापक सदस्यों में से एक था I सम्पन्न बैठक में अगले सत्र के लिए सर्वसम्मति से केंद्रीय कार्यकारिणी परिषद् के लिए 42 पदाधिकारियों का निर्वाचन किया गया एवं पांच सदस्यीय सलाहकार पर्षद का गठन किया गया I जिसमें बिहार राज्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कर्मचारी संघ के चार सदस्यों को भी राष्ट्रीय कमिटी में पदाधिकारी निर्वाचित किया गया तथा एक सदस्य को राष्ट्रीय सलाहकार पर्षद का सदस्य बनाया गया I जो निम्नलिखित है -

राष्ट्रीय अध्यक्ष - मेजर विनय कुमार, ग्रुप अनुदेशक, आईटीआई मुजफ्फरपुर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष* - श्री शशि भूषण आर्या, ग्रुप अनुदेशक, आईटीआई जमुई,

राष्ट्रीय सचिव - श्रीमती किरण भारती, अनुदेशक, आईटीआई मोतिहारी, राष्ट्रीय प्रेस सचिव* - श्री मनोज कुमार यादव, ग्रुप अनुदेशक, आईटीआई दीघाघाट,

राष्ट्रीय सलाहकार पर्षद के उपाध्यक्ष - प्रेमचंद कुमार सिन्हा, ग्रुप अनुदेशक, आईटीआई सोनपुर,

उक्त राष्ट्रीय कमिटी में बिहार के साथी मेजर विनय कुमार जी को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने पर राष्ट्रीय कमिटी के सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया एवं कहा कि यह बिहार के लिए गौरव की बात है I

मेजर विनय कुमार, राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ विनोद शेखावत जी को राष्ट्रीय महासचिव बनने पर बधाई देते हुए कहा कि आप दोनों के कुशल नेतृत्व में सरकारी आईटीआई के कर्मचारियों का संयुक्त राष्ट्रीय फेडरेशन दिन -प्रति- दिन आगे बढ़ेगा और बिहार सहित पूरे देश के आईटीआई कर्मचारियों को एक पदनाम, एक वेतनमान एवं प्रोन्नति का समान अवसर मिलने में सफलता मिलेगी।

बधाई देने वालों में महासंघ (गोप गुट) के महासचिव प्रेमचंद कुमार सिन्हा, अध्यक्ष निरंजन कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष नीतेश आनंद सहित आईटीआई के कर्मचारी नेता शशि भूषण आर्य, मनोज कुमार यादव, अविनाश कुमार, प्रेम कुमार, संजय कुमार, नीतीश कुमार, विष्णुदेव कुमार, पी के मौर्या, बिट्टू कुमार, बिपिन कुमार, रामजी राम, वरुण कुमार, रवि कुमार, अंकुर त्यागी, किरण भारती, सुनील कुमार, आदि शामिल थे I

# सीएम कार्यक्रम में हंगामा करने वाले छात्रों पर एफआईआर, पीयू छात्र संघ अध्यक्ष समेत 6 पर केस

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** पटना विश्वविद्यालय परिसर में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यक्रम के दौरान छात्रों के हंगामे को लेकर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। पीरबहोर थाना में आवेदन देने के बाद पीयू छात्र संघ अध्यक्ष समेत 6 छात्रों के खिलाफ नामजद FIR दर्ज कर लिया गया है। यह आवेदन ड्यूटी पर तैनात प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी विरेन्द्र चौधरी ने दिया है। उन्होंने अपने आवेदन में नामजद छात्रों और 30-35 अज्ञात छात्रों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा, हंगामा और विधि-व्यवस्था भंग करने के आरोप में कार्रवाई की मांग की है।

**CM के आने से पहले शुरू हुआ हंगामाः** आवेदन के मुताबिक, 30 मार्च को नए भवनों के उद्घाटन कार्यक्रम में विरेन्द्र चौधरी की ड्यूटी लगाई गई थी। मुख्यमंत्री के आने से पहले करीब 15-20 छात्र कार्यक्रम स्थल के पास पहुंचे और हंगामा



करने लगे। छात्रों का आरोप था कि उन्हें कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं किया गया और शिलापट्ट पर कुलपति का नाम भी नहीं लिखा गया है। कुछ ही देर में अन्य छात्र भी वहां पहुंच गए और 30-35 छात्रों की भीड़ जमा हो गई।

**पुलिस और मजिस्ट्रेट से धक्का-मुक्की के आरोपः** हंगामा कर रहे छात्रों को पुलिस बल और मजिस्ट्रेट ने समझाने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं माने। छात्र नारेबाजी करते हुए कार्यक्रम में बाधा डालने लगे और धक्का-मुक्की करने लगे। इस दौरान कुछ पुलिसकर्मियों को चोट भी आई। घटना की वीडियोग्राफी कराई गई है, जिसके आधार पर कुछ छात्रों की पहचान की गई है। इनमें छात्र संघ अध्यक्ष शांतनु शेखर समेत कई छात्र शामिल हैं।

**कुलपति की भूमिका पर भी सवालः** आवेदन में यह भी कहा गया है कि पटना विश्वविद्यालय के कुलपति अजय कुमार मौके पर मौजूद थे, लेकिन उन्होंने छात्रों को

❐ कुलपति की भूमिका पर भी उठाए सवाल

न तो रोका और न ही समझाने का प्रयास किया। पदाधिकारी ने आशंका जताई है कि छात्रों को कुलपति का समर्थन मिल रहा था।

**ताला लेकर पहुंचे थे छात्र संघ अध्यक्षः** पटना स्टूडेंट छात्र संघ के अध्यक्ष शांतनु कॉलेज गेट पर ताला लगाने के लिए पहुंचे थे, लेकिन उन्हें ताला लगाने से रोक दिया गया। उन्होंने कहा कि मैं विश्वविद्यालय का अध्यक्ष चुनकर आया हूं और मैं छात्रों के हित में अपनी बातें आज यहां पर रखूंगा। इस दौरान उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने भी छात्रों को समझाने की कोशिश की, लेकिन वो नहीं माने। डीएम त्यागराजन ने भी उन्हें समझाने की कोशिश की है। छात्रों ने उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा और शिक्षा मंत्री को भी घेर लिया।

# पटना में बंधक बनाकर नाबालिग से रेप, आरोपी गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** पटना में नाबालिग के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी पर 12 वर्षीय बच्ची को बहला-फुसलाकर बंधक बनाकर दो बार रेप करने का आरोप है। पीड़िता मंगलवार को अपने परिजनों के साथ महिला थाना पर शिकायत दर्ज करने पहुंची थी, जहां आरोपी पक्ष के भी लोग पहुंच गए। इस दौरान थाने के बाहर और अंदर समझा बुझाकर मामले को रफा-दफा करने का प्रयास किया गया।

**समझौता करने 1 से 10 लाख देने का दिया प्रलोभनः** आरोपी के बचाव में उसकी मां और बहन भी थाने पर आई थी। समझौता के लिए 1 लाख से लेकर 10 लाख रुपए तक का प्रलोभन दिया गया। लेकिन पीड़िता अपने स्टेटमेंट पर कायम रही। पीड़िता की ओर से थाने पर लिखित शिकायत की गई। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने जिला सदर अस्पताल गर्दनीबाग में उसका मेडिकल कराया। पीड़िता की ओर से थाने में शिकायत दर्ज



◆ पीड़िता महिला थाना पहुंची, आरोपी पक्ष ने की 10 लाख देकर सेटलमेंट की कोशिश

कराई गई है। आवेदन के मुताबिक, मसौढ़ी का रहने वाला प्रिंस कुमार (32 वर्ष) उनकी नाबालिग बेटी (12 वर्ष) को बहला फुसलाकर मीठापुर बाईपास भूपतीपुर स्थित रेंट के मकान में ले गया। वहां दो बार 16 मार्च और 19 मार्च को उसके साथ रेप किया। फिर बच्ची को डराया कि इस बात की जानकारी किसी को मत देना। इसके बाद मांग में सिंदूर भी भर दिया। पीड़िता की मां ने बताया कि, 'मांग में सिंदूर देखने के बाद जब मैंने बेटी से पूछा तो उसने सारी घटना की जानकारी दी।

# क्षेत्रीय प्रशिक्षण सम्मेलनः सहकारी संस्थाओं का त्वरित सर्वेक्षण

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** पटना के कर्पूरी सदन स्थित कार्यालय परिसर में 30 मार्च, 2026 को "सहकारी संस्थाओं का त्वरित सर्वेक्षण" (Rapid Survey of Functional Cooperatives) विषय पर एक क्षेत्रीय प्रशिक्षण शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपमहानिदेशक, उप निदेशक, सहायक निदेशक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने पारंपरिक दीप प्रज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया। स्वागत संबोधन में श्री आर. के. झा, सहायक निदेशक ने सहकारी संस्थाओं के त्वरित सर्वेक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला और इस बात पर जोर दिया कि अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में सहकारी संस्थानों की भूमिका को समझने के लिए यह सर्वेक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्य भाषण श्री परिमल, उप निदेशक ने सहकारिता मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए इस सर्वेक्षण के मुख्य उद्देश्यों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस सर्वेक्षण का लक्ष्य कार्यात्मक सहकारी समितियों के सकल मूल्य संवर्धन (GVA), कुल उत्पादन लागत और रोजगार सृजन जैसे प्रमुख आर्थिक संकेतकों को मापना है, जिससे राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में उनके समग्र योगदान का आकलन किया जा सके। उप महानिदेशक श्री रोशन लाल साहू ने संबोधन में कहा कि भारत में 6.6 लाख कार्यरत सहकारिता समितियाँ है I साथ ही इस सर्वेक्षणों से ग्रामीण क्षेत्र में इस सहकारिता समितियों में रोजगार में लगे लोगो के आकड़ें उपलब्ध हो पायेगी I इन्होने बताया कि PACS,SUGARMILL,DAIRY co-OPERATIVE आदि 12 सेक्टरों के आकड़ें ग्रामीण निति निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी I सहकारिता मंत्रालय के महत्वपूर्ण आकड़ों के आकलन के लिए सांख्यिकी मंत्रालय को यह कार्य




सौपा गया है और अनुमान के अनुरूप हमारा विभाग तय सीमा के अन्दर प्रमाणिक एवं सटीक आंकड़े जुटाने में खरे उतरेंगे। उन्होंने सर्वेक्षण के लिए क्षेत्रीय कार्यो को सुचारू और कुशल बनाने हेतु राज्य रजिस्ट्रार कार्यालयों के साथ प्रभावी सहयोग करने की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्य अतिथि श्री राम नरेश पाण्डेय अपर रजिस्ट्रार सहकारिता विभाग बिहार सरकार ने बताया की राज्य में मुख्य रूप से PACS बड़े पैमाने पर कार्य कर रही है साथी ही उन्होंने DAIRY सोसाइटी,FISHRY co-OPERATIVE SOCIETY एंव अन्य प्रकार के सहकारिता समितियों पर प्रकाश डाला I

तकनीकी सत्र का संचालन श्री परिमल, उप निदेशक, श्री सुशील कुमार सिंह, श्री कुमार इंद्रजीत और श्री जीतेंद्र राय, वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी द्वारा किया गया। शिविर में श्री दीपक कुमार, जिला सहकारिता पदाधिकारी, उप क्षेत्रीय कार्यालय, गयाजी से श्री टेक नारायण प्रसाद एवं उप क्षेत्रीय कार्यालय, भागलपुर के प्रभारी श्री रश्मि रंजन और अन्य वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारियों के अतिरिक्त पटना कार्यालय के वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी, श्री सुधीर कुमार झा, श्री देवेन्द्र कुमार, श्री कमलेश प्रधान, श्री दिलीप कुमार, श्री कमलेश कु० गुप्ता, श्री डी.एन. प्रसाद, श्री इन्द्रजीत, श्री जितेन्द्र राय, श्री सुबोध कुमार, श्रीमती मंजूषा कुमारी, श्रीमती प्रियंका कुमारी, श्री सुमित कुमार, श्री सोमेन्द्र कुमार, श्री आलोक कुमार पांडेय भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्री सुशील कुमार सिंह, व.सां.अधि. द्वारा किया गया| श्री अमिताभ पाठक, व.सां. अधि. द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया | यह सर्वेक्षण अप्रैल, 2026 से शुरू होगा और सितंबर 2026 तक पूरा किया जाएगा |

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com




## संक्षिप्त समाचार

### गणगिरा में बजरंग बली प्राण प्रतिष्ठा पर निकली भव्य कलश यात्रा



**खूंटी।** मुरहू प्रखंड के ग्राम गणगिरा में बुधवार को भगवान बजरंग बली की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मंदिर प्रांगण से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाजा-गाजा, ढोल-नगाड़ा के साथ शामिल हुए। पूरे मार्ग में "जय बजरंग बली" के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। कलश यात्रा में गांव की महिलाएं सिर पर कलश लेकर श्रद्धा और उत्साह के साथ शामिल हुईं, वहीं युवक-युवतियों एवं बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला अध्यक्ष काशीनाथ महतो उपस्थित रहे और श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया। इस पावन अवसर पर गांव के छोटे-छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ग्रामवासी श्रद्धा और भक्ति के साथ शामिल हुए। आयोजन को सफल बनाने में ग्रामवासियों और आयोजन समिति के सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन बालगोविंद महतो ने किया। इस अवसर पर उर्मिला देवी, राजेश महतो सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### करंट की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत



**पूर्वी सिंहभूम।** बागबेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत बागबेड़ा कॉलोनी रोड नंबर 5 में करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान 55 वर्षीय आशीष कुमार चटर्जी के रूप में हुई है, जो धनबाद के निवासी थे। वे 29 मार्च को अपनी बहन के घर श्राद्धकर्म में शामिल होने के लिए जमशेदपुर आए हुए थे। बताया जाता है कि 31 मार्च की रात करीब 9 बजे नहाने के बाद वे घर के अंदर कपड़े सुखाने के लिए फैला रहे थे। इसी दौरान वे अचानक बिजली के तार की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से झुलस गए। परिजनों ने तुरंत उन्हें इलाज के लिए टाटा मेन अस्पताल (टीएमएच) ले जाने की कोशिश की, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। इस घटना से परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के बेटे ने बताया कि उनके पिता धनबाद में अकाउंटेंट के पद पर कार्यरत थे। फिलहाल बागबेड़ा थाना पुलिस ने मामले को दर्ज कर लिया है और घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

### घायल युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**पूर्वी सिंहभूम।** गोलमुरी थाना क्षेत्र के टुइलाडुंगरी निवासी 20 वर्षीय कमलजीत सिंह की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज भेज दिया है और आरोपित की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। बुधवार को मृतक के पिता मनोज सिंह ने बताया कि उनके बेटे पर मिलन सिंह नामक युवक ने शराब के नशे में चापड़( तेज धारदार हथियार) से जानलेवा हमला किया था। गंभीर रूप से घायल कमलजीत को तुरंत एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत नाजुक देखते हुए रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। रिम्स में इलाज के बाद 12 मार्च को स्थिति में हल्का सुधार होने पर उसे फिर से एमजीएम अस्पताल भेजा गया था। वहां इलाज के बाद उसे छुट्टी भी दे दी गई थी। परिजनों ने बताया कि मंगलवार देर रात अचानक कमलजीत की तबीयत बिगड़ गई।

# अंबा प्रसाद ने राज्यपाल से की मुलाकात, विष्णुगढ़ मामले में सीबीआई जांच की मांग

**एजेंसी। रांची**



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय सचिव और पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने बुधवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात कर हजारीबाग के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र में हुए गंभीर मामले को लेकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने राज्यपाल से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करते हुए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की मांग की। अंबा प्रसाद ने ज्ञापन में कहा कि विष्णुगढ़ थाना कांड संख्या 42/2026 में अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे आम जनता का पुलिस प्रशासन पर भरोसा कमजोर होता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि हजारीबाग पुलिस अपराधियों तक पहुंचने में पूरी तरह विफल रही है, जो प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाता है। घटना को अत्यंत दर्दनाक और अमानवीय बताते हुए उन्होंने कहा कि यह निर्भया कांड से भी अधिक भयावह है। उन्होंने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि या तो मामले को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है या फिर सच्चाई को दबाने की कोशिश हो रही है। अंबा प्रसाद ने मांग की कि पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा और पुनर्वास दिया जाए, साथ ही राज्य महिला आयोग को भी इस मामले में सक्रिय किया जाए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी, हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक (एसपी) के तबादले और उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की भी मांग की। साथ ही संबंधित पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) और थाना प्रभारी को निलंबित करने की बात कही। राज्यपाल संतोष गंगवार ने अंबा प्रसाद की बातों को गंभीरता से सुना और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## झारखंड में पांच तक येलो अलर्ट, डाल्टनगंज सबसे गर्म और बोकारो सबसे ठंडा जिला



**एजेंसी। रांची**

झारखंड के विभिन्न इलाकों में पांच अप्रैल तक गर्जन के साथ हल्की बारिश और वज्रपात की संभावना है। इसे लेकर मौसम विभाग ने बुधवार को येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान प्रभावित जिलों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की भी संभावना है। राज्य में बुधवार को सबसे अधिक गर्म डाल्टनगंज, जबकि सबसे ठंडा जिला बोकारो के रूप में दर्ज किया गया। डाल्टनगंज में अधिकतम तापमान 38.6 डिग्री, जबकि बोकारो में सबसे कम तापमान 27.1 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। राज्य में फिलहाल अत्यधिक गर्मी नहीं पड़ रही है। डाल्टनगंज में ही केवल सामान्य से एक डिग्री अधिक तापमान दर्ज किया गया है, जबकि अन्य जिलों में तापमान सामान्य से नीचे ही है। अधिकांश जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से दो से तीन डिग्री कम है, जबकि सबसे अधिक अंतर बोकारो में है जहां का अधिकतम तापमान सामान्य से 08 डिग्री कम है। वहीं, शनिवार को रांची में अधिकतम तापमान 33.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 20.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। इसी प्रकार जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 33.7 डिग्री और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री, डालटेनगंज में अधिकतम 38.6 और न्यूनतम 21.4 डिग्री, बोकारो में 27.1 और 19.1 डिग्री, चाईबासा में 32.4 डिग्री और 21 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## सीतारामडेरा में धारदार हथियार और गोली से हमला, दो युवक घायल

**एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**

सीतारामडेरा थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात अपराधियों ने धारदार हथियार और गोली से हमला कर दो युवकों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना छायानगर स्थित अमित स्टोर डब्बा लाइन के पास की है, जहां सन्नी पुष्टि उर्फ जगन्नाथ पुष्टि और नंदू लोहार पर अचानक हमला कर दिया गया। हमलावरों ने दोनों पर चापड़ जैसे धारदार हथियारों से वार किया और गोली चलाने की भी बात सामने आई है। घटना की सूचना मिलते ही सीतारामडेरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। डीएसपी हेडक्वार्टर वन भोला प्रसाद ने भी घटनास्थल का जायजा लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को मौके से गोलियां बरामद हुई हैं, जिससे यह साफ है कि हमलावर पूरी तैयारी के साथ पहुंचे थे। घायल नंदू लोहार किसी तरह परिजनों तक पहुंचा और घटना की जानकारी दी, जबकि सन्नी पुष्टि मौके पर ही गंभीर हालत में पड़ा मिला। दोनों को तुरंत टाटा मेन हॉस्पिटल (टीएमएच) में भर्ती कराया गया,जहां उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। घायल सन्नी की बहन सोनी ने आरोप लगाया है कि इस हमले के पीछे सुरु भुइया के बेटे संजय भुइयाँ, पाल भुइयाँ और आजाद भुइयाँ के साथ-साथ दीपाली का बेटा करण, टकलू लोहार का बेटा प्रिंस लोहार और अन्य लोग शामिल हैं। परिजनों का कहना है कि रामनवमी के दौरान हुए विवाद के बाद आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी थी, जो अब इस हमले के रूप में सामने आई है। पुलिस के अनुसार शुरुआती जांच में धारदार हथियार से हमले की पुष्टि हुई है, लेकिन घटनास्थल से बरामद गोलियां फायरिंग की ओर भी इशारा कर रही हैं। यह भी बताया जा रहा है कि एआरजेड ग्रुप से जुड़े युवकों की संलिप्तता सामने आ रही है। सीतारामडेरा थाना प्रभारी आनंद मिश्रा ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और सभी आरोपियों की पहचान कर जल्द ही गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

## खण्डामौदा में सड़क हादसे में टेम्पो चालक की मौत,चार लोग घायल

**एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**



पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा प्रखंड अंतर्गत खण्डामौदा चौक के पास बुधवार सुबह एक सड़क दुर्घटना में टेम्पो चालक हराधन पाईकिरा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, खण्डामौदा निवासी हराधन पाईकिरा अपने टेंपो में सवारियां लेकर पश्चिम बंगाल के गोपीबल्लवपुर जा रहे थे। टेंपो में कुल पांच लोग सवार थे, जिनमें प्रदीप बेरा (38), उनकी पत्नी सविता बेरा (27), उनका छह वर्षीय पुत्र शुभम बेरा और गांव के ही मनोरंजन सीट (40) शामिल थे। बताया जा रहा है कि प्रदीप बेरा अपनी पत्नी और बेटे को इलाज के लिए डॉक्टर के पास ले जा रहे थे। इसी दौरान खण्डामौदा पेट्रोल पंप के सामने पीछे से आ रहे एक अज्ञात तेज रफ्तार ट्रक ने टेंपो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया और उसके परखच्चे उड़ गए। हादसे में चालक हराधन पाईकिरा(35) सड़क पर गिर पड़े और ट्रक का पहिया उनके सिर के ऊपर से गुजर गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना में टेंपो में सवार सभी चार यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू किया। एनएचएआई की एम्बुलेंस की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बहरागोड़ा पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सविता बेरा और मनोरंजन सीट की हालत गंभीर होने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। अन्य घायलों का इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही बरसोल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन समेत फरार हो गया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त टेंपो को जब्त कर लिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## युवक की मौत के बाद शव के साथ गोलमुरी थाना में प्रदर्शन

**पश्चिमी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम के गोलमुरी थाना क्षेत्र में 20 वर्षीय युवक कमलजीत सिंह की इलाज के दौरान मौत के बाद परिजनों में आक्रोश फैल गया। बुधवार को परिजन शव के साथ गोलमुरी थाना पहुंच गए और आरोपित की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार, टुइलाडुंगरी निवासी कमलजीत सिंह पर शराब के नशे में चापड़ से हमला किया गया था।

## सड़क हादसे में महिला सिपाही की मौत

**रांची।** राजधानी रांची के रातु थाना क्षेत्र में बुधवार को एक सड़क हादसे में महिला सिपाही रंजिता एक्का की मौत हो गई। वह झारखंड उच्च न्यायालय में तैनात थीं और ड्यूटी पर जा रही थीं, तभी यह दुर्घटना हो गई। पुलिस के अनुसार, घटना रातु थाना क्षेत्र के फुटकल टोली स्थित राइस मिल के पास हुई। महिला सिपाही रंजिता एक्का अपनी ड्यूटी के लिए जा रही थीं, इसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वह सड़क पर गिर गईं और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। लोगों ने तुरंत इसकी सूचना रातु थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने महिला सिपाही के शव को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। थाना प्रभारी के अनुसार, यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि आखिर किस वाहन ने टक्कर मारी। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और मामले की गहन जांच जारी है।

## गुरुनानक स्कूल में 14 को सजेगा बैसाखी का दीवान

**रांची।** खालसा सजना दिवस बैसाखी के दिन 14 अप्रैल को श्री गुरु सिंह सभा की ओर से बैसाखी का विशेष दीवान सजाया जाएगा। इससे पहले 11 अप्रैल को मेन रोड गुरुद्वारा में अमृत संचार का कार्यक्रम होगा और सिख धर्मावलंबियों के बच्चों को अमृत जगाया जाएगा। महासचिव गगनदीप सिंह सेठी ने बुधवार को बताया कि बैसाखी का विशेष दीवान 14 अप्रैल को पीपी कंपाउंड स्थित गुरुनानक स्कूल सभागार में सुबह 10 बजे दोपहर 2:30 तक सजाया जाएगा। गुरु का अटूट लंगर भी होगा।

### रांची में सास-बहू-पति सम्मेलन का आयोजन, परिवार नियोजन के प्रति किया जागरूक

**रांची।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के तत्वावधान में परिवार नियोजन कार्यक्रम को सुदृढ़ बनाने और जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बुधवार को रांची में सास-बहू-पति सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य परिवार के प्रमुख सदस्यों सास, बहू और पति के बीच संवाद स्थापित कर परिवार नियोजन के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना था। सम्मेलन में वक्ताओं ने सास की भूमिका को विशेष रूप से महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि परिवार में निर्णय लेने में उनका अहम स्थान होता है। उनकी सकारात्मक सोच से बहू ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार के स्वास्थ्य पर अच्छा प्रभाव पड़ता है। साथ ही, पति की जिम्मेदारी और सक्रिय भागीदारी पर भी जोर दिया गया, ताकि परिवार नियोजन को केवल महिलाओं का विषय न मानकर एक साझा जिम्मेदारी के रूप में अपनाया जा सके।

## झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा

### निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 (आर0टी0ई0) के अंतर्गत सत्र 2026–27 में प्रवेश कक्षा के 25 प्रतिशत सीट पर नामांकन से संबंधित सूचना

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1)(ग) एवं विभागीय अधिसूचना संख्या–237 दिनांक–16.02.2016 के अनुपालन में गैर सरकारी सहायता प्राप्त निजी विद्यालय (अल्पसंख्यक छोड़कर) के प्रवेश कक्षा में 25 प्रतिशत सीटों पर पड़ोस के (क्रमशः 1कि0मी0,3 कि0मी0, अंततः 6 कि0मी0 दूरी सीमा तक) अभिवंचित समूह (अनुसूचित जनजाति, अनुसूचितजाति, अत्यंत पिछड़ावर्ग, पिछड़ावर्ग, अल्पसंख्यक समुदाय, 40% से अधिक निःशक्त बच्चे एवंअनाथ बच्चे) एवं कमजोर वर्ग (जिनके परिवार की सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय रू0 72,000.00 से कम हो) के बच्चों का नामांकन पूर्ण किया जाना है।

अभिभावकों की सुविधा के लिए सूचित किया जाता है कि **(क)** पास पड़ोस की दूरीसीमा का निवासी होने के लिए पालक/अभिभावक का आधारकार्ड, मतदाता परिचय पत्र, मनरेगा जॉबकार्ड, राशनकार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, बिजली बिल जिसमें उनका नाम एवं निवास का पता अंकितहो, मान्य होंगे, **(ख)**अभिवंचित एवंकमजोरवर्ग की मान्यता के लिए पालक/अभिभावक का जाति प्रमाणपत्र, निःशक्त बच्चे के लिए चिकित्सा पदाधिकारी द्वारानिर्गत निःशक्तता प्रमाणपत्र एवंआय के लिए अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत आय प्रमाणपत्र मान्य होगा, **(ग)प्रवेश कक्षा 1** में नामांकन हेतु 5 वर्ष 6 माह से 7 वर्ष के बीचहोगी एवं **(घ)** उम्र की गणना 31 मार्च 2026 होगी। आवेदन कार्यालय के **वेबसाईट**https://rtegarhwa.in/पर ऑनलाईन 01.04.2026 से 20.04.2026 तक भरा जायेगा।

आवेदन पत्र एवं प्रमाण पत्रों के सत्यापन के क्रम में कोई भी गलत प्रमाणपत्र संलग्न किये जाने की पूरीजवाबदेही संबंधित पालक/अभिभावक की होगी तथा दावेदारी निरस्त कर दी जायेगी। आवेदन हेतु निम्न तालिका के कॉलम 02 में विद्यालय का नाम अंकित है। कॉलम 04 में प्रवेश कक्षा/कक्षाओं में कुल सीटों की संख्या एवं कॉलम 05 में आर0टी0ई0 नामांकन हेतु 25 प्रतिशत सीटों की संख्या अंकित है।

| क्र. सं. | विद्यालय का नाम एवं पता | प्रखण्ड | कक्षा 01 की क्षमता | 25 प्रतिशत कोटा |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 |
| 1 | बी.एस.के.डी. पब्लिक स्कूल, नवादा मोड़, गढ़वा | गढ़वा | 120 | 30 |
| 2 | जी0एन0 कॉन्वेन्ट स्कूल | गढ़वा | 40 | 10 |
| 3 | साउथ प्वाईंट पब्लिक स्कूल, गढ़वा | गढ़वा | 40 | 10 |
| 4 | शांति निकेतन स्कूल, तिलदाग, गढ़वा | गढ़वा | 40 | 10 |
| 5 | ब्राईट फ्यूचर स्कूल, सोनपुरवा, गढ़वा | गढ़वा | 40 | 10 |
| 6 | बी0पी0डी0ए0भी0 पब्लिक स्कूल, फरठिया, गढ़वा | गढ़वा | 40 | 10 |
| 7 | ए0आर0डी0 पब्लिक स्कूल, नहर रोड, विशुनपुर, गढ़वा | गढ़वा | 40 | 10 |
| 8 | जेम्स मिशन स्कूल, सोन पुरवा, गढ़वा (नियर रेलवे स्टेशन) | गढ़वा | 40 | 10 |
| 9 | कौटिल्य विद्यालय, खजुरी, गढ़वा | गढ़वा | 40 | 10 |
| 10 | सी0पी0 मेमोरियल स्कूल, सहिजना, गढ़वा | गढ़वा | 80 | 20 |
| 11 | जे0पी0एस0 सेन्ट्रल स्कूल, पटेलनगर, दीपवां, गढ़वा | गढ़वा | 60 | 15 |
| 12 | आर0के0 पब्लिक स्कूल, सोन पुरवा, गढ़वा | गढ़वा | 80 | 20 |
| 13 | ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, टंड़वा, गढ़वा | गढ़वा | 40 | 10 |
| 14 | मिशन म0वि0 भण्डरिया | भण्डरिया | 40 | 10 |
| 15 | एस0जी0एन0 मॉडर्न किन्डर गार्टेन, मेराल | मेराल | 100 | 25 |
| 16 | एस0डी0 मेमोरियल एकेडमी, मेराल | मेराल | 50 | 12 |
| 17 | एन0पी0एस0 गुरूकुलम स्कूल, मेराल | मेराल | 40 | 10 |
| 18 | सरस्वती ज्ञान मंदिर, रंका | रंका | 40 | 10 |
| 19 | अपग्रेडेड नर्सरी इंग्लिस स्कूल, बुका, भवनाथपुर | भवनाथपुर | 40 | 10 |
| 20 | आर0के0 पब्लिक, बंशीधर नगर उँटारी | नगरउँटारी | 40 | 10 |
| 21 | एम.के. इंटरनेशनल स्कूल, नगर उँटारी | नगरउँटारी | 48 | 12 |
| 22 | आर0के0 पब्लिक स्कूल, उंचरी मझिऑव | मझिऑव | 40 | 10 |
| 23 | ब्राईट स्टार पब्लिक स्कूल, बिरबल, सगमा | सगमा | 120 | 30 |
| कुल– | | | 1258 | 314 |

इच्छुक अभिभावकों से आग्रह है कि अपने पाल्य के नामांकन हेतु उसी विद्यालय के लिए ऑनलाईन आवेदन करेंगे जो उनके पास–पड़ोस में अवस्थित है। विशेष जानकारी के लिए संबंधित विद्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

अतएव जिले के सभी आमजनों से अनुरोध है कि सरकार के इस महत्वपूर्ण योजना के तहतबच्चों के निःशुल्क शिक्षा हेतु ऑनलाईन नामांकन के लिए अधिकाधिक व्यक्तियों को प्रेरित करेंगे।

**नोट** :– 1. आवेदकों की सुविधा हेतु झारखण्ड शिक्षा परियोजना कार्यालय, गढ़वा के प्रवेश द्वार के सामने हेल्प डेस्क कार्य करेगा, जिसमें फॉर्म भरने एवं संबंधित जानकारी उपलब्ध करायी जाएगी।

2. इच्छुक अभिभावकों से अनुरोध किया जाता है कि अपने पाल्य के नामांकन हेतु उसी विद्यालय के लिए आवेदनपत्र समर्पित करेंगे, जो उनके पास पड़ोस (क्रमशः 1 कि0मी0, 3 कि0मी0, अंततः 6 कि0मी0 दूरी सीमा तक) में अवस्थित है तथा जहां उनके पाल्य के उम्र अनुरूप प्रवेश कक्षा की सुविधा उपलब्ध है।
3. कृपया निम्नलिखित विकल्प में से प्रत्येक का कोई एक प्रमाण प्रस्तुत करेंगे :

***जन्म प्रमाण–पत्र का प्रमाण :**
जन्म, मृत्यु एवं विवाह प्रमाण–पत्र अधिनियम के अंतर्गत जन्म प्रमाण–पत्र।

**** आवास प्रमाण–पत्र का प्रमाण :**
1. बच्चे का नाम वाले पिता/माता के नाम पर जारी राशन कार्ड/बी0पी0एल0 राशन कार्ड।
2. बच्चे का या उस के माता–पिता के निवास का प्रमाण–पत्र।
3. माता–पिता/अभिभावक में से किसी एक का निवास का प्रमाण–पत्र।
4. माता–पिता/अभिभावक में से किसी एक का बिजली बिल/टेलीफोन बिल।
5. आधार कार्ड।
6. माता–पिता/अभिभावक में से किसी एक का जॉब कार्ड।

*****आय प्रमाण–पत्र का प्रमाण :**
अंचलाधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण–पत्र।

****** अभिवंचित वर्ग का प्रमाण :**
1. उपायुक्त/अनुमण्डलाधिकारी/अंचलाधिकारी कार्यालय द्वारा जारी जाति प्रमाण–पत्र।
2. सरकारी अस्पताल का चिकित्सा प्रमाणपत्र यदि बच्चा निःशक्त हो।
3. अनाथ बच्चे की स्थिति में अंचलाधिकारी/मुखिया/वार्ड कमिश्नर द्वारा जारी प्रमाण–पत्र।

**जिला शिक्षा अधीक्षक–सह –अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा।**

PR 376349 (Human Resource Development) 26-27 (D)

## कार्यालय जिला परिषद, पलामू

Emaiil:- zilaparishad.palamu@gmail.com

### द्वितीय नोटिस

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू का आदेश ज्ञापांक 1248/दिनांक 25.11.2022 के द्वारा प्रखंड पाटन के लोहिया चौक पर विधायक मद से निर्मित दुकान (भू–तल) जिला परिषद पलामू को हस्तांतरित किया गया। दिनांक 13.09.2025 को सम्पन्न जिला परिषद बोर्ड के बैठक की कार्यवाही कंडिका 12 (iii) मे लिए गये निर्णय के आलोक मे इस कार्यालय आदेश ज्ञापांक 2280/जि0प0, दिनांक 11.11.2025 के द्वारा किराया निर्धारण किया गया है। इस कार्यालय का आम सूचना ज्ञापांक 605/जि0,प0, दिनांक 09.03.2026 के द्वारा दुकान आवंटियो को अवगत कराते हुए प्रचारित–प्रसारित किया जा चुका है। परन्तू निम्न दुकानदारो का बकाया किराया अबतक अप्राप्त हैं–

| क0 सं0 | नाम | पिता का नाम | दुकान संख्या | निर्धारित किराया | बकाया कुल माह (दिसम्बर 2022 से फरवरी 2026 तक) | कुल बकाया राशि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | ईश्वरी पाण्डेय | महेन्द्र पाण्डेय | A/1 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 2 | अखिलेश कु0पाण्डेय | योगेन्द्र पाण्डेय | A/2 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 3 | शिव दीप सिंह | जगनारायण सिंह | A/3 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 4 | मनोज सिंह | उदय नारायण सिंह | A/4 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 5 | गनौरी पासवान | सम्पत पासवान | A/6 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 6 | उदय पासवान | चनारीक राम | A/7 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 7 | मुकेश सिंह | लखन सिंह | A/8 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 8 | रंजीत प्रसाद | आनन्दी साव | A/9 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 9 | रामधनी ठाकुर | – | A/10 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 10 | सुरेन्द मांझी | कैलाश मांझी | A/11 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 11 | सुखल साव | चलितर साव | A/12 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 12 | गया ठाकुर | ईन्द्रदेव ठाकुर | A/13 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 13 | अर्जून साव | स्व0 मौजी साव | A/14 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 14 | किशोर मांझी | ईन्द्रदेव मांझी | A/15 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 15 | शिव पूजन राम | – | A/16 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 16 | दामोदर साव | जयचन्द साव | A/17 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 17 | अर्जून राम | स्व0 बासदेंव राम | A/18 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 18 | अरविन्द प्रसाद | जमुना साव | A/19 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 19 | मुन्ना प्रसाद | शिव साव | A/20 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 20 | अरविन्द बैद्य | युदेश्वर बैद्य | A/21 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 21 | विकास कुमार | कृष्णा सिंह | A/22 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 22 | संजय प्रसाद | स्व0 फागु साव | A/23 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 23 | मुकेश कुमार | स्व0श्रवण राम | A/24 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 24 | प्रमोद प्रसाद | स्व0भोला साव | A/25 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 25 | अंगद कुमार | शिव शंकर प्रसाद | A/26 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 26 | प्रदीप हलुआई | गनेश हलुआई | A/27 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 27 | प्रेम कुमार | स्व0बासुदेव राम | A/28 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 28 | सत्येन्द्र कुमार गुप्ता | स्व0अयोध्या प्रसाद | A/29 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |
| 29 | रसिन्द्र प्रसाद | स्व0ज्ञानचन्द साव | A/30 | 720-00 | 39 | 28080-00 | |

पाटन चौक पर स्थित जिला परिषदीय प्रथमतल दुकान का बकाया राशि का विवरण–

| क0 सं0 | नाम | पिता का नाम | दुकान संख्या | निर्धारित किराया | बकाया कुल माह (जनवरी 2018 से फरवरी 2026 तक) | कुल बकाया राशि | पूर्व निर्गत नोटिस |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | अशोक प्रसाद | पिता विगावन साव | A/31 | 600-00 | 98 | 58800-00 | पत्रांक 1059/ 11.12.2024 एवं 108/30.01.2025 |
| 2 | रामजन्म सिंह | पिता ब्रह्मदेव सिंह | A/32 | 600-00 | 98 | 58800-00 | पत्रांक 1060/ 11.12.2024 |
| 3 | जनेश्वर पाण्डेय | पिता जुगेश्वर पाण्डेय | A/33 | 600-00 | 98 | 58800-00 | पत्रांक 1061/ 11.12.2024 एवं 110/30.01.2025 |
| 4 | आलमगीर आलम | पिता अब्दुल रहीम | A/34 | 600-00 | 98 | 58800-00 | पत्रांक 1062/ 11.12.2024 |
| 5 | विशुनदेव राम | पिता त्रिवेणी राम | A/35 | 600-00 | 98 | 58800-00 | पत्रांक 1063/ 11.12.2024 एवं 112/30.01.2025 |
| 6 | सुनील प्रसाद | पिता विशुनदेव साव | A/36 | 600-00 | 98 | 58800-00 | पत्रांक 1064/ 11.12.2024 |
| 7 | राजन कुमार | पिता रामनंदन साव | A/37 | 600-00 | 98 | 58800-00 | पत्रांक 1065/ 11.12.2024 एवं 114/30.01.2025 |
| 8 | अरविन्द कुमार सिंह | पिता जगत सिंह | A/38 | 600-00 | 98 | 58800-00 | पत्रांक 1066/ 11.12.2024 |
| 9 | राजा कुमार सिंह | पिता ब्रजकिशोर सिंह | A/39 | 600-00 | 98 | 58800-00 | पत्रांक 1067/ 11.12.2024 एवं 116/30.01.2025 |
| 10 | कृष्णा राज | पिता संजय प्रसाद | A/40 | 600-00 | 98 | 58800-00 | पत्रांक 1068/ 11.12.2024 |
| 11 | अजय कुमार सिंह | पिता रामलखन सिंह | A/41 | 600-00 | 98 | 58800-00 | पत्रांक 1069/ 11.12.2024 एवं 118/30.01.2025 |
| 12 | रमेश प्रसाद | पिता बिन्देश्वरी साव | A/42 | 600-00 | 98 | 58800-00 | पत्रांक 1070/ 11.12.2024 |
| 13 | मनोज पाण्डेय | पिता इन्द्रदेव पाण्डेय | A/43 | 600-00 | 98 | 58800-00 | पत्रांक 1071/ 11.12.2024 एवं 120/30.01.2025 |
| 14 | चंदा देवी | पिता बलदेव कुमार मिश्र | A/44 | 600-00 | 98 | 58800-00 | पत्रांक 1072/ 11.12.2024 |
| 15 | सुदर्शन सिंह | पिता लालगोविन्द सिंह | A/45 | 600-00 | 98 | 58800-00 | पत्रांक 1073/ 11.12.2024 एवं 122/30.01.2025 |
| 16 | रामपुकार प्रसाद | पिता आनन्दी साव | A/46 | 600-00 | 98 | 58800-00 | पत्रांक 1074/ 11.12.2024 |

अतः सभी आवंटियो को निदेश दिया जाता है कि इस बजारिये द्वितीय नोटिस के आलोक मे कॉलम संख्या 7 मे अंकित सम्पूर्ण बकाया राशि दिनांक 28.04.2026 तक कार्यालय जिला परिषद पलामू मे जमा कर एकरारनामा कराना सुनिश्ति करेंगे। अन्यथा आंवटित दुकान सील कर सम्पूर्ण बकाया राशि बसुली करने हेतू निलाम पत्र दायर कर दिया जायेगा।

इसे अंतिम एवं सख्त ताकिद समझे।

ह0/–
**कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू**

PR 376416 District (26-27)_D

## संक्षिप्त समाचार

### एसआईटी ने ढोंगी बाबा खरात के बेटे को हिरासत में लिया, पत्नी की तलाश जारी

**नासिक, एजेंसी।** दुष्कर्म के आरोपित ढोंगी बाबा अशोक खरात के खिलाफ जांच कर रही विशेष जांच टीम (एसआइटी) ने मंगलवार को पूछताछ के लिए उसके बेटे को नासिक से हिरासत में लिया। नासिक के सरकारवाड़ा पुलिस स्टेशन में खरात के खिलाफ लगभग



10 एफआईआर दर्ज की गई हैं, जिसमें से आठ यौन उत्पीड़न और दो धोखाधड़ी से संबंधित हैं। एसआइटी को फोन पर उसके खिलाफ 100 से अधिक शिकायतें मिली हैं।एसआइटी की एक टीम यहां कर्मयोगी नगर स्थित खरात के घर पहुंची और उसके बेटे हर्षवर्धन को हिरासत में ले लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, उससे पूछताछ की जाएगी। जांचकर्ता खरात की पत्नी कल्पना का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। खरात की पुलिस हिरासत बुधवार को समाप्त हो जाएगी। इसके बाद उसे स्थानीय अदालत में पेश किया जाएगा। इस बीच, अधिकारियों ने बताया कि पड़ोसी अहिल्यानगर जिले में पुलिस ने मंगलवार को खरात की पत्नी समेत पांच लोगों के खिलाफ एक भूस्वामी से चार करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। शिरडी के मंदिर नगर में पुलिस ने इस संबंध में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

### ग्रेटर नोएडा की एटीएस हैप्पी ट्रेल सोसायटी में जेसीबी खुदाई से बिजली आपूर्ति हुई बाधित

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित सेक्टर 10 में एटीएस हैप्पी ट्रेल सोसायटी में बिजली आपूर्ति बाधित होने की वजह से लोग परेशान है। लोगों का आरोप है कि मंगलवार दोपहर 12 :30 बजे से बिजली गायब है। वहीं, पास में ही निर्माणधीन परियोजना में जेसीबी खुदाई की वजह से बिजली की लाइन खराब हो गई। शिकायत किए जाने के बाद भी समस्या



का समाधान नहीं हो रहा है। सोसायटी में रहने वाले प्रीतेश राय ने बताया कि उनकी सोसाइटी पास में ही निराला बिल्डर की निर्माणधीन परियोजना है, जहां पर निर्माण कार्य चल रहा है। ऐसे में जेसीबी की खुदाई की वजह से बिजली की लाइन क्षतिग्रस्त हो गई, जिसकी वजह से सोसाइटी बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। करीब 12 :30 बजे से लाइट नहीं आ रही है, जिसके कारण लोगों को परेशानी हो रही है। वहीं, लगातार इसकी शिकायत एनपीसीएल से भी की जा रही है, परंतु रात 8 :30 तक भी बिजली की समस्या का समाधान नहीं किया गया, जिससे लोगों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, सुबह से ही सोसाइटी में डीजी चल रहा है, जिसके दौरान लोगों से अधिक शुल्क लिया जाता है, जिससे उनकी जेब पर भी अधिक भार पड़ता है। वहीं, लोगों द्वारा निर्माणधीन परियोजना में जेसीबी की खुदाई से क्षतिग्रस्त हुई बिजली लाइन को लेकर बिल्डर के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग भी की गई है।

# बंगाल चुनाव : बड़े चेहरे के भरोसे खाता खोलने की कोशिश में कांग्रेस

### उत्तर मालदा-दिनाजपुर पर फोकस

**सिलीगुड़ी, एजेंसी।** बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी ने देर से ही सही उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। उत्तर बंगाल की 54 विधानसभा सीटों में से 53 पर कांग्रेस ने एक साथ उम्मीदवार घोषित कर दिए। खास बात यह है कि पार्टी ने कई बड़े नाम को चुनाव मैदान में उतार दिया है और इन्हीं के दम पर मालदा और उत्तर दिनाजपुर जिले में कुछ सीट पाना चाहती है। मौसम बेनजीर नूर, मोहित सेनगुप्ता आदि इन्हीं बड़े नामों में शामिल हैं। दरअसल भाजपा, तृणमूल कांग्रेस और वामपंथी दलों ने अपने उम्मीदवारों की सूची पहले ही घोषित कर दी थी। कांग्रेस मामले में काफी पीछे रह गई थी। नामांकन की प्रक्रिया शुरू होने से महज एक दिन पहले कांग्रेस ने एक झटके में पूरे राज्य में 294 में से 284 उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी। 2021 के चुनाव में बंगाल में कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली थी। लेकिन इस बार कांग्रेस खासतौर पर उत्तर बंगाल में मालदा और उत्तर दिनाजपुर जिलों से सीट जीतने की उम्मीद कर रही है। इन दो जिलों में कांग्रेस के कार्यकर्ता अन्य जिलों की तुलना में अभी भी काफी सक्रिय हैं। यहां पार्टी भाजपा और तृणमूल को




चुनौती देने की स्थिति में दिख रही है।मालदा जिले की मालतीपुर सीट से कांग्रेस ने पूर्व सांसद मौसम बेनजीर नूर को टिकट दिया है। मौसम नूर हाल ही में तृणमूल कांग्रेस से कांग्रेस में वापस लौटी हैं। वे गनी खान चौधरी परिवार से जुड़ी हैं जो मालदा में कांग्रेस का परंपरागत आधार रहा है। यहां तृणमूल ने अपने मौजूदा विधायक अब्दुर रहीम बक्सी को टिकट दिया है। भाजपा ने आशीष दास और वाम मोर्चा ने मनिरूल हुसैन को मैदान में उतारा है। चाकुलिया सीट से कांग्रेस ने पूर्व विधायक अली इमरान रमज उर्फ विक्टर को उम्मीदवार बनाया है। तृणमूल ने मिन्हाजुल अरफिन आजाद, भाजपा ने मनोज जैन और वाम ने अमजद अली को टिकट दिया है। रायगंज से कांग्रेस ने पूर्व नगर पालिका चेयरमैन मोहित सेनगुप्ता को मौका दिया है। यहां तृणमूल ने पूर्व विधायक कृष्णा कल्याणी, भाजपा ने कौशिक चौधरी और वाममोर्चा ने जीवनंदा सिंबा को टिकट दिया है। इस्लामपुर सीट पर कांग्रेस ने अभी तक कोई उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। तृणमूल ने यहां कन्हैयालाल अग्रवाल को टिकट दिया है, भाजपा ने चित्रजीत राय और वाममोर्चा ने शमिक खान को उतारा है। कार्यकर्ताओं और राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि कांग्रेस इस्लामपुर से किसी दिग्गज नेता को टिकट देकर चौंकाने वाली घोषणा कर सकती है। वर्तमान में यहां 11 बार के विधायक रहे तृणमूल के वरिष्ठ नेता 80 वर्षीय अब्दुल करीम चौधरी को टिकट नहीं मिला है। वह लंबे समय से क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं लेकिन उम्र को लेकर तृणमूल ने उन्हें ड्राप कर दिया। अब्दुल करीम फिलहाल शहर से बाहर हैं और उनकी अनुपस्थिति में उनके समर्थकों में नाराजगी है। राजनीतिक हलकों में हर किसी की नजर इस पर है कि उनका अगला कदम क्या होगा।

# गुरुग्राम में डिजिटल जनगणना का पहला चरण 1 मई से, 5000 पर्यवेक्षक करेंगे घर-घर सर्वे

**गुरुग्राम, एजेंसी।** भारत में जनगणना का काम एक नए और डिजिटल स्वरूप में शुरू होने जा रहा है, जो कई मायनों में अलग और आधुनिक होगा। पूरी प्रक्रिया मोबाइल एप और आनलाइन पोर्टल के जरिए होगी। जनगणना दो चरणों में होगी। गुरुग्राम में इसका पहला चरण एक मई से शुरू होगा। इसमें पांच हजार से ज्यादा पर्यवेक्षक लगाए जाएंगे। यह घर-घर जाकर मोबाइल से आनलाइन सर्वे करेंगे। एक मई से घर-घर होने वाले सर्वे के लिए 58 फील्ड ट्रेनर तैनात किए गए हैं। यह ट्रेनर पांच हजार से ज्यादा पर्यवेक्षकों को घर-घर सर्वे के बारे में जानकारी देंगे। पहले चरण में घरों की गिनती यानी हाउस लिस्टिंग होगी। घरों में प्रयुक्त सामग्री और मौजूद सामग्री के जरिए आर्थिक स्थिति की भी जानकारी की जाएगी। लोगों से बुनियादी सुविधाओं से संबंधित कुल 33 सवाल किए जाएंगे। सर्वे एक मई से 30 मई तक चलेगा। इस एक महीने में हर गणनाकर्मी को 150 से 180 घर का लक्ष्य दिया जाएगा। सर्वे से पहले जिला मुख्यालय पर छह अप्रैल से 22 अप्रैल



तक गणनाकर्मियों को ट्रेनिंग दी जाएगी। इसकी देखरेख करने के लिए तहसील और जोनल स्तर पर चार्ज आफिसर बनाए गए हैं। तहसील स्तर पर तहसीलदार और जोनल स्तर पर जोनल टैक्सेशन आफिसर को चार्ज सौंपा गया है। इसकी नोडल अधिकारी सिटी मजिस्ट्रेट सपना यादव होंगी। सभी गणनाकर्मी घर-घर जाकर हाउस लिस्टिंग आपरेशन नाम के मोबाइल एप से जानकारी भरेंगे। हर छह गणनाकर्मियों पर एक सुपरवाइजर की निगरानी रहेगी, जिससे प्रक्रिया में पारदर्शिता और सटीकता बनी रहे। कागजी फार्म पूरी तरह खत्म कर दिए गए हैं, जिससे समय की बचत होगी और डेटा तुरंत डिजिटल रूप में उपलब्ध होगा।

**अगले साल फरवरी में होगा दूसरा चरण:** नोडल अधिकारी के मुताबिक जनगणना का दूसरा चरण अगले साल फरवरी में होगा। यह नौ से 28 फरवरी 2027 तक चलेगा। दूसरे चरण में परिवार में आने वाले हर व्यक्ति की जानकारी की जाएगी। उससे उसकी पढ़ाई, रोजगार, बीमारियां और पूर्व में रहने के बारे में पूछा जाएगा।

**ऑनलाइन स्वगणना भी कर सकते हैं लोग:** नोडल अधिकारी के मुताबिक इस बार पहली बार आम लोगों को भी जनगणना में सीधे भाग लेने का मौका दिया गया है। इसके लिए स्वगणना की सुविधा शुरू की गई है। 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक निर्धारित 15 दिन की अवधि में लोग आनलाइन पोर्टल या मोबाइल एप के जरिए खुद अपनी जानकारी भर सकते हैं। हालांकि, इसके बाद भी गणनाकर्मी घर-घर जाकर जानकारी का सत्यापन करेंगे। स्वगणना एक सुरक्षित वेबसाइट ष्टद्गठ्ठह्यह्वह्य.द्दश1.द्बठ्ठ/ह्यद्ग के माध्यम से की जाएगी। इसका फायदा घर-घर सर्वे करने वाले पर्यवेक्षकों को मिलेगा।

### घरेलू सहायिका से भाजपा उम्मीदवार बनीं कलिता, टीएमसी को दे रही चुनौती

**कोलकाता, एजेंसी।** बंगाल विधानसभा चुनाव में पूर्व बर्द्धमान जिले की आउसग्राम सीट पर इस बार चुनावी मुकाबला सिर्फ दलों का नहीं, बल्कि एक आम महिला के संघर्ष और व्यवस्था के बीच सीधी टक्कर बन गया है। भाजपा ने एक ऐसा चेहरा यहां से उतारा है, जिसने चुनावी बहस को नई दिशा दे दी है। घरों में काम करने वाली कलिता माजी यहां से भाजपा की उम्मीदवार बनकर मैदान में हैं। वह इलाके की बुनियादी



समस्याओं को लेकर सत्तारूढ़ दल तृणमूल कांग्रेस को खुली चुनौती दे रही हैं। कलिता, जो अब तक दो घरों में काम कर महीने के महज चार हजार रुपये कमाती थीं, अब चुनावी मैदान में उतरकर राजनीति के केंद्र में हैं। बंगाल चुनाव के लिए भाजपा ने मंगलवार को उम्मीदवारों की अपनी चौथी सूची जारी कर दी, जिनमें सबसे प्रमुख नामों में केंद्रीय राज्यमंत्री शांतनु ठाकुर की पत्नी सोमा ठाकुर और हाल में कांग्रेस छोड़कर पार्टी में शामिल हुए कोलकाता नगर निगम में लगातार चार बार के पार्षद संतोष पाठक का है। भाजपा ने मतुआ समुदाय के नेता व केंद्रीय मंत्री शांतनु की पत्नी सोमा ठाकुर को मतुआ बहुल बागदा (सुरक्षित) सीट से उतारा है। वहीं, बीते 23 मार्च को पार्टी से जुड़े संतोष पाठक को मध्य कोलकाता की एक प्रमुख सीट- चौरंगी से उम्मीदवार बनाया है। नई सूची के साथ ही भाजपा ने राज्य की 294 सीटों में से अब तक कुल 288 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। अब केवल छह सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा बाकी है। इनमें एक सीट पुरुलिया जिले के जयपुर पर विश्वजीत महतो नामक एक स्थानीय नेता को भाजपा ने पहले ही समर्थन दिया है। भाजपा ने उत्तर बंगाल की मयनागुड़ी (सुरक्षित) सीट से प्रत्याशी में बदलाव करते हुए अब दालिम राय को उम्मीदवार बनाया है।

### गुरुग्राम के इफको चौक पर आधी रात को महिला से लूटपाट, ऑटो ड्राइवर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गुरुग्राम, एजेंसी।** सेक्टर-17/18 थाना क्षेत्र के अंतर्गत इफ्को चौक से आधी रात आटो में बैठी महिला सवारी के साथ चालक ने लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपित आटो चालक को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के गांव सरकारपाड़ा निवासी ताजिर के रूप में हुई है। आरोपित के कब्जे से लूटा गया सामान और वारदात में प्रयोग किया आटो भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार एक महिला ने शिकायत दी थी कि सोमवार रात करीब 2 :30 बजे वह इफ्को चौक से सेक्टर-38 जाने के लिए आटो में बैठी थी। रास्ते में चालक ने उसका मुंह दबाकर उसकी ज्वेलरी, हाथ की घड़ी, ब्रेसलेट और अन्य सामान छीन लिया और उसे आटो से धक्का देकर फरार हो गया। शिकायत के आधार पर सेक्टर-17/18 थाना में मामला दर्ज किया गया था। मामले की जांच के दौरान पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपित ताजिर को सेक्टर-50 क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपित ने महिला को अकेला देखकर लालच में वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

# इंदिरापुरम के न्यायखंड में चार दिन से नहीं हुई पेयजल आपूर्ति, चार दिन से पैनल खराब

**साहिबाबाद, एजेंसी।** गाजियाबाद के साहिबाबाद स्थित इंदिरापुरम के न्यायखंड-दो में पंप के पैनल में खराबी होने के चलते चार दिन से पेयजल आपूर्ति ठप पड़ी है। लोगों का आरोप है कि शनिवार से घरों में पानी नहीं आ रहा है। नगर निगम में जानकारी करने पर पैनल खराब होने का पता चला। चार दिन से पानी न मिलने के कारण परेशानियों का सामना लोगों को करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी सुनीता ने बताया कि पानी न मिलने की शिकायत नगर निगम अधिकारियों से की। इसके बाद जलकल विभाग ने पैनल को ठीक कराया लेकिन यह फिर खराब हो गया। मंगलवार तक पैनल को ठीक नहीं कराया जा सका है। इस समस्या पर आरडब्ल्यूए ने नगर आयुक्त को पत्र लिखकर समस्या के निस्तारण की मांग की है। जलकल विभाग के अवर अभियंता मयंक मिश्रा ने बताया कि पैनल खराब होने के चलते समस्या हो रही है। इसे ठीक भी कराया गया लेकिन बाद में केबल फुंक गई। टीमों को इसमें लगाया गया है। जल्द ही समस्या का निस्तारण कराया जाएगा।




### ग्रेटर नोएडा वेस्ट में सड़क खोदाई से फटी आईजीएल गैस पाइपलाइन

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर एक में सड़क खोदाई के दौरान मंगलवार शाम के समय आइजीएल की गैस पाइप लाइन फट गई। इसकी वजह से आसपास की सोसायटियों में गैस की सप्लाई बाधित हो गई। आरोप है कि रोड़ पर पाइप डालने का काम किया जा रहा है, खोदाई के दौरान गैस की पाइप फट गया। इसका आसपास की सोसायटियों में रह रहे लोगों ने जमकर विरोध किया। ग्रेनो वेस्ट के निवासियों बताया कि सेक्टर एरिया में अरिहंत अम्बर, आइजी रायल और फ्लोरा हेरिटेज सोसायटी पड़ती है। यहां पर काफी संख्या में परिवार रह रहे है। आरोप है कि अरिहंत अम्बर सोसायटी के सामने शाम के समय सड़क की खोदाई के दौरान गैस की पाइप लाइन फट गई। घरों में गैस की सप्लाई न आने के कारण आसपास की सोसायटियों में रह रहे लोगों ने ग्रुप पर सूचना डाली, जिससे पाइप लाइन फटे होने की जानकारी मिली है। उन्होंने बताया कि अरिहंत अंबर में भी दो टावरों में गैस की समस्या रही। इसके साथ ही आसपास की सोसायटी में रह रहे लोगों को गैस की सप्लाई न आने के कारण दिक्कत हुई है। गैस की पाइप लाइन फटने की वजह से लगातार गैस का तेजी से रिसाव हो रहा था। ऐसे में लोगों ने तत्काल शिकायत दी, इसके बाद आधे घंटे में स्थिति को काबू किया गया।

# हिमाचल में कई बड़े बदलाव, दूध के दाम बढ़े और बिजली हुई सस्ती; आपकी जेब पर क्या असर पड़ेगा




**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल में नए वित्त वर्ष के आगाज के साथ कई बड़े बदलाव होने जो रहे हैं। अब मुख्यमंत्री को अप्रैल से आधा वेतन मिलेगा। बुधवार से शुरू होने वाले नए वित्तीय वर्ष से इसे लागू किया जा रहा है। मुख्यमंत्री सिर्फ 50 प्रतिशत वेतन ही लेंगे। उपमुख्यमंत्री सहित मंत्रियों को छह माह के लिए 30 और विधायकों को 20 प्रतिशत तक कम वेतन मिलेगा। बोर्ड और निगम के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष सहित सलाहकारों का वेतन भी 20 प्रतिशत स्थगित रहेगा। आईपीएस, आईएफएस व आईएएस का वेतन 30 और अन्य अधिकारियों का 20 प्रतिशत तक स्थगित रहेगा। ग्रुप ए और बी अधिकारियों के वेतन का तीन प्रतिशत हिस्सा भी छह माह के लिए स्थगित रहेगा। सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्राकृतिक खेती से जुड़े उत्पादों के एमएसपी में बढ़ोतरी की है। गेहूं, मक्का व अन्य फसलों का एमएसपी बढ़ाया है। हल्दी का एमएसपी 150 रुपये प्रति किलो किया है। अदरक का एमएसपी 30 रुपये तय किया है। गाय का दूध 61 व भैंस का 71 रुपये प्रति किलो की दर से सरकार खरीद करेगी। अस्थायी कर्मचारियों का मानदेय व दैनिक दिहाड़ी भी बढ़ जाएगी। हालांकि इसके आदेश अलग से जारी होंगे लेकिन यह पहली अप्रैल से देय होंगे। प्रदेश में अब दिहाड़ी 450 रुपये प्रतिदिन मिलेगी। इसके अलावा जितनी भी श्रेणियां अस्थायी कर्मचारियों की हैं उन सभी का मानदेय भी बढ़ जाएगा। घरेलू उपभोक्ताओं को बुधवार से एक पैसा प्रति यूनिट बिजली सस्ती मिलेगी। हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत नियामक आयोग का नया टैरिफ बुधवार से लागू होगा। ये कटौती घरेलू से औद्योगिक सभी पर लागू होगी। प्रदेश के अति निर्धन परिवारों को सरकार 300 यूनिट निःशुल्क बिजली भी देगी। पहली अप्रैल से प्रदेश में शराब की नई दरें लागू होंगी। इससे संभवतः शराब महंगी हो जाएगी। हिमाचल में ठेकों की नीलामी नए सिरे से की गई है। ऐसे में शराब की नई दरें बुधवार से लागू होंगी। बीपीएल परिवार और मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत 21 वर्ष से अधिक आयु की बालिकाओं के विवाह पर सरकार 51 हजार रुपये की वित्तीय सहायता करेगी। इसके लिए शुभ विवाह योजना शुरू करने की घोषणा मुख्यमंत्री ने बजट में की है। एचआरटीसी बसों में पहली अप्रैल से हिम बस कार्ड को लागू कर दिया है। हिम बस कार्ड न होने पर महिलाओं का पूरा किराया लगेगा। सरकार ने स्कूली बच्चों को फिलहाल राहत दी है। निगम प्रबंधन ने 31 मई तक स्कूली बच्चों को छूट दी है। 31 मई तक जमा दो कक्षा तक के बच्चों को बिना हिम बस कार्ड एचआरटीसी बसों में निःशुल्क सेवा मिलती रहेगी। निगम इस मामले को निदेशक मंडल की बैठक में रखेगा। निगम ने 31 मार्च तक बिना हिम बस कार्ड यात्रा पर छूट दी थी। अभी तक 1.70 लाख हिम बस कार्ड बन चुके हैं।

## स्कूल चलो अभियान : सजाए गए स्कूल, तिलक लगाकर किया गया बच्चों का स्वागत; पहले दिन मिला मिड डे मील

**गाजियाबाद, एजेंसी।** परिषदीय विद्यालयों में एक अप्रैल से नया सत्र के साथ स्कूल चलो अभियान भी शुरू हो जाएगा। विद्यालयों को फूलों एवं गुब्बारों से सजाया गया। सत्र के पहले दिन बच्चों का तिलक लगाकर स्कूल में स्वागत किया गया। सत्र के पहले दिन विद्यालयों में जागरूकता के लिए विभिन्न एक्टिविटी कराई जाएंगी। वहीं विद्यालयों में बच्चों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन का लाइव प्रसारण दिखाया जाएगा। सत्र के पहले दिन बच्चों को रुचिकर पकवान मध्याह्न भोजन में खिलाए जाएंगे। अभियान को लेकर शिक्षा विभाग का मुख्य कार्यक्रम कंपोजिट विद्यालय करहेड़ा मोहननगर में होगा। सुबह 10 बजे कार्यक्रम शुरू होगा। बच्चों एवं अभिभावकों को मुख्यमंत्री के संबोधन का लाइव प्रसारण दिखाया जाएगा। इसके बाद जन-सामान्य में इसकी जागरूकता के लिए स्कूल चलो जागरूकता रैली निकाली जाएगी। बाकी विद्यालयों में भी बच्चों को मुख्यमंत्री के संबोधन का लाइव प्रसारण दिखाया जाएगा और जागरूकता रैली निकाली जाएगी।




हालांकि जिले में अभी तक विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम नहीं मिला है। कुछ विद्यालयों में एक अप्रैल यानी बुधवार को तो रिपोर्ट कार्ड का वितरण भी किया जाएगा। बीएसए ओपी यादव का कहना है कि शासनादेशानुसार स्कूल चलो अभियान की शुरुआत की जाएगी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

## संपादकीय

### कानून सख्त, सोच कमजोर, थम नहीं रहा दहेज के नाम पर मौत का सिलसिला

सरकारी स्तर पर देश में दहेज प्रथा पर अंकुश लगाने के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन आंकड़ों से पता चलता है कि इसकी वास्तविक तस्वीर बेहद चिंताजनक है।इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि देश में सख्त कानूनी प्रावधानों के बावजूद दहेज के लिए विवाहिता की हत्या या उसे आत्महत्या के लिए मजबूर करने की घटनाओं का सिलसिला थम नहीं रहा है। इक्कीसवीं सदी में शिक्षा और विज्ञान के क्षेत्र में नए आयाम हासिल करने के बावजूद इस मामले में समाज के एक हिस्से की रूढ़िवादी मानसिकता नहीं बदली है। यही नहीं, कानूनों को सख्ती से लागू करने के मामले में भी विभिन्न स्तरों पर लापरवाही देखी जाती है, जिस कारण इस कुप्रथा की जड़ें नष्ट होने के बजाय गहरी होती जा रही हैं। इसका दंश महिलाओं के खिलाफ हिंसा और उत्पीड़न तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह उनकी जान पर भी भारी पड़ रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी अपने एक फैसले में इस पर गहरी चिंता जताई और दहेज के मामलों में महिलाओं की मौत की घटनाओं को समाज पर गहरा धब्बा करार दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस सामाजिक कुरीति के कारण आज भी हजारों महिलाएं बेमौत मारी जाती हैं।सरकारी स्तर पर देश में दहेज प्रथा पर अंकुश लगाने के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन आंकड़ों से पता चलता है कि इसकी वास्तविक तस्वीर बेहद चिंताजनक है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की एक रपट के मुताबिक, वर्ष 2023 में दहेज संबंधी अपराधों के तहत दर्ज मामलों में चौदह फीसद की बढ़ोतरी देखी गई है। देश भर में इससे संबंधित पंद्रह हजार से अधिक मामले दर्ज किए गए, जिनमें छह हजार से ज्यादा महिलाओं की मौत हो गई। जबकि वर्ष 2022 और 2021 में यह संख्या क्रमश- 13,479 और 13,568 थी। सवाल है कि इस तरह की घटनाओं पर रोक क्यों नहीं लग पा रही है? क्या वजह है कि दहेज प्रथा को बढ़ावा देने वालों में कानून का जरा भी खौफ नहीं है! इसके लिए निश्चित तौर पर कानून प्रवर्तन एजंसियों का ढुलमुल रवैया भी जिम्मेदार है। पुलिस की लापरवाही की वजह से कई बार दहेज से संबंधित मामलों के आरोपी अदालत में सबूतों के अभाव में बरी हो जाते हैं। कई दफा पीड़ित महिलाओं को शिकायत दर्ज कराने में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

*असली परीक्षा वैज्ञानिक या तकनीकी नहीं, बल्कि आर्थिक भी है। प्रश्न यह नहीं कि भारत चांद तक पहुंच सकता है या नहीं। यह तो वह सिद्ध कर चुका है। असली प्रश्न यह है कि क्या भारत इस सफलता को ऐसी दीर्घकालिक राष्ट्रीय अंतरिक्ष रणनीति में बदल पाएगा, जो देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे सके और जोखिमों को कम कर सके। क्या चांद पर नियमित मिशन भेजने, वहां उपलब्ध संसाधनों की खोज और भविष्य की औद्योगिक गतिविधियों के लिए स्पष्ट, समयबद्ध और वित्तपोषित कार्ययोजना है?*

## चांद की नई 'स्पेस रेस'- ताकत, तकनीक और अर्थव्यवस्था की जंग में भारत कहां खड़ा है

**(विजन कुमार पांडेय)**

अंतरिक्ष अब केवल वैज्ञानिकों की प्रयोगशाला तक सीमित नहीं रहा, बल्कि वह दुनिया की बड़ी ताकतों के बीच शक्ति और वर्चस्व की नई जमीन बन चुका है। इस बदले दौर में चांद एक बार फिर रणनीतिक होड़ का केंद्र बन गया है। अमेरिका और चीन चांद को भविष्य की अंतरिक्ष गतिविधियों, संसाधनों पर वर्चस्व और तकनीकी बढ़त का आधार बनाना चाहते हैं। निजी कंपनियां भी इस दौड़ में उतर चुकी हैं, जिससे अंतरिक्ष अब सरकारों तक सीमित न रह कर बाजार, रोजगार और आम आदमी के भविष्य से जुड़ता जा रहा है। चांद पर जाने की यह जल्दबाजी केवल विज्ञान की जिज्ञासा नहीं, बल्कि आने वाले समय में ताकत की रूपरेखा तय करने की तैयारी है। जो देश आज चांद पर अपनी मौजूदगी मजबूत करेंगे, वही कल अंतरिक्ष से जुड़ी कमाई और बड़े फैसलों पर असर डालेंगे। ऐसे में भारत के सामने भी सवाल है कि क्या वह इस बदलती अंतरिक्ष राजनीति को समझ कर समय रहते अपनी योजना बनाएगा? मनुष्य सबसे पहले मंगल पर कब पहुंचेगा, यह सवाल लंबे समय तक रोमांच बना रहा। 'स्पेसएक्स' और 'ब्लू ओरिजिन' ने इसी सपने को अपनी पहचान बनाया। एलन मस्क समय सीमा घोषित करते रहे। उद्देश्य था- महत्त्वाकांक्षा दिखाना और प्रतिभा आकर्षित करना। मगर हाल के महीनों में तस्वीर बदली है। हकीकत यह है कि पर्दे के पीछे 'स्पेसएक्स' लंबे समय से नासा के साथ चांद से जुड़े काम में लगी थी। आर्टेमिस कार्यक्रम के तहत मानव को चांद पर उतारने का जिम्मा इसी का प्रमाण है। उधर, जेफ बेजोस की कंपनी भी तेजी से आगे बढ़ रही है। इससे स्पष्ट है कि अंतरिक्ष की अगली निर्णायक मंजिल मंगल नहीं, बल्कि चांद है। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण नासा की बदलती प्राथमिकताएं हैं। अमेरिका का आर्टेमिस कार्यक्रम चांद पर स्थायी उपस्थिति बनाने की दिशा में बढ़ रहा है। यह केवल वैज्ञानिक प्रयोगों के लिए नहीं, बल्कि भविष्य की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था की नींव रखने का प्रयास है। चांद पर खनिज संसाधन और ऊर्जा के स्रोत मौजूद हैं। इनका उपयोग अंतरिक्ष अभियानों की लागत कम कर सकता है। साथ ही अमेरिका को यह चिंता भी सता रही है कि यदि उसने चांद पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज नहीं कराई, तो चीन यह बढ़त हासिल कर लेगा। उसने चांद पर कई सफल मिशन भेजे हैं और वह 2030 के लिए मानव मिशन की घोषणा कर चुका है। भारत के लिए इस वैश्विक बदलाव में कई गहरे संकेत छिपे हैं। चंद्रयान-3 के माध्यम से उसने चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सफलता से उतर कर यह दिखा दिया कि वह केवल अंतरिक्ष दौड़ का दर्शक नहीं, बल्कि सक्रिय खिलाड़ी है। यह क्षेत्र इसलिए खास माना जाता है, क्योंकि यहां जल और बर्फ के मौजूदगी की संभावना है, जो भविष्य में ईंधन, आक्सीजन और मानव बस्तियों की आधारशिला बन सकती है। इस उपलब्धि के साथ भारत अब उन चुनिंदा देशों की कतार में है जिनके पास चांद तक पहुंचने और वहां उतरने की क्षमता है। यह सफलता केवल वैज्ञानिक गौरव का विषय नहीं, बल्कि रणनीतिक शक्ति का संकेत भी है। इससे भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा बढ़ी है और इसरो को अंतरराष्ट्रीय सहयोग के नए अवसर मिले हैं। असली परीक्षा वैज्ञानिक या तकनीकी नहीं, बल्कि आर्थिक भी है। प्रश्न यह नहीं कि भारत चांद तक पहुंच सकता है या नहीं। यह तो वह सिद्ध कर चुका है। असली प्रश्न यह है कि क्या भारत इस सफलता को ऐसी दीर्घकालिक राष्ट्रीय अंतरिक्ष रणनीति में बदल पाएगा, जो देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे सके और जोखिमों को कम कर सके। क्या चांद पर नियमित मिशन भेजने, वहां उपलब्ध संसाधनों की खोज और भविष्य की औद्योगिक गतिविधियों के लिए स्पष्ट, समयबद्ध और वित्तपोषित कार्ययोजना है? अंतरिक्ष में हर असफल प्रयास केवल वैज्ञानिक झटका ही नहीं देते, बल्कि भारी आर्थिक नुकसान भी कराते हैं। अरबों रुपए का निवेश, वर्षों की मेहनत और अनगिनत मानव-घंटे एक झटके में दांव पर लग जाते हैं। यदि भारत इस अवसर को सही ढंग से साधता है, तो अंतरिक्ष क्षेत्र केवल खर्च का मद नहीं रहेगा, बल्कि रोजगार सृजन, उच्च-प्रौद्योगिकी, उद्योगों और नवाचार आधारित अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार भी बनेगा। तब भारत केवल एक सफल मिशन वाला देश नहीं, बल्कि अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में निर्णायक भूमिका निभाने वाली शक्ति होगा। अमेरिका और चीन चांद को भविष्य की अंतरिक्ष गतिविधियों का बड़ा केंद्र बनाने की होड़ में हैं। वे वहां ठिकाने बसाने, संसाधनों पर पकड़ बनाने और निजी कंपनियों के लिए नए मौके खोलने की तैयारी कर रहे हैं। साफ है कि अंतरिक्ष अब केवल विज्ञान का विषय नहीं रहा, बल्कि रोजगार, उद्योग और कमाई की नई जमीन बन चुका है। ऐसे में भारत के सामने भी निर्णायक स्थिति है। क्या वह सिर्फ मिशन भेज कर खुश रहेगा या चांद पर स्थायी मौजूदगी की ठोस योजना बनाएगा? यह सवाल केवल वैज्ञानिकों का नहीं, बल्कि देश के हर नागरिक के भविष्य से जुड़ा है। इसरो की कम लागत वाली और भरोसेमंद तकनीक भारत की सबसे बड़ी ताकत है। अब समय आ गया है कि निजी कंपनियों और युवाओं को बड़े पैमाने पर अंतरिक्ष क्षेत्र में शामिल किया जाए। इससे नए उद्योग खड़े होंगे, नौकरियां सृजित होंगी और अंतरिक्ष क्षेत्र आम लोगों की तरक्की का माध्यम बनेगा। हाल के वर्षों में भारत सरकार ने निजी कंपनियों के लिए अंतरिक्ष क्षेत्र खोला है। नवउद्यम उभर रहे हैं, राकेट और उपग्रह बनाने की पहल हो रही है, लेकिन इस प्रयास को और तेज करने की जरूरत है। चांद और गहन अंतरिक्ष मिशनों के लिए भारी निवेश, दीर्घकालिक नीति चाहिए। 'स्पेसएक्स' और 'ब्लू ओरिजिन' की रणनीति एक अहम सबक देती है कि बड़े सपने दिखाना आसान है, लेकिन काम छोटे और ठोस कदमों से ही आगे बढ़ता है। सीधे मंगल की छलांग नहीं, पहले चांद पर मजबूत कदम जरूरी है। यही रास्ता व्यावहारिक है। चांद पर लगातार उपग्रह भेजने और आगे चल कर मानव मिशन की तैयारी ही हमें बड़े लक्ष्यों तक पहुंचाएगी। जो देश सीढ़ी-दर-सीढ़ी चढ़ता है, वही शिखर पर पहुंचता है। अंतरिक्ष अन्वेषण का भविष्य केवल वैज्ञानिक खोज नहीं, बल्कि आर्थिक गतिविधियों से भी जुड़ा है। उपग्रह सेवाएं, अंतरिक्ष पर्यटन, संसाधन खनन और संचार नेटवर्क आने वाले समय में बड़ी अर्थव्यवस्था का हिस्सा बनेंगे। जो देश अभी तैयारी करेंगे, वही आगे चल कर लाभ उठाएंगे। 'स्पेसएक्स' और 'ब्लू ओरिजिन' का चांद की ओर बढ़ना बताता है कि अंतरिक्ष की दौड़ अब सपनों की कहानी नहीं रही। यह आज राष्ट्रीय शक्ति, रोजगार, उद्योग और तकनीक की सीधी लड़ाई बन चुकी है। जो देश चांद पर अपनी मजबूत मौजूदगी बनाएगा, वही आने वाले समय की दिशा भी तय करेगा। भारत के लिए यह आत्मसंतोष का नहीं, बल्कि साहसिक फैसले लेने का समय है। चंद्रयान-3 की सफलता को केवल उपलब्धि मान कर रुकना काफी नहीं होगा। अब जरूरत है कि हम चांद पर लगातार मिशन भेजें और दीर्घकालिक कार्यक्रम बनाएं। इससे देश में नई नौकरियां बनेंगी, तकनीक आगे बढ़ेगी और आम आदमी को भी इसका लाभ मिलेगा। यदि भारत आज सही फैसले करता है, तो वह सिर्फ अंतरिक्ष तक नहीं, बल्कि भविष्य की दिशा तय करने वाला देश बनेगा।

## पश्चिम एशिया में और उलझती जा रही लड़ाई

अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते के लिए पाकिस्तान में बातचीत शुरू हुई है, जिसमें कई मुस्लिम देशों के विदेश मंत्री शामिल हैं। हालांकि ईरान सीधे संवाद से इनकार कर रहा है और क्षेत्रीय तनाव बढ़ता जा रहा है। जंग के कारण दुनिया पर आर्थिक दबाव बढ़ने लगा है।अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते के लिए रविवार को पाकिस्तान में बातचीत शुरू हो गई। सऊदी अरब, तुर्किये और इजिप्ट के विदेश मंत्री भी इस्लामाबाद पहुंचे हैं। एक दिन पहले यानी शनिवार को अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भरोसा जताया था कि युद्ध कुछ हफ्तों में खत्म हो जाएगा। पश्चिम एशिया में बढ़ती अमेरिकी सैनिकों की मौजूदगी से जुड़ी चिंताओं को भी उन्होंने यह कहकर खारिज कर दिया था कि युद्ध में थल सेना की जरूरत नहीं पड़ेगी।यह पूरा सीन उम्मीदें जगाने वाला भी लगता है, लेकिन इसके साथ कई बड़ी चुनौतियां भी हैं। ईरान ने अमेरिका से सीधे बातचीत से इनकार कर दिया है, यानी अब दोनों के बीच संवाद के लिए कोई तीसरा पक्ष सामने आएगा। अमेरिका ने समझौते के लिए जो शर्तें रखी हैं, ईरान उससे इनकार करता आ रहा है। सऊदी अरब का रुख भी अहम रहेगा, क्योंकि खबरें हैं कि वह ईरान पर अमेरिकी हमले के समर्थन में भी था।फिर शनिवार को ईरान समर्थित हूती विद्रोही भी जंग में शामिल हो गए, जिससे स्थिति और जटिल हो गई। इस्राइल भले ही कह रहा है कि वह कई मोर्चों पर लड़ने के लिए तैयार है, लेकिन हालात पहले से अलग और चुनौतीपूर्ण हैं। लेबनान में हिजबुल्लाह के साथ टकराव जारी है, जबकि गाजा में भी बड़े पैमाने पर सैन्य संसाधन लगे हुए हैं। ऐसे में इस्राइल पर दबाव और बढ़ता दिख रहा है।इस लड़ाई का दुनिया पर बुरा असर पड़ रहा है।

## भागदौड़ के बीच खोता आनंद- जीवन की असली खुशियों से दूर हो रहे हैं हम

**(मनीषा मंजरी)**

हमारा यह जीवन केवल सांसों का नियमित प्रवाह नहीं है, बल्कि अनुभवों, भावनाओं और चेतना की एक गहन यात्रा भी है। इस यात्रा में सामान्यत- सुख और दुख, आशा और निराशा, संघर्ष और विश्राम सब एक साथ चलते रहते हैं। पर आधुनिक जीवन की भागदौड़, प्रतिस्पर्धा और अनिश्चितताओं ने हमारे मन को इतना व्याकुल कर दिया है कि हम जीवन के वास्तविक सौंदर्य और आनंद को महसूस नहीं कर पाते हैं। हमें ऐसा लगता है कि हमारे जीवन का अधिकांश भाग चिंता, तनाव और असंतोष से भरा हुआ है। मगर गहराई से विचार करें, तो पाएंगे कि मनुष्य का जीवन केवल चिंता और तनाव के लिए नहीं है, बल्कि आनंद, आशा और संतुलन के लिए भी है। जीवन की कठिनाइयां हमें परखने और मजबूत बनाने के लिए आती हैं, लेकिन उनका उद्देश्य हमारे भीतर के उत्साह और आशा को समाप्त करना नहीं होता। जब हम जीवन को केवल समस्याओं और संघर्षों की श्रृंखला मान लेते हैं, तब हम अपने ही भीतर के आनंद के स्रोत से दूर हो जाते हैं, लेकिन जीवन को एक व्यापक चेतना की प्रक्रिया के रूप में देखें, तो हमें अनुभव होगा कि चिंता और तनाव जीवन के अंतिम सत्य नहीं हैं। उनके साथ-साथ आनंद, आशा और संतुलन भी जीवन के अभिन्न आयाम हैं। हमारा मन स्वभावत- चंचल होता है। यह या तो अतीत की स्मृतियों में उलझा रहता है या भविष्य की आशंकाओं में स्वयं को भटकाता रहता है। इसी कारण वर्तमान क्षण की सहजता और सुंदरता हमसे अक्सर छूट जाती है। चिंता का मूल भी यही है, वह उस समय पैदा होती है, जब मन वर्तमान से दूर हो जाता है। दर्शन की दृष्टि से देखा जाए, तो जीवन का वास्तविक अनुभव केवल वर्तमान में ही संभव है। जब हमारा मन वर्तमान के इस क्षण को स्वीकार करता है और उसमें उपस्थित छोटी-छोटी खुशियों को पहचानता है, तब जीवन का बोझ हल्का होने लगता है। अक्सर हम यह मान बैठते हैं कि सुख केवल बड़ी-बड़ी सामाजिक उपलब्धियों में निहित है, जैसे प्रतिष्ठा, संपत्ति या सफलता में। मगर यह विचार अधूरा है। जीवन का गहन आनंद कई बार उन साधारण क्षणों में छिपा होता है, जिन्हें हम सामान्य समझकर अनदेखा कर देते हैं। जैसे किसी प्रियजन की मुस्कान, प्रकृति का शांत सौंदर्य या मन का एक शांत क्षण। यही छोटे-छोटे अनुभव जीवन को सार्थकता प्रदान करते हैं। अगर हम इन सूक्ष्म आनंदों को पहचानना सीख जाएं, तो हमारे भीतर संतोष का भाव विकसित होने लगता है। सकारात्मकता का अर्थ यह नहीं है कि हम दुख या कठिनाइयों से बच सकते हैं। जीवन में संघर्ष और पीड़ा का होना स्वाभाविक है, क्योंकि वही अनुभव हमारे व्यक्तित्व को परिपक्व बनाते हैं। सकारात्मकता का वास्तविक अर्थ यह है कि हम कठिन परिस्थितियों के बीच भी आशा को जीवित रख सकें। यह आशा ही वह शक्ति है, जो अंधकार के क्षणों में भी हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। इसके साथ ही यह भी महत्त्वपूर्ण है कि हम अपने व्यवहार और शब्दों के माध्यम से दूसरों के जीवन में भी आशा और उत्साह का संचार करें। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और उसका जीवन दूसरों से गहराई से जुड़ा हुआ होता है। हमारे शब्द और व्यवहार कई बार किसी के मन पर गहरा प्रभाव डाल सकते हैं। अगर हम अपने व्यवहार में सहानुभूति, करुणा, संवेदनशीलता और सकारात्मकता रखें, तो हम अनजाने में ही किसी के जीवन में प्रकाश की किरण बन सकते हैं।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 6049

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | | 1 | | | 6 | |
| 9 | | 6 | 5 | | 2 | | | 4 |
| | | | | | | 9 | 5 | |
| 3 | 2 | | | | | | 8 | |
| 1 | | | 7 | 5 | 9 | | | 2 |
| | 9 | | | | | | 1 | 5 |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| 6 | | | 4 | | 8 | 5 | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | | 9 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6048

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 4 | 8 | 9 | 7 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 7 | 2 | 4 | 1 | 9 | 8 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 6 | 5 | 7 | 4 | 2 |
| 7 | 4 | 8 | 1 | 3 | 6 | 2 | 5 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 5 | 8 | 9 | 4 | 7 | 3 |
| 5 | 9 | 3 | 7 | 2 | 4 | 1 | 6 | 8 |
| 4 | 8 | 2 | 6 | 1 | 3 | 5 | 9 | 7 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | 8 | 1 | 6 |
| 1 | 7 | 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 2 | 4 |

## आज का राशिफल

### मेष

आज दिन आपके लिए उत्तम है। आज आपका ध्यान आध्यात्मिकता की ओर ज्यादा रहेगा. रहस्यों से भरपूर गूढ़ विद्याओं की तरफ भी आपका झुकाव बढ़ेगा. गहन चिंतन आपको कुछ अनोखा अनुभव कराएंगे. वाणी पर अंकुश रखेंगे, तो बहुत से मतभेदों को टाल सकेंगे. जीवनसाथी के साथ आपके संबंध सामान्य बने रहेंगे. आर्थिक लाभ हो सकता है. विरोधियों पर आप भारी पड़ेंगे।

### वृष

आज आप अपने वैवाहिक जीवन का आनंद ले सकेंगे. परिवार के साथ कोई सामाजिक प्रसंग अथवा छोटे प्रवास पर जाने से आपको आनंद का अनुभव होगा. मित्रों और सगे संबंधियों के साथ स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाएंगे. विदेश में रहने वाले करीबियों के समाचार मिलेंगे. अचानक आर्थिक लाभ हो सकता है. व्यापारियों के लिए समय लाभदायक है. समाज में आप मान-सम्मान प्राप्त कर सकेंगे।

### मिथुन

आज आपके परिवार में सुख- शांति का वातावरण रहेगा. माता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी. हालांकि आज नकारात्मकता आपके मन को दुखी करेगी और आपको बेचैनी का अनुभव होगा. आज मकान, जमीन या वाहन के दस्तावेजी काम करने के लिए योग्य दिन नहीं है।

### तुला

आज बिना विचारे किसी भी तरह के काम में रुचि ना लें. आप किसी से इमोशनल संबंध में जुड़ सकते हैं. भाई-बहनों के साथ अच्छे संबंध बने रहेंगे. मित्रों और स्नेहीजनों से मिलना- जुलना होगा. रहस्यमय विद्या में आपकी रुचि बढ़ेगी. आध्यात्मिकता में आगे बढ़ सकते हैं. विरोधियों के साथ आप अच्छी तरह टक्कर ले सकेंगे।

### वृश्चिक

आज आपको जिद छोड़कर लोगों से अच्छा व्यवहार करना चाहिए. अपनी वाणी को अंकुश में नहीं रखेंगे, तो मनमुटाव हो सकता है. मन की उलझन के कारण कोई निर्णय लेने में कठिनाई होगी. व्यापार को बढ़ाने की किसी योजना पर आज काम नहीं कर पाएंगे. स्वास्थ्य का ख्याल रखना भी आवश्यक है. आज जीवनसाथी के साथ किसी बात का मतभेद आगे नहीं बढ़ने दें।

### धनु

आज आपको शारीरिक और मानसिक रूप से प्रसन्नता का अनुभव होगा. कार्यस्थल पर कोई आसान टारगेट मिल सकता है, जिसे लेकर आप उत्साहित रह सकते हैं. आर्थिक लाभ होने के योग हैं. हालांकि किसी बड़े निवेश की ओर जाने से पहले आपको बेहद सावधानी रखना चाहिए. परिवार में सुख और शांति का वातावरण बना रहेगा. मित्रों और स्नेहीजनों के साथ मुलाकात से आनंद होगा।

### कर्क

आज का दिन अधूरे काम पूरा करने के लिए समय अच्छा है. आपके परिवार में आनंद और उत्साह का वातावरण होगा. अपने काम में यश एवं प्रतिष्ठा प्राप्त कर सकेंगे. लोगों के साथ बातचीत के दौरान स्वभाव को शांत रखना आवश्यक है. वाणी पर संयम रखें, नहीं तो विवाद की संभावना बनी रहेगी. आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे. विरोधियों पर विजय प्राप्त कर सकेंगे।

### सिंह

आज का दिन आपके लिए शांतिपूर्वक रहेगा। किसी बात की चिंता आपको रह सकती है. आपको पेट सम्बंधी कोई तकलीफ हो सकती है. अचानक धन खर्च होने की संभावना है. प्रेमियों के बीच मतभेद हो सकता है. किसी रिश्ते में आगे बढ़ने से पहले आपको बेहद ध्यान रखना होगा. आज आप नए काम की शुरुआत कर सकेंगे. यात्रा टालने की सलाह आपको दी जाती है।

### कन्या

आज आपको शारीरिक और मानसिक बेचैनी महसूस होगी. संतान पक्ष की चिंता हो सकती है. ऑफिस में उच्च पदाधिकारियों के साथ विवाद हो सकता है और उनके नाराज होने की संभावना है. आपके विरोधी आपके लिए कठिनाई पैदा कर सकते हैं. मन पर नकारात्मकता का प्रभाव होगा।

### मकर

आज दिन थोड़ा कष्टदायक लग रहा है. परिजनों के साथ मतभेद हो सकते हैं. आपका व्यवहार उग्र होगा और आप क्रोधित रहेंगे. किसी के साथ जोरदार बहस भी हो सकती है. स्वास्थ्य खराब होगा. आपको व्यवहार और वाणी पर अंकुश रखना होगा. दुर्घटना से बचाव के लिए सावधानी रखें. अधिक पैसे खर्च होंगे. कोर्ट-कचहरी के कामों में सावधान रहें. विद्यार्थियों को आज अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ सकती है।

### कुंभ

आज आपके उच्च अधिकारी और बुजुर्ग आपसे प्रसन्न होंगे. आपको सभी कामों में सफलता मिलेगी. नौकरी और व्यवसाय में आपकी स्थिति अच्छी रहेगी. कोई अधूरा काम पूरा होने से आपकी चिंता दूर होगी. आपका स्वास्थ्य तथा मान-सम्मान बढ़ेगा. वैवाहिक जीवन में आनंद रहेगा. जीवनसाथी के साथ प्रेम संबंध और मजबूत होंगे. विद्यार्थियों को उचित सफलता के लिए अतिरिक्त मेहनत करनी होगी।

### मीन

आज आपके घर में किसी शुभ प्रसंग की संभावना है. किसी वस्तु की खरीदारी के लिए आज का दिन अनुकूल है. आज शेयर बाजार में भी लाभ मिलने की संभावना है. आप मित्रों और स्नेहीजनों से मिलकर आनंद का अनुभव करेंगे. किसी सामाजिक काम, नौकरी या व्यवसाय में लाभ होगा. मान-सम्मान मिलेगा, पत्नी और संतान से भी आपको सहयोग मिलेगा।

## वर्ग पहेली 6049

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | | 5 | ■ |
| 6 | | | ■ | | ■ | | ■ |
| | ■ | ■ | 7 | ■ | 8 | | 9 |
| 10 | 11 | 12 | ■ | 13 | ■ | 14 | |
| 15 | | | 16 | | ■ | 17 | |
| ■ | | ■ | 18 | | 19 | ■ | ■ |
| 20 | | ■ | | ■ | 21 | 22 | 23 |
| 24 | | | | ■ | 25 | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. भारत के राज्य का प्रथम राज्यपाल होने का गौरव इस महिला को प्राप्त है (7)
6. पहाड़ी ने नीचे की घाटी का मैदान (3)
7. वस्तु, पदार्थ, द्रव्य, चीज (उर्दू)(1)
8. यह नेपाल और बिहार में बहने वाली नदी है जिसे नेपाल में सालिग्रामी कहते है (3)
10. दुर्घटना, अनेहानी, विपदा (3)
14. अवनमित, वक्र टेढ़ा (2)
15. जिसके दिल में रहम या करूणा का भाव हो, कृपालु, दयालु (5)
17. शब्दब्रह्म, अर्ध महाकल्प (2)
18. उमंग, मौज, तरंग (3)
20. यह वाराणसी का पुराना नाम है (2)
21. पूर्व और उत्तर के मध्य का कोना (3)
24. जल में विचरण करने वाली प्राणी (4)
25. बलमा, प्रेमी, साजन, 1951 की देवानंद और सुरैया अभिनीत एक फिल्म (3)

**ऊपर से नीचे**

1. चिर नवीन, चिरयुवा (5)
2. देह के बाल, रोआं (2)
3. जिस का बहुवचन, एक विलायती मदिरा (2)
4. अम की पहाड़ी जंगलों में रहने वाली एक जाति, अनुपिस्थति, गैर हाजिरी (2)
5. यह टूर्नामेंट एशिया का सबसे पुराना फुटबॉल टूर्नामेंट और दुनिया का तीसरा सबसे पुराना टूर्नामेंट है (5)
9. काजल शब्द का अपभ्रंश (3)
11. ज्वलनशील, जलने वाला (5)
12. गाए जाने वाले वेदमंत्र (2)
13. समझौता, संधि, मुआहिदा (3)
16. प्रेमपात्र, माशूक, दिल उड़ा ले जाने वाला (उर्दू)(4)
19. धनवान, धनाढ्य (3)
20. कारण, मंगलोत्सव, बटन का घर (2)
22. तड़क-भड़क, ठाट-बाट, वैभव (2)
23. हल्का गीला, आर्द्र, नमस्कार, त्याग (2)

### वर्ग पहेली 6048 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ऊ | दी | अ | र | ब | ■ | म |
| ग | ब | न | ■ | क | या | म | त |
| र | ■ | ए | त | बा | र | ■ | ल |
| ■ | ■ | इ | न | ■ | ■ | बॉ | बी |
| ■ | गु | ला | ब | ■ | र | बी | ■ |
| ■ | श | ही | द | ■ | ■ | दे | र |
| व | ■ | ■ | न | बी | ■ | ओ | स |
| ह | वा | ना | ■ | ■ | ज | ल | द |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

# इंग्लैंड के दिग्गज ऑलराउंडर रवि बोपारा ने किया रिटायरमेंट का ऐलान

## 25 साल लंबा रहा काउंटी करियर

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के अनुभवी दिग्गज ऑलराउंडर रवि बोपारा ने काउंटी क्रिकेट से रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया है। बोपारा इस साल टी20 ब्लास्ट में एसेक्स के लिए खेलते नजर नहीं आएंगे और 25 साल लंबे काउंटी करियर को अलविदा कह दिया है। 40 वर्षीय बोपारा फिलहाल पीएसएल 2026 में कराची किंग्स टीम के हेड कोच की भूमिका निभा रहे हैं।

**रिटायरमेंट पर बोपारा का बयान** – रिटायरमेंट का ऐलान करते हुए बोपारा ने कहा, मैं क्रिकेट से बिल्कुल दूर नहीं जा रहा हूं। टी20 ब्लास्ट को लेकर मैंने काफी सोचा, यह बहुत मुश्किल फैसला था, लेकिन अब मैं नई चीजों के लिए उत्साहित हूं। मुझे कमेंट्री का अच्छा मौका मिला है, जिसे छोड़ना मेरे लिए सही नहीं होता।

**'काउंटी क्रिकेट मेरा परिवार था'** – बोपारा ने काउंटी क्रिकेट को लेकर भावुक बयान भी दिया। उन्होंने कहा, यह एक कठिन फैसला है, क्योंकि इतने सालों तक मुझे काउंटी क्रिकेट में ऐसा लगता था जैसे मैं वहीं का हिस्सा हूं। पिछले साल सरे के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में खेली गई पारी के साथ टी20 ब्लास्ट को अलविदा कहना शायद सही तरीका है।

**25 साल लंबा रहा काउंटी करियर** – रवि बोपारा ने 2002 में काउंटी डेब्यू किया था। इसके पांच साल बाद उन्होंने इंग्लैंड के लिए टेस्ट और वनडे डेब्यू किया



और फिर टी20 इंटरनेशनल भी खेले। उन्होंने आखिरी बार इंग्लैंड के लिए 2015 वर्ल्ड कप में खेला था, लेकिन इसके बाद भी वह दुनिया भर की टी20 लीग में खेलते रहे। पिछले टी20 ब्लास्ट सीजन में उन्होंने 46 गेंदों में नाबाद 105 रन की शानदार पारी खेली थी।

**भविष्य को लेकर क्या बोले बोपारा** – बोपारा ने कहा, मैंने 25 साल काउंटी क्रिकेट खेला, जो मेरे जीवन का बहुत बड़ा हिस्सा रहा है। इंग्लैंड में क्रिकेट ने मुझे सब कुछ दिया - मौके, यादें और शानदार दोस्त। 25 साल किसी भी खेल में खेलना मेरे लिए गर्व की बात है। उन्होंने आगे कहा, मेरे पास अभी भी क्रिकेट को देने के लिए बहुत कुछ है। मैं युवाओं को अपना अनुभव देना चाहता हूं - चाहे मेंटरिंग हो, कोचिंग हो या कोई और भूमिका। मैं क्रिकेट में नई भूमिकाओं के लिए तैयार हूं।

### करियर आंकड़े

### बोपारा के करियर की बात करें तो उन्होंने

**221 फर्स्ट क्लास मैच** - 12,821 रन और 257 विकेट
**325 लिस्ट ए मैच** - 9,856 रन और 248 विकेट
**494 टी20 मैच** - 9,948 रन और 292 विकेट

वह टी20 क्रिकेट में लगभग 10,000 रन बनाने के करीब हैं और गेंदबाजी में भी 292 विकेट ले चुके हैं।

# जुलाई में जिम्बाब्वे दौरे पर जाएगी टीम इंडिया, शेड्यूल जारी



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** बीसीसीआई ने जुलाई 2026 में भारतीय टीम के जिम्बाब्वे दौरे का शेड्यूल जारी कर दिया है। इस दौरे पर टीम इंडिया तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी। सभी मुकाबले हरारे में खेले जाएंगे और सीरीज का पहला मैच 23 जुलाई को खेला जाएगा।

### हरारे स्पोर्ट्स क्लब में होंगे सभी मैच

भारत और जिम्बाब्वे के बीच यह तीनों टी20 मुकाबले हरारे स्पोर्ट्स क्लब , हरारे में खेले जाएंगे। इससे पहले भारतीय टीम ने 2024 में जिम्बाब्वे का दौरा किया था, जहां दोनों टीमों के बीच पांच टी20 मैचों की सीरीज खेली गई थी।

### 2027 में जिम्बाब्वे टीम भारत दौरे पर आएगी

बीसीसीआई ने यह भी पुष्टि की है कि जिम्बाब्वे टीम जनवरी 2027 में भारत दौरे पर आएगी, जहां दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी। यह मैच कोलकाता, हैदराबाद और मुंबई में खेले जाएंगे, हालांकि तारीखों का ऐलान अभी नहीं किया गया है।

### भारत के जिम्बाब्वे दौरे का शेड्यूल

**23 जुलाई** – पहला टी20 मैच, हरारे
**25 जुलाई** – दूसरा टी20 मैच, हरारे
**26 जुलाई** – तीसरा टी 20 मैच, हरारे

# चहल ने तोड़ा जडेजा का IPL रिकॉर्ड



- 7-15 ओवर के फेज में सबसे ज्यादा विकेट
- अर्शदीप का 11 बॉल का ओवर, पंजाब-गुजरात मैच में बने यह रिकार्ड्स
- पंजाब ने गुजरात को 3 विकेट से हराया

**न्यू चंडीगढ़ (एजेंसी)।** आईपीएल में मंगलवार को पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस पर 3 विकेट से जीत दर्ज की। न्यू चंडीगढ़ में हुए इस मैच के दौरान दो रिकॉर्ड बने। युजवेंद्र चहल आईपीएल मैचों के 7 से 15 ओवर के फेज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। वहीं अर्शदीप सिंह ने एक ओवर पूरा करने के लिए सबसे ज्यादा गेंद फेंकने के अनचाहे रिकॉर्ड की बराबरी कर ली।इन दो रिकॉर्ड के अलावा कई ऐसे मोमेंट्स से भी गुजरे जिनकी चर्चा मीडिया और सोशल मीडिया दोनों पर हो रही है।

### चहल ने चौथी बार गिल को आउट किया

10वें ओवर की तीसरी गेंद पर युजवेंद्र चहल ने शुभमन गिल को आउट कर दिया। चहल ने गेंद को धीमा रखा। गिल मिड-विकेट के ऊपर स्लॉग स्वीप खेलने गए, लेकिन गेंद बल्ले के बीच में नहीं आई। डीप मिड-विकेट पर खड़े कूपर कोनोली ने आसान कैच पकड़ लिया। गिल ने 27 गेंदों में 39 रन बनाए ।चहल ने गिल को आईपीएल में चौथी बार आउट किया है।

- **अर्शदीप ने 11 बॉल का ओवर फेंका** – अर्शदीप सिंह ने गुजरात के खिलाफ 11 गेंदों का ओवर फेंका। ऐसा गुजरात की पारी के 20वें ओवर में हुआ। अर्शदीप ने इस ओवर में 4 वाइड और 1 नो बॉल फेंकी। इसलिए इसे पूरा करने में उन्हें 11 गेंदें लगीं। ओवर में गुजरात ने 12 रन बनाए ।अर्शदीप से पहले मोहम्मद सिराज, तुषार देशपांडे, शार्दूल ठाकुर, संदीप शर्मा और हार्दिक पंड्या भी आईपीएल में 11-11 गेंद का ओवर फेंक चुके हैं।
- **दो प्लेयर्स ने डेब्यू किया** – तेज गेंदबाज अशोक शर्मा को गुजरात टाइटंस के लिए आईपीएल डेब्यू का मौका मिला। दूसरी ओर पंजाब किंग्स के कूपर कोनोली ने अपना पहला आईपीएल मैच खेला ।अशोक शर्मा ने गुजरात टाइटंस की तरफ से डेब्यू किया। वे डोमेस्टिक क्रिकेट में राजस्थान से खेलते हैं।

# प्रियांश ने सिक्स से खाता खोला



- पहले ओवर की 5वीं बॉल पर प्रियांश ने सिक्स से अपना और टीम का खाता खोला।



### आईपीएल में शानदार डेब्यू पर बोले प्लेयर ऑफ द मैच कोनोली, मैं ज्यादातर एक 'टेम्पो प्लेयर' हूं

पंजाब किंग्स के खिलाड़ी कूपर कोनोली ने प्लेयर ऑफ द मैच के बाद अपने शानदार आईपीएल डेब्यू प्रदर्शन के बाद खुशी जाहिर की है। पंजाब किंग्स ने मंगलवार को न्यू चंडीगढ़ के पीसीए के नए इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में अपने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के पहले मैच में गुजरात टाइटन्स (जीटी) पर तीन विकेट से जीत दर्ज की। उन्होंने कहा, मैं कुछ विश्व-स्तरीय खिलाड़ियों के साथ खेलने के अनुभव का बेसब्री से इंतजार कर रहा था, लेकिन आज रात जिस तरह का प्रदर्शन मैंने किया, उससे मैं बहुत खुश हूं। इससे पहले मैंने घर पर अपने दोस्तों और परिवार के साथ कुछ समय बिताया, ताकि मैं खुद को फिर से तरोताजा कर सकूं। इस ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने आगे कहा कि वह हालात के हिसाब से खेलना पसंद करते हैं। उन्होंने कहा, मैं ज्यादातर एक टेम्पो प्लेयर हूं; मैं अपने हाथों के प्रवाह (फ्लो2) को महसूस करता हूं और बहुत ज्यादा बड़े छक्के नहीं मारता... रिकी के साथ काम करना बहुत बढ़िया रहा। हमारी ज्यादा बातचीत नहीं हुई; हम काफी शांत थे और मैदान पर हमारी स्थिति भी काफी अच्छी थी। जेवियर के साथ मिलकर जीत हासिल करना बहुत अच्छा लगा और अब मैं टूर्नामेंट के बाकी मैचों का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं ।कोनोली ने पहली बार राशिद खान का सामना करने के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, यह पहली बार था जब मैंने राशिद खान के खिलाफ खेला; जीत हासिल करना बहुत अच्छा लगा। पंजाब किंग्स का अगला मुकाबला शुक्रवार को चेन्नई के एम.ए. चिदंबरम स्टेडियम में पाँच बार की चैंपियन टीम चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से होगा।

# शमी बोले- क्रिकेट से बोर हुआ तो ही रिटायरमेंट लूंगा

### अभी खेल का पूरा मजा ले रहा हूं

**लखनऊ (एजेंसी)।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने कहा कि वह अभी रिटायरमेंट के बारे में नहीं सोच रहे हैं। वे तभी क्रिकेट छोड़ेंगे जब उन्हें खेल से बोरियत होगी। चयन या उम्र उनके फैसले का आधार नहीं होंगे।

**परफॉर्मेंस पर फोकस, सिलेक्शन पर नहीं** – 35 साल के शमी पिछले एक साल से टीम इंडिया से बाहर हैं, जबकि उन्होंने घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया। बंगाल के लिए 67 विकेट लिए, लेकिन इसके बावजूद उन्हें राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं मिली।शमी ने कहा कि वे अपने प्रदर्शन पर ध्यान दे रहे हैं। उनके मुताबिक, एक खिलाड़ी के तौर पर वह अपनी जिम्मेदारी पूरी करेंगे, बाकी चयन उनके नियंत्रण में नहीं है।

**रिटायरमेंट का फैसला खुद लेंगे** – एक इंटरव्यू में शमी ने कहा कि जब खिलाड़ी के मन में रिटायरमेंट का ख्याल आता है, तो वह थक चुका होता है। उन्होंने कहा कि वह न तो थके हैं और न ही बोर हुए हैं। उन्होंने कहा, जिस दिन उन्हें लगेगा कि अब खेल में मजा नहीं आ रहा या आलस महसूस हो रहा है, उसी दिन वह क्रिकेट छोड़ देंगे।

**आईपीएल में नई टीम के साथ उतरेंगे** – शमी इस बार आईपीएल में लखनऊ सुपर जाएंट्स के लिए खेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि टीम ने उन पर भरोसा जताया है और वह उसे पूरा करने की कोशिश करेंगे।

## ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट का बड़ा फैसला

# मेक्सवेल को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में नहीं दी जगह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने 1 अप्रैल को 2026-27 सीजन के लिए 21 खिलाड़ियों की सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में कई बड़े बदलाव देखने को मिले हैं, जहां अनुभवी ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल सहित पांच खिलाड़ियों को बाहर कर दिया गया। इस फैसले ने क्रिकेट जगत में हलचल मचा दी है क्योंकि मैक्सवेल अभी भी इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने के इच्छुक हैं।

### मैक्सवेल और कोंस्टास समेत 5 खिलाड़ी बाहर

इस बार जिन खिलाड़ियों को कॉन्ट्रैक्ट नहीं मिला, उनमें ग्लेन मैक्सवेल, सैम कोंस्टास, झाय रिचर्डसन, मैथ्यू शॉर्ट और लांस मॉरिस शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, रिचर्डसन और मॉरिस की इंजरी उनके बाहर होने की बड़ी वजह रही, जबकि कोंस्टास और शॉर्ट फिलहाल सेलेक्टर्स की प्राथमिकता से बाहर हो गए हैं।

- **दो नए खिलाड़ियों की एंट्री-** नई कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में तेज गेंदबाज ब्रेंडन डोगेट और ओपनर जेक वेदराल्ड को पहली बार जगह मिली है। दोनों खिलाड़ियों ने 2025-26 एशेज सीरीज में डेब्यू किया था, और वेदराल्ड को टेस्ट ओपनर के तौर पर लंबा मौका मिलने के संकेत मिल रहे हैं।
- **चीफ सेलेक्टर जॉर्ज बेली का बड़ा बयान-** ऑस्ट्रेलिया के चीफ सेलेक्टर जॉर्ज बेली ने इस फैसले को लेकर कहा, 'अगले 12 महीनों में हमें अलग-अलग परिस्थितियों और चुनौतियों के बीच काफी व्यस्त टेस्ट शेड्यूल खेलना है।' उन्होंने आगे कहा, 'इसी वजह से इस बार कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में टेस्ट और मल्टी-फॉर्मेट खिलाड़ियों को ज्यादा प्राथमिकता दी गई है।' बेली



ने यह भी स्पष्ट किया, 'आगामी सीरीज के शेड्यूल को देखते हुए हमें कॉन्ट्रैक्ट में शामिल खिलाड़ियों के अलावा भी अन्य खिलाड़ियों की जरूरत पड़ेगी और हम उनका इस्तेमाल करते रहेंगे।' और साथ ही जोड़ा, 'इस साल पहले से ज्यादा जरूरी है कि हम राज्यों (डोमेस्टिक टीमों) के साथ मिलकर काम करें, ताकि खिलाड़ी लगातार विकसित हों और मौका मिलने पर इंटरनेशनल क्रिकेट के लिए पूरी तरह तैयार रहें।'

- **मैट रेनशॉ को नहीं मिला मौका-** मैट रेनशॉ ऐसे खिलाड़ी रहे, जिन्हें इस फैसले से सबसे ज्यादा निराशा हुई होगी।
- **ऑस्ट्रेलिया का टेस्ट शेड्यूल रहेगा बेहद व्यस्त-** आने वाले 12 महीनों में ऑस्ट्रेलिया को 15 टेस्ट मैच खेलने हैं, जिसमें 6 घरेलू मैच शामिल हैं।

टीम बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज खेलेगी, इसके बाद साउथ अफ्रीका दौरा और भारत में 5 टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2027 भी खेलेगी।

### सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट पाने वाले खिलाड़ी

जिन 21 खिलाड़ियों को कॉन्ट्रैक्ट मिला है, उनमें शामिल हैं : जेवियर बार्टलेट, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, पैट कमिंस, ब्रेंडन डोगेट, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मैथ्यू कुहनेमन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लायन, मिशेल मार्श, टॉड मर्फी, माइकल नेसर, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, जेक वेदराल्ड, ब्यू वेबस्टर और एडम जैंपा।

# पिछले साल की तुलना में आरसीबी में क्या आया बदलाव, कृणाल पांड्या ने खोला राज

**बेंगलुरू, एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के कृणाल पंड्या का कहना है कि टीम में पिछले साल की तुलना में ठहराव आया है और खिलाड़ियों को इस सत्र में अपनी भूमिकाओं के बारे में बखूबी पता है। आरसीबी आरसीबी ने 2025 में 18 साल में पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग खिताब जीता था और पंजाब किंग्स के खिलाफ फाइनल में कृणाल प्लेयर आफ द मैच थे जिन्होंने चार ओवर में 17 रन देकर दो विकेट लिए थे। आरसीबी ने मैच छह रन से जीता था। कृणाल ने टीम द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा, 'मेरा मानना है कि इस साल अधिक ठहराव आया है। पिछले साल यह नई टीम थी और सभी एक दूसरे को समझ रहे थे। इस साल खिलाड़ियों को अपनी भूमिका, एक दूसरे की ताकत और कमजोरी बखूबी पता है।' उन्होंने कहा, 'जब मैं बड़े मौकों पर खेलता हूं तो मुझे लगता है कि अगर भगवान आपको यहां तक लाए हैं तो कोई कारण होगा और मुझे लगता है कि ये बड़े मौके मेरे लिए ही बने हैं। मुझे दबाव महसूस होता है लेकिन मैं सोचता हूं कि कैसे शांतचित्त रहूं और जरूरत के मुताबिक खेलूं।' उन्होंने विराट कोहली का उदाहरण देते हुए कहा, 'विराट अच्छा उदाहरण हैं।



## मई-जून में बांग्लादेश और नीदरलैंड के खिलाफ

# ट्राई सीरीज खेलेगी स्कॉटलैंड की महिला टीम

**एडिनबर्ग, एजेंसी।** स्कॉटलैंड की महिला क्रिकेट टीम आईसीसी विमेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 से पहले बांग्लादेश और नीदरलैंड्स के खिलाफ टी20 ट्राई-सीरीज खेलेंगी। ये सीरीज द ग्रेंज क्लब में मई से जून के बीच आयोजित होगी। द ग्रेंज क्लब में होने वाली यह ट्राई-सीरीज 28 मई को शुरू होगी, जिसमें स्कॉटलैंड का मुकाबला नीदरलैंड्स से होगा। इसके बाद 30 मई को स्कॉटलैंड बांग्लादेश का सामना करेगा। 31 मई को बांग्लादेश का मुकाबला नीदरलैंड्स से होगा। यह सिलसिला 2 जून को भी जारी रहेगा, जब स्कॉटलैंड एक बार फिर बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा, उसके बाद 3 जून को स्कॉटलैंड का मुकाबला नीदरलैंड्स से होगा। इस सीरीज का आखिरी मैच 4 जून को होगा, जिसमें



नीदरलैंड्स का मुकाबला बांग्लादेश से होगा। इसी के साथ स्कॉटलैंड की महिला टीम सितंबर 2022 के बाद पहला घरेलू मुकाबला खेलेगी। तब से, टीम ने लगातार प्रगति दिखाई है। इस टीम ने लगातार दो विमेंस टी20 वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई करने के साथ वनडे और टी20 फॉर्मेट में वेस्टइंडीज, जिम्बाब्वे और आयरलैंड जैसी पूर्ण-सदस्य टीमों के खिलाफ शानदार जीत दर्ज की है। इस सीरीज के बाद, स्कॉटलैंड दो और वार्म-अप मैच खेलने के लिए इंग्लैंड जाएगी। इसके बाद, 13 जून को ओल्ड ट्रैफर्ड में आयरलैंड के खिलाफ मुकाबले के साथ अपना टी20 वर्ल्ड कप अभियान शुरू करेगी।

कप्तान कैथरीन ब्राइस को एडिनबर्ग में घरेलू फैंस के सामने खेलने का बेसब्री से इंतजार है। स्कॉटलैंड क्रिकेट की ओर से जारी एक बयान में उन्होंने कहा, 'मैं अपने गृहनगर एडिनबर्ग में खेलने के इस मौके को लेकर बहुत उत्साहित हूं।

## न्यूज बाइट्स

### दाउदनगर के 35वें स्थापना दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन

**दाउदनगर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** दाउदनगर अनुमंडल के 35वें स्थापना दिवस के अवसर पर लखन मोड़ स्थित न्यूटन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी परिसर में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के विकास, शिक्षा और युवाओं के भविष्य को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने दाउदनगर के गौरवशाली इतिहास, उसकी विकास यात्रा और आने वाले समय की संभावनाओं पर अपने विचार साझा किए। इस दौरान शिक्षा के स्तर को मजबूत करने, युवाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने और क्षेत्रीय विकास को गति देने जैसे मुद्दों पर विशेष जोर दिया गया। गोष्ठी में यह भी कहा गया कि दाउदनगर ने पिछले वर्षों में विकास के कई आयाम स्थापित किए हैं, लेकिन अभी भी कई क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता है।

### सड़क किनारे जमा बालू से बढ़ी परेशानी, हादसों का खतरा तेज

**दाउदनगर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** दाउदनगर–गया जी रोड पर भखरुआं मोड़ से लेकर बुधन बीगहा गांव तक सड़क किनारे जमा बालू की समस्या एक बार फिर गंभीर रूप से सामने आई है। इसको लेकर स्थानीय निवासी सतीश पाठक ने पथ निर्माण मंत्री को आवेदन भेजकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। सतीश पाठक ने अपने आवेदन में स्पष्ट किया है कि सड़क के दोनों किनारों पर अत्यधिक मात्रा में बालू जमा हो जाने से सड़क की चौड़ाई काफी कम हो गई है। इससे वाहनों का आवागमन प्रभावित हो रहा है और दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। खासकर नसरिगंज पुल के पास स्थिति और अधिक चिंताजनक बनी हुई है, जहां पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। यह समस्या कोई नई नहीं है।

### नाबालिग बच्ची को भगाने की प्राथमिकी दर्ज

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** औरंगाबाद नगर थाना क्षेत्र के योद्धा नगर मुहल्ला से एक बच्ची को भगा ले जाने की प्राथमिकी नगर थाना में दर्ज कराई गई है। महिला ने प्राथमिकी दर्ज कराते हुए कहा है कि उनकी 16 वर्षीय पुत्री मवेशी अस्पताल के बगल में होटल में काम करती है। जिस मकान में रहती है वहां एक लड़का रहता है। होटल चलाने वाली सोनी देवी और एक लड़के रितिक पर बच्ची को भगा ले जाने का आरोप लगाया गया है।

### संकट मोचन मंदिर में अखंड कीर्तन शुरू

**अम्बा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** अम्बा बाजार के औरंगाबाद रोड स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में बुधवार से धार्मिक अनुष्ठानों की शुरुआत हुई। यह आयोजन संकट मोचन हनुमान भक्त समिति के द्वारा किया जा रहा है। चैत्र पूर्णिमा के अवसर पर विधि-विधान से पूजन कर 24 घंटे के अखंड कीर्तन का शुभारंभ किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर जय श्री राम और वीर हनुमान के जयकारों से गूंज उठा। कीर्तन में स्थानीय नेउरा, घेउरा, भट्ट बिगहा, सरडीहा, चांद खाप, नोनिया बिगहा, खैरा, खैरा हरनाथ, गंगहर, बेदौली, लखया, शाहपुर, कसौटी, ढूंढा, सिमरा आदि कीर्तन मंडलियों के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं।

पश्चिम एशिया संकट के बीच औरंगाबाद में जरूरी सेवाओं पर प्रशासन की पैनी नजर

# जिले में 113 पेट्रोल पंप संचालित, पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता सामान्य

- 24×7 जिला नियंत्रण कक्ष सक्रिय (फोनः 06186-295027, मोबाइलः 9470286004
- कालाबाजारी रोकने हेतु 11 प्रखंड व 6 नगर निकायों में विशेष छापेमारी दल



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध की परिस्थितियों को देखते हुए औरंगाबाद जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। इसी कड़ी में समाहरणालय स्थित योजना भवन सभाकक्ष में आयुक्त, मगध प्रमंडल, गया सफीना ए.एन. की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई, जिसमें आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता, प्रवासी श्रमिकों की स्थिति तथा आपदा प्रबंधन सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर व्यापक चर्चा हुई। बैठक में एलपीजी गैस आपूर्ति, बुकिंग के विरुद्ध वितरण, जिला नियंत्रण कक्ष की कार्यप्रणाली, पीएनजी विस्तार, खाद्यान्न अधिप्राप्ति, उर्वरकों की उपलब्धता एवं कालाबाजारी के विरुद्ध कार्रवाई की विस्तृत समीक्षा की गई। आयुक्त ने सभी संबंधित विभागों को त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने बताया कि जिले में कुल 37 गैस एजेंसियां कार्यरत हैं, जिनके माध्यम से 4,88,351 एलपीजी कनेक्शन संचालित हैं। वर्तमान में 10,312 गैस सिलेंडर का भंडार उपलब्ध है और आपूर्ति सामान्य बनी हुई है। जिले के 06 गैस एजेंसियों को अति संवेदनशील चिन्हित कर वहां दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की तैनाती की गई है, जबकि अन्य एजेंसियों की निगरानी के लिए भी विशेष टीमों का गठन किया गया है। अब तक कुल 96 छापेमारी और जांच अभियान चलाए जा चुके हैं। जिले में कुल 113 पेट्रोल पंप संचालित हैं, जहां पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता सामान्य पाई गई है। एलपीजी एवं ईंधन की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 24×7 जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका संपर्क नंबर 06186-295027 एवं मोबाइल नंबर 9470286004 है। यहां प्राप्त शिकायतों का त्वरित समाधान किया जा रहा है। प्रशासन ने कालाबाजारी, जमाखोरी और मूल्य वृद्धि पर रोक लगाने के लिए 11 प्रखंडों एवं 6 नगर निकायों में विशेष छापेमारी दल गठित किए हैं। अब तक किसी भी आवश्यक वस्तु के मूल्य में अप्रत्याशित वृद्धि की सूचना नहीं मिली है। पीएनजी (पाइपलाइन गैस) के विस्तार को लेकर भी समीक्षा की गई। फिलहाल 11 व्यावसायिक संस्थानों को चिन्हित किया गया है, जिनमें से 3 में कनेक्शन स्थापित हो चुका है, जबकि अन्य में कार्य प्रगति पर है। आईओसीएल के अनुसार लगभग 9000 उपभोक्ताओं को पाइपलाइन गैस से जोड़ा जा सकता है, लेकिन वर्तमान में केवल 1504 उपभोक्ता ही इसका लाभ ले रहे हैं। आयुक्त ने शेष उपभोक्ताओं को प्राथमिकता के आधार पर जोड़ने के निर्देश दिए। ओटीपी एवं गैस वितरण से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए अनुमंडल स्तर पर नियमित बैठक आयोजित करने तथा व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी प्रकार की अफवाह न फैले। आपदा प्रबंधन की दृष्टि से जिले में 628 पॉलिथिन शीट, 31 गोताखोर, 13 नाव, 10 हूटर, 9 लाइफ जैकेट, 1 महाजाल एवं 1 इन्फ्लेटेबल लाइट उपलब्ध है। साथ ही 50 मानव राहत शिविर एवं 33 पशु शरण स्थल चिन्हित किए गए हैं। प्रवासी श्रमिकों के संदर्भ में बताया गया कि खाड़ी देशों में कार्यरत जिले के करीब 1200 श्रमिकों की पहचान की गई है। फिलहाल बड़े पैमाने पर श्रमिकों के लौटने की कोई सूचना नहीं है और जिले की औद्योगिक इकाइयां भी सामान्य रूप से संचालित हो रही हैं। खाद्यान्न की स्थिति भी संतोषजनक है। 30 मार्च 2026 तक जिले में 7105.11 क्विंटल गेहूं एवं 42633.88 क्विंटल चावल उपलब्ध है, जबकि सीएमआर लक्ष्य के विरुद्ध 44,080 एमटी की प्राप्ति हो चुकी है। उर्वरकों की उपलब्धता भी पर्याप्त बताई गई है। बैठक में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्वेतांक लाल, वरीय उप समाहर्ता रितेश कुमार यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं इंडियन ऑयल, एलपीजी एवं पीएनजी से जुड़े प्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी परिस्थिति में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बाधित नहीं होने दी जाएगी और आम जनता के हितों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता बनी रहेगी।

## सड़क हादसे में महिला की मौत के बाद सदर अस्पताल में हंगामा



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिले में सड़क हादसे में 22 वर्षीय महिला की मौत के बाद सदर अस्पताल में भारी हंगामा हो गया, जिससे करीब तीन घंटे तक ओपीडी सेवाएं पूरी तरह बाधित रहीं। स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई कि ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ को ओपीडी छोड़कर हटना पड़ा। बाद में पुलिस के हस्तक्षेप से मामला शांत कराया गया। मृतका की पहचान रफीगंज थाना क्षेत्र के सैफगंज गांव निवासी अजीत कुमार की पत्नी नीलू कुमारी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, अजीत कुमार अपनी पत्नी और बच्चे के साथ इलाज कराने औरंगाबाद आए थे। इलाज के बाद जब वे बाइक से घर लौट रहे थे, तभी फेसर थाना क्षेत्र के नतलाल बिगहा गांव के पास बाइक अनियंत्रित हो गई, जिससे नीलू कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गईं।

स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिजन आक्रोशित हो उठे और अस्पताल परिसर में हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया, जिससे अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हंगामा बढ़ने पर ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर अभिषेक कुमार समेत अन्य चिकित्सक और मेडिकल स्टाफ सुरक्षा कारणों से ओपीडी छोड़कर हट गए। इस दौरान इलाज के लिए आए कई मरीजों को बिना उपचार के ही लौटना पड़ा, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई। सूचना मिलने पर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. आशुतोष कुमार मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन आक्रोशित लोग डॉक्टरों को बुलाने की मांग पर अड़े रहे। इसके बाद नगर थाना की पुलिस को बुलाया गया, जिसने मौके पर पहुंचकर हालात को नियंत्रित किया। अस्पताल प्रबंधन की ओर से परिजनों को सीसीटीवी फुटेज भी दिखाया गया, जिसमें मरीज के अस्पताल पहुंचते ही जांच और ईसीजी की प्रक्रिया दिखाई गई। डॉक्टरों का कहना है कि महिला की मौत अस्पताल पहुंचने से पहले ही हो चुकी थी।

## औरंगाबाद में एलपीजी आपूर्ति व्यवस्था हो रही सुदृढ़, होम डिलीवरी पर विशेष जोर



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिले में आम उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने एलपीजी गैस सिलेंडर की आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन की इस पहल के तहत अब होम डिलीवरी सिस्टम को प्राथमिकता के आधार पर मजबूत किया जा रहा है, ताकि उपभोक्ताओं को समय पर और बिना किसी परेशानी के गैस सिलेंडर उपलब्ध हो सके। डीएम के निर्देशानुसार सभी गैस एजेंसियों को सख्त हिदायत दी गई है कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर उपभोक्ताओं तक सिलेंडर की डिलीवरी सुनिश्चित करें। साथ ही वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने, कालाबाजारी पर रोक लगाने और किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी गई है। प्रशासन ने निगरानी व्यवस्था को भी सुदृढ़ किया है। इसके लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है, जो नियमित रूप से गैस एजेंसियों के स्टॉक, वितरण प्रक्रिया और कार्यप्रणाली की जांच कर रही हैं। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि किसी भी उपभोक्ता को अनावश्यक देरी या अतिरिक्त शुल्क का सामना न करना पड़े।

जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि उपभोक्ताओं की सुविधा सर्वोपरि है और रसोई गैस जैसी आवश्यक वस्तु की आपूर्ति में किसी भी प्रकार की बाधा स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि यदि कहीं भी अनियमितता या समस्या सामने आती है, तो तत्काल प्रशासन को सूचित करें, ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके। इस पहल से जिले में एलपीजी आपूर्ति व्यवस्था में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ने की उम्मीद है, जिससे आम लोगों को राहत मिलेगी और आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

## बैडमिंटन चयन ट्रायल प्रतियोगिता संपन्न प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की हुई पहचान




एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

मुख्यमंत्री खेल विकास योजना के अंतर्गत एकलव्य राज्य आवासीय खेल प्रशिक्षण केंद्र के लिए खिलाड़ियों के चयन को लेकर औरंगाबाद के इंडोर स्टेडियम में बैडमिंटन खेल विधा की चयन ट्रायल प्रतियोगिता आयोजित की गई। यह आयोजन बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना के निर्देशानुसार संपन्न हुआ, जिसमें बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ियों की सहभागिता सुनिश्चित की गई। प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु पूर्व से ही सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई थीं। चयन ट्रायल में खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों में बालक वर्ग में कुल 24 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जबकि बालिका वर्ग में तृषा वर्मा, अंजली कुमारी एवं आंशिका कुमारी ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजन के दौरान संबंधित पदाधिकारी एवं शारीरिक शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं, जिन्होंने पूरी चयन प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराया।

प्रतियोगिता के उपरांत चयनित खिलाड़ियों की सूची तैयार कर प्रमाण पत्र नियमानुसार अग्रसारित कर दिए गए हैं। जिला खेल पदाधिकारी कुमार पप्पू राज ने बताया कि इस चयन ट्रायल का मुख्य उद्देश्य जिले एवं राज्य के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें एकलव्य राज्य आवासीय खेल प्रशिक्षण केंद्र में उच्चस्तरीय प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है। इससे खिलाड़ी भविष्य में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे और अपने क्षेत्र व राज्य का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर बैडमिंटन कोच निशांत कुमार, प्रशिक्षक सुभाष कुमार पंजियार, अमरनाथ सिंह, राजू पासवान, अजय कुमार, भूषण एवं पूजा कुमारी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## दिव्यांगों के बीच बैट्री चलित ट्राईसाइकिल का हुआ वितरण

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** हसपुरा प्रखंड मुख्यालय स्थित बुनियादी केंद्र पर सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत बुधवार को दर्जनों दिव्यांगजनों को बैट्री चलित ट्राईसाइकिल वितरित की गई। बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी और बुनियादी केंद्र प्रभारी मो. इमरान अहमद ने हरी झंडी दिखाकर सभी को रवाना किया। राजेंद्र चौधरी, सन्नी कुमार, राम लखन यादव समेत 15 दिव्यांगों के चेहरे ट्राइसाइकिल पाकर खिल उठे और उन्होंने सरकार की इस पहल की सराहना की। बीडीओ ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। बैट्री वाली ट्राइसाइकिल मिलने से अब इन लोगों को आवागमन के लिए दूसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। विशेष रूप से पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं और छोटे स्तर के रोजगार से जुड़े लोगों के लिए यह वरदान साबित होगी। लाभार्थियों को केवल साइकिल ही नहीं, बल्कि सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखा गया।

## गजना महोत्सव की तैयारियां तेज, 8-9 अप्रैल को सजेगा सांस्कृतिक और खेलकूद का मंच

निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगाबाद)

नवीनगर प्रखंड के गजना धाम मंदिर परिसर में आगामी 8 एवं 9 अप्रैल को आयोजित होने वाले गजना महोत्सव को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी सिलसिले में बुधवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता उप विकास आयुक्त अनन्या कुमारी ने की, जबकि संचालन बीडीओ अरुण कुमार सिंह ने किया। बैठक में महोत्सव को भव्य और आकर्षक बनाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की गई। प्रशासन की ओर से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आयोजन शांतिपूर्ण, व्यवस्थित और सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। बीडीओ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि यह महोत्सव दो दिवसीय होगा, जिसमें सांस्कृतिक और खेलकूद कार्यक्रमों का समावेश किया गया है। 8 अप्रैल को पहले दिन हिंदी बॉलीवुड की चर्चित गायिका भव्या पंडित की प्रस्तुति मुख्य आकर्षण होगी, जिसे लेकर स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

इसके अलावा स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए पेंटिंग, मेहंदी और रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिससे बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। 9 अप्रैल को दूसरे दिन क्षेत्रीय कलाकारों एवं विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक और संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे, जो स्थानीय कला और परंपरा को मंच प्रदान करेंगे। खेलकूद के अंतर्गत कबड्डी प्रतियोगिता के सीनियर एवं जूनियर वर्ग के मुकाबले आयोजित होंगे, वहीं पारंपरिक खेल कुश्ती भी इस महोत्सव का प्रमुख आकर्षण रहेगी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को उभरने का अवसर मिलेगा। बैठक में गजना न्यास समिति के अध्यक्ष अवध बिहारी दास, जिला पार्षद सदस्य हरी राम, मुखिया जयप्रकाश सिंह, पीओ कुमार नीरज, बीपीएम नवचंद्र गहरवार, बीईओ राजनारायण राय, एसआई अभिषेक कुमार, पूर्व मुखिया राजेश कुमार सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रशासन और आयोजन समिति की ओर से महोत्सव को सफल बनाने के लिए सभी स्तरों पर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। यह आयोजन न केवल क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का अवसर बनेगा, बल्कि स्थानीय प्रतिभाओं को पहचान दिलाने का भी महत्वपूर्ण मंच साबित होगा।

## राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर औरंगाबाद में तेज हुई तैयारियां, न्यायिक पदाधिकारियों की बैठक



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

आगामी 09 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जिले में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल के प्रकोष्ठ में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी लाल बिहारी पासवान की अध्यक्षता में न्यायिक पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में दीवान फहद खान, संदीप कुमार सिंह, प्रदीप चंद्रा, अनीस कुमार, अभय सिंह, प्रेरणा सिंह, कुमार अभिजीत राय, सूरज प्रकाश एवं गीतांजलि सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सचिव तान्या पटेल ने लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण को लेकर विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि इस बार समय सीमित है, इसलिए सभी प्रक्रियाओं को तेजी से पूरा करना आवश्यक है, ताकि अधिक से अधिक वादों का निष्पादन सुनिश्चित किया जा सके।

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी लाल बिहारी पासवान ने सभी न्यायिक पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने न्यायालयों में लंबित सुलहनीय वादों की पहचान कर संबंधित पक्षकारों को नोटिस जारी करें और इसकी अद्यतन जानकारी शीघ्र जिला विधिक सेवा प्राधिकार को उपलब्ध कराएं। इससे समय रहते प्री-काउंसलिंग कर मामलों का निपटारा आसान होगा। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने अपने-अपने न्यायालयों से संबंधित वादों की सूची जल्द उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। ज्ञात हो कि 09 मई 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल संचालन के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। सचिव तान्या पटेल ने कहा कि लोक अदालत सुलह के आधार पर त्वरित न्याय प्रदान करने का सशक्त माध्यम है, जिससे आम लोगों को शीघ्र राहत मिलती है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। साथ ही, जो भी व्यक्ति अपने सुलहनीय वाद का निस्तारण कराना चाहते हैं, वे किसी भी कार्य दिवस में जिला विधिक सेवा प्राधिकार कार्यालय में पहुंचकर आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## स्पीड ब्रेकर पर बाइक उछली महिला की हुई दर्दनाक मौत

निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)

जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भोला बीघा के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसे में महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान रफीगंज थाना क्षेत्र के सैफगंज गांव निवासी अजीत कुमार की पत्नी नीलू देवी के रूप में की गई है। इस दुर्घटना में पति अजीत कुमार को मामूली चोटें आईं, जबकि उनका पुत्र आर्यन कुमार बाल-बाल बच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अजीत कुमार अपनी पत्नी और पुत्र के साथ बाइक से औरंगाबाद से अपने गांव सैफगंज लौट रहे थे। इसी दौरान भोला बीघा के पास बने स्पीड ब्रेकर पर अचानक बाइक उछल गई, जिससे पीछे बैठी नीलू देवी सड़क पर गिर गईं और उनके सिर में गंभीर चोट लग गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई और परिजनों को इलाज के लिए तुरंत अस्पताल ले जाया गया।

रास्ते में एंबुलेंस की मदद से तीनों को सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने नीलू देवी को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे और इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा करने लगे। परिजनों का आरोप था कि अस्पताल में समय पर सही इलाज नहीं किया गया, ऑक्सीजन नहीं लगाई गई और लापरवाही के कारण महिला की जान चली गई। वहीं अस्पताल प्रबंधन ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि महिला को बेहोशी की हालत में लाया गया था और उनकी मृत्यु लगभग हो चुकी थी। प्रबंधन के अनुसार किसी भी मरीज की मृत्यु की पुष्टि के लिए ईसीजी जांच की प्रक्रिया अपनाई जाती है, ताकि किसी प्रकार का विवाद न हो। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए नगर थानाध्यक्ष बबन बैठा सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा और लोगों को समझाकर मामला शांत कराया गया। अस्पताल अधीक्षक डॉ. आशुतोष कुमार एवं प्रबंधक प्रफुल्लकांत निराला ने भी परिजनों को समझाने का प्रयास किया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस घटना ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा, स्पीड ब्रेकर की गुणवत्ता और अस्पताल व्यवस्था को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

## प्रख्यात शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ विजय करण के निधन पर शोक, शब्दवीणा परिवार ने जताई गहरी संवेदना



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

मगध क्षेत्र के प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ एवं राष्ट्रीय साहित्यिक-सांस्कृतिक संस्था शब्दवीणा के राष्ट्रीय संरक्षक मंडल के सदस्य डॉ विजय करण के निधन पर शोक की लहर दौड़ गई है। उनके निधन पर शब्दवीणा परिवार सहित चिकित्सा और साहित्य जगत ने गहरा दुःख व्यक्त किया है। शब्दवीणा की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रश्मि प्रियदर्शनी ने इसे न केवल संस्था बल्कि पूरे गया समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया। उन्होंने कहा कि डॉ विजय करण का व्यक्तित्व अत्यंत स्नेहिल, प्रेरणादायक और उत्साहवर्धक था। वे चिकित्सा क्षेत्र में अपनी सेवाओं के साथ-साथ साहित्यिक गतिविधियों में भी सक्रिय भूमिका निभाते रहे। डॉ रश्मि ने उनकी स्मृतियों को साझा करते हुए बताया कि गत वर्ष 8 अक्टूबर को जीबीएम कॉलेज में एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित संगोष्ठी में डॉ विजय करण मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे।

उस अवसर पर उनके विचार और व्यक्तित्व ने सभी को प्रभावित किया था। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि जीवन अनिश्चित है और यह कहना कठिन होता है कि किससे हमारी अंतिम मुलाकात कब हो जाए, लेकिन डॉ विजय करण सदैव सभी की स्मृतियों में जीवित रहेंगे।

शब्दवीणा के राष्ट्रीय मुख्य संरक्षक महावीर बजाज, राष्ट्रीय सचिव महावीर सिंह वीर, राष्ट्रीय संरक्षक मंडल के सदस्य प्रो डॉ शंभु कुशाग्र, प्यारचन्द कुमार मोहन, अजीत अग्रवाल, पुरुषोत्तम तिवारी, डॉ राधानंद सिंह, राजन सिजुआर सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी उनके निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। सभी ने एक स्वर में कहा कि डॉ विजय करण का योगदान चिकित्सा, साहित्य और समाज सेवा के क्षेत्र में सदैव याद रखा जाएगा। उनके निधन से जो शून्य उत्पन्न हुआ है, उसकी भरपाई संभव नहीं है।

## तीन नए थानों ने शुरू किया काम सुरक्षा व्यवस्था को मिलेगा मजबूती

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिले में कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ करने की दिशा में एक अहम पहल के तहत तीन नए थानों—कंचनपुर, देवजरा और आंजन में बुधवार से विधिवत कामकाज शुरू हो गया है। ये तीनों थाना क्षेत्र क्रमशः देव प्रखंड के कंचनपुर तथा मदनपुर प्रखंड के देवजरा और आंजन में स्थित हैं। इन थानों के भवन का निर्माण कार्य पहले ही पूरा हो चुका था, जिसके बाद अब यहां प्रशासनिक गतिविधियां प्रारंभ कर दी गई हैं। हालांकि फिलहाल इन थानों में सीधे प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज करने की सुविधा शुरू नहीं की गई है। यहां प्राप्त होने वाले सभी आवेदन संबंधित पुराने थानों को भेजे जाएंगे, जहां औपचारिक रूप से प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। व्यवस्था के अनुसार कंचनपुर थाना से जुड़े मामलों की एफआईआर देव थाना में दर्ज होगी, जबकि देवजरा और आंजन थाना क्षेत्र के मामलों की प्राथमिकी मदनपुर थाना में दर्ज की जाएगी। जिले के पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने जानकारी देते हुए बताया कि तीनों नए थानों में पुलिस पदाधिकारियों और बल की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है। यहां सामान्य थानों की तरह गश्ती, निगरानी और अन्य पुलिस कार्य शुरू कर दिए गए हैं, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी।

उन्होंने यह भी बताया कि इन थानों के अधिकार क्षेत्र (जूरिस्डिक्शन) को लेकर प्रस्ताव वरीय अधिकारियों को भेजा गया है। स्वीकृति मिलने के बाद इन थानों का कार्यक्षेत्र निर्धारित किया जाएगा और तब यहां भी नियमित रूप से प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

भाजपा सांसद और भोजपुरी अभिनेता मनोज तिवारी का औरंगाबाद दौरा

## बंगाल में भाजपा की सरकार तय : मनोज तवारी



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

भाजपा सांसद और भोजपुरी अभिनेता मनोज तिवारी ने औरंगाबाद दौरे के दौरान कई राजनीतिक मुद्दों पर खुलकर अपनी बात रखी। उन्होंने दावा किया कि इस बार पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी, जबकि असम में पार्टी पहले से मजबूत स्थिति में है और वहां जीत लगभग तय है। उन्होंने यह भी कहा कि केरल और तमिलनाडु में भी भाजपा बेहतर प्रदर्शन करेगी और गठबंधन के साथ सरकार बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। मनोज तिवारी पोइवां गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। इससे पहले उन्होंने औरंगाबाद शहर में रोड शो किया और लोगों से संपर्क साधा। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देशभर में लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझने और विश्वास जीतने का काम कर रही है। नक्सलवाद के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि देश में इसका लगभग अंत हो चुका है, हालांकि इस संघर्ष में देश को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने बताया कि करीब 20 हजार निर्दोष लोगों की जान गई, जिनमें बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों के जवान भी शामिल हैं। उनके अनुसार, वर्ष 2014 के बाद केंद्र सरकार ने नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए लगातार अभियान चलाया, जिसके परिणामस्वरूप करीब 4500 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया गया। साथ ही लगभग 2000 नक्सलियों की गिरफ्तारी भी हुई है।

उन्होंने कहा कि सत्ता का रास्ता लोकतंत्र और संविधान से होकर गुजरता है, न कि हिंसा से। बिहार की राजनीति पर बोलते हुए उन्होंने संकेत दिया कि मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर जल्द ही फैसला सामने आएगा।